कुमारसम्भवः

महाकवि कालीदास कृत
और उसका
हिन्दीभाषा मे अनुवाद पण्डित
श्रीसुख दयाल शास्त्री कृत ॥
सप्तम सर्ग पर्य्यन्त ॥

The
Kumára Sambhava
by Kalidása
with its Hindi translation by
Pandit Sukhdyál Shástri
Published under the auspice of the
Punjab University College
1882.

पञ्जाब महाविद्यालयके निमित्त
सन् १८८२ ईसवी
अञ्जुमन इ पञ्जाब प्रेस मे मुद्रित ॥

ॐ तत्सत् ॥

अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा हिमालयो नाम नगाधिराजः पूर्वापरौ तोयनिधीवगाह्य स्थितः पृथिव्या इव मानदण्डः १ यं सर्वशैलाः परिकल्प्य वत्सम् मेरौ स्थिते दोग्धरि दोहदक्षे भास्वन्ति रत्नानि महौषधीश्च पृथूपदिष्टां दुदुहुर्धरित्रीम् २ अनन्तरत्नप्रभवस्य यस्य हिमं न सौभाग्यविलोपि जातम् एको हि दोषो गुणसन्निपाते निमज्जतीन्दोः किरणेष्विवाङ्कः ३ यश्चाप्सरोविभ्रममण्डनानां सम्पादयित्रीं शिखरैर्बिभर्ति बलाहकच्छेदविभक्तरागामकालसन्ध्यामिव धातुमत्ताम् ४ ॥

भारतवर्ष की उत्तर दिशा में देवताओं का निवास भूमि पूर्व समुद्र से पश्चिम समुद्र तक पृथिवी के मान दंड की नाईं हिमालय नाम से प्रसिद्ध पर्वतों का राजा (सब से बड़ा पर्वत) है १ राजा पृथु की आज्ञा मान कर गौ बनी हुई पृथ्वी से सारे पर्वतों ने जिस हिमालय को बछड़ा बनाके दोहने में चतुर ग्वाल बने हुए सुमेरु पर्वत के द्वारा बड़ी बड़ी औषधि और बड़े बड़े आश्चर्य रत्न दोह लिये २ और जिस हिमालय से इतने रत्न उपजते हैं कि गिने नहीं जाते इसी से दुख देने वाला हिम भी उस की शोभा ही बढ़ाता था क्योंकि बहुत से गुण एक दोष को छिपा लेते हैं जैसे पूर्णमासी के चंद्रमा की किरणें कलंक को छिपाती हैं ३ मेघों के खंडों से चित्र वर्ण और अप्सराओं को अपने स्वामी के पास जाने योग्य शृंगार कराती हुई अकाल संध्या के समान गेरी आदि धातु जिस के शिखरों में प्रतीति हो रहे हैं ४ ॥

आमेखलं सञ्चरतां घनानां छायामधस्सानुगतां निषे
व्य उद्वेजिता वृष्टिभिराश्रयन्ते श्रृङ्गाणि यस्यातपवन्ति सि
द्धाः ५ पदं तुषारस्रुतिधौतरक्तं यस्मिन्नदृष्ट्वापि हतद्वि
पानाम् विदन्ति मार्गं नखरन्ध्रमुक्तैर्मुक्ताफलैः केश
रिणां किराताः ६ न्यस्ताक्षराधातुरसेन यत्र भूर्जत्व-
चः कुञ्जरविन्दुशोणाः व्रजन्ति विद्याधरसुन्दरीणा
मनङ्गलेखक्रिययोपयोगम् ७ यः पूरयन्कीचकर
न्ध्रभागान् दरीमुखोत्थेन समीरणेन उद्गास्यतामिच्छ
ति किन्नराणां तानप्रदायित्वमिवोपगन्तुम् ८ कपो-
लकण्डूः करिभिर्विनेतुं विघट्टितानां सरलद्रुमाणा-
म् यत्र स्रुतक्षीरतया प्रसूतः सानूनि गन्धः सुरभीकरो
ति ९ ॥ तड़ागी (नितंब) तक घूमते हुए मेघों की छाया में नीचे के
शिखरों पर वर्षा से बहुत दुखित होके सिद्ध जन धूप सेकने के लिये जिस
हिमालय के ऊपरले शिखरों पर चढ़ जाते हैं ५ और जिस हिमालय के
सब स्थानों में पानी की अधिकता से हाथियों को मार कर गये हुए सि-
हों के पाओं का चिह्न लोहू के धुल जाने से भूमि पर न देख के भी भी
ल लोग सिंहों के नखों से गिरे हुए मोतियों को देख कर सिंहों का मार्ग
जानते हैं ६ सिंदूर आदि धातु बहने से हाथियों के मद कणों की
नाईं रक्त वर्ण काम को जगाती हुई अक्षरों की पत्रिका के समान भू-
र्ज पत्र जिस हिमालय में अप्सराओं के काम में आते हैं ७ और जो
हिमालय गुफा नामी अपने मुख से निकले हुए वायु को बांस के
छेदों में भर कर ऊंचे स्वर से गाते हुए किन्नरों के साथ तान देने
की इच्छा करता है ८ और माथे की खाज हटाने के लिये हा-
थियों की रगड़ से बहते हुए साल वृक्षों के दूध का गंध जि-
स हिमालय के सीगों को सुगंधि युक्त करता हैं ९ ॥

वनेचराणांवनितासखानां दरीगृहोत्सङ्ग-निषक्तभा
सः भवन्तियत्रौषधयोरजन्यामतैलपूराःसुरतप्रदीपाः
१० उद्वेजयत्यङ्गुलिपार्ष्णिभागान् मार्गेशिलीभूतहिमे
ऽपियत्र नदुर्वहश्रोणिपयोधरार्त्ता भिन्दन्तिमन्दांग
तिमश्वमुख्यः ११ दिवाकराद्रक्षतियोगुहासु लीनंदि
वाभीतमिवान्धकारम् क्षुद्रेऽपिनूनंशरणंप्रपन्ने म
मत्वमुच्चैःशिरसांसतीव १२ लाङ्गूलविक्षेपविसर्पिशो
भैरितस्ततश्चन्द्रमरीचिगौरैः यस्यार्थयुक्तंगिरिराज
शब्दंकुर्वन्तिवालव्यजनैश्चमर्य्यः १३ यत्रांशुकाक्षे
पविलज्जितानां यदृच्छयाकिम्पुरुषाङ्गनानाम् द
रीगृहद्वारविलम्बिबिम्बास्तिरस्करिण्योजलदाभ
वन्ति १४ ॥

जिस हिमालय में रात्रि के समय गुफाओं के अं
दर भी विना तेल के प्रकाश करती हुई औषधियें अपनी अपनी
स्त्रियों के साथ क्रीड़ा करते हुए भीलों के दीप बनते हैं १० जिस
हिमालय में जंघा और कुचों के भार से पीड़ित किन्नरियां मार्ग
के सघन हिम से पाओं के दोऊ पासे सड़ने पर भी अपनी विला
स की सहज गति नहीं छोड़ती हैं ११ और जो हिमालय दिन में सू
र्य से डरे हुए की नाईं गुफाओं में छिपे अंधेरे की रक्षा करता है क्यों
कि प्रतिष्ठित लोग शरण में आए सज्जनों और दुष्टों को एक से ही
जान कर रक्षा करते हैं १२ और चमरी गौ सब अनेक स्थानों में
पुच्छ फेंकने से बहुत शोभित चांदनी के समान गौर वर्ण पुच्छ
के केशों से जिस हिमालय के गिरिराज शब्द को सार्थक क
रती हैं १३ और जिस हिमालय में स्वभाव से गुफाओं के द्वा
र पर लमके हुए मेघही वस्त्रों के उतारने से लज्जित किन्न
रियों की जवनिका (कनात) बन जाते हैं १४ ॥

भागीरथीनिर्झरशीकराणां वोढामुहुःकम्पितदेव
दारुः यद्वायुरन्विष्टमृगैः किरातै रासेव्यतेभिन्नशिख
ण्डिबर्हः १५ सप्तर्षिहस्तावचितावशेषा ण्यधोविवस्वा
न्परिवर्त्तमानः पद्मानियस्याग्रसरोरुहाणि प्रबोधय
त्यूर्द्ध्वमुखैर्म्मयूखैः १६ यज्ञाङ्गयोनित्वमवेक्ष्ययस्य
सारंधरित्रीधरणक्षमञ्च प्रजापतिःकल्पितयज्ञभा
गं शैलाधिपत्यंस्वयमन्वतिष्ठत् १७ समानसींमेरुस
खःपितॄणां कन्यांकुलस्यस्थितयेस्थितिज्ञः मेनांमु
नीनामपिमाननीया मात्मानुरूपांविधिनोपयेमे
१८ कालक्रमेणाथतयोःप्रवृत्ते स्वरूपयोग्येसुर
तप्रसङ्गे मनोरमंयौवनमुद्वहन्त्या गर्भोऽभवद्भू
धरराजपत्न्याः १९ ॥

गंगा के प्रवाह से जल कणों को अपने साथ लेआते बार बार
देवदारु वृक्षों को हिलाते और मोरों के पंख उड़ाते जिस हिमाल
य के वायु को सेवने के लिये मृगों के पीछे पीछे घूमते किरा
त (भील) भोगते हैं १५ जिस हिमालय के शिखरों पर तलाओं
में मरीचि आदि सात ऋषियों के तोड़ने से शेष कमलों को नीचे
घूमता हुआ सूर्य ऊपर को मुख करके खिलाता है १६ और ब्रह्म
जी ने यज्ञ के अंगों (सोमलता आदि) की उत्पत्ति और पृथ्वी धार
ण करने की सामर्थ्य देख कर जिस हिमालय को यज्ञ के भा
ग का अधिकारी पर्वतों का राजा आपही बनाया १७ और कु
ल की रीति में चतुर सुमेरु के मित्र उस हिमालय ने वंश बढ़ा
ने के लिये सब गुणों से अपने जैसी वेदांत, पातंजल शास्त्रों में
ऋषियों से भी चतुर मरीचि आदि पितरों की मन से उपजी हुई
कन्या मेना वेद की रीति से विवाह ली १८ जब ये दोनों स्त्री पुरुष
अपने सौंदर्य के योग्य संभोग क्रीड़ा करने लगे तो थोड़े ही समय
में पर्वतों के राजा हिमालय की स्त्री को गर्भ हुआ १९ ॥

असूतसानागवधूपभोग्यं मैनाकमम्भोनिधिवद्धस-
ख्यम् क्रुद्धेऽपिपक्षच्छिदिवृत्रशत्रा ववेदनाज्ञंकुलि
शक्षतानाम् २० अथावमानेनपितुःप्रयुक्ता दक्षस्य
कन्याभवपूर्वपत्नी सतीसतीयोगविसृष्टदेहा तांज
न्मनेशैलवधूं प्रपेदे २१ साभूधराणामधिपेनतस्यां
समाधिमत्यामुदपादिभव्या सम्यक्प्रयोगादपरिक्ष
तायां नीताविवोत्साहगुणेनसम्पत् २२ प्रसन्नदि-
क्पांसुविविक्तवातं शङ्खस्वनानन्तरपुष्पवृष्टि शा
रीरिणांस्थावरजङ्गमानां सुखायतज्जन्मदिनंव
भूव २३ तयादुहित्रासुतरांसवित्री स्फुरत्प्रभाम-
ण्डलयाचकाशे विदूरभूमिर्नवमेघशब्दा दुद्भिन्न
यारत्नशलाकयेव २४ ॥

पर्वत आदि के पक्ष काटने में तत्पर वृत्रासुर के शत्रु इंद्र के क्रो
ध करने पर भी वज्र की पीड़ा न जानने वाला समुद्र का मित्र स-
र्पिणि ओं का स्वामी मैनाक नामी पुत्र मेना से उत्पन्न हुआ २० मै-
नाक के जन्म से पीछे महादेव की पहिली स्त्री पतिव्रता दक्ष की
कन्या सती पिता के निरादर से योग की आग में प्राण छोड़
कर फिर उपजने के अर्थ हिमालय की स्त्री (मेना) के गर्भ में
आई २१ भली भांति प्रयोजन में लाने से भी दृढ़ नीति में उत्सा
ह गुण से संपदा की नाईं अपनी पतिव्रता स्त्री मेना में पर्वतों
के राजा हिमालय से मंगल मूर्ति वह उत्पन्न हुई २२ निर्मल
आकाश में धूलि से विना स्वच्छ मंद वायु वह कर शंखों की
ध्वन घोर से पीछे फूलों की वर्षा होने से उस दिन मनुष्य, प-
शु, पक्षी, कीट और वृक्ष आदि सब जीवों को बड़ा आनंद हुआ
२३ नये मेघ की गर्ज से फटी हुई रत्नों की रेखा से पथरैली
भूमि की नाईं अंधेरे में प्रकाश करती हुई उस कन्या से मे ना
बहुत शोभित हुई २४ ॥

दिनेदिनेसापरिवर्द्धमाना लब्धोदयाचान्द्रमसीव लेखा पुपोषलावण्यमयान्विशेषान् ज्योत्स्नान्तराणीवकलान्तराणि २५ तांपार्वतीत्याभिजनेननाम्ना बन्धुप्रियांबन्धुजनोजुहाव उमेतिमात्रातपसोनिषिद्धा पश्चादुमाख्यांसमुखीजगाम २६ महीभृतः पुत्रवतोऽपिदृष्टि स्तस्मिन्नपत्येनजगामतृप्तिम् अनन्तपुष्पस्यमधोर्हिचूते द्विरेफमालासविशेषसङ्गा २७ प्रभामहत्याशिखयेवदीप स्त्रिमार्गयेवत्रिदिवस्यमार्गः संस्कारवत्येवगिरामनीषी तयासपूतश्च विभूषितश्च २८ मन्दाकिनीसैकतवेदिकाभिः साकन्दुकैः कृत्रिमपुत्रकैश्च रेमेमुहुर्मध्यगतासखीनां क्रीडारसंनिर्विशतीवबाल्ये २९ ॥

उदय होने से पीछे अर्थात् शुक्ल पक्ष में बढ़ती हुई चंद्रमा की रेखा जैसे प्रतिदिन अपनी चांदनी से भरी कलाओं को बढ़ाती है इसी भांति उत्पन्न होने से पीछे वह कन्या प्रतिदिन सौंदर्य से भरे हुए अपने अंगों को बढ़ाती थी २५ और संबंधियों की प्यारी उस कन्या को संबंधी लोग पिता आदि पर्वतों के संबंध से पार्वती कहते थे पीछे से जब मेना ने उ॰मा॰ ऐसे कह कर उसे तपस्या से हटाया तो उस का नाम उमा हुआ २६ बहुत संतति होने पर भी हिमालय की दृष्टि पार्वती को देख देख तृप्त नहीं होती थी जैसे वसंत ऋतु में कई भांति के आश्चर्य आश्चर्य फूल होते हैं पर भौरों की पांति आम के वृक्ष पर ही आनंद से बैठती है २७ बड़ा प्रकाश करती हुई शिखा (जोति) से दीप की नाईं मंदाकिनी (स्वर्ग की गंगा) के प्रवाह से स्वर्ग के मार्ग की नाईं और व्याकरण के द्वारा शुद्ध वाणी से बुद्धिमान पुरुष की नाईं उस कन्या से वह हिमालय पवित्र और शोभित हुआ २८ सखियों से घिरी हुई वह पार्वती बाल अवस्था में गंगा के तट पर रेत में बनी हुई वेदी के नीचे गेंदों और पुतलियों के बनाये पुत्रों से खेलती थी मानों विषय रस को ही भोगती थी २९ ॥

तां हंसमालाः शरदीव गङ्गां महौषधिं नक्तमिवा
त्मभासः स्थिरोपदेशामुपदेशकाले प्रपेदिरे प्राक्त
नजन्मविद्याः ३० असंभृतं मण्डनमङ्गयष्टेरना
सवाख्यं करणं मदस्य कामस्य पुष्पव्यतिरिक्तमस्त्रं
बाल्यात्परं साथ वयः प्रपेदे ३१ उन्मीलितं तूलिकये
व चित्रं सूर्यांशुभिर्भिन्नमिवारविन्दम् बभूव तस्याश्च
तुरस्रशोभि वपुर्विभक्तं नवयौवनेन ३२ अभ्युन्नता
ङ्गुष्ठनखप्रभाभिर्निक्षेपणाद्रागमिवोद्गिरन्तौ आ
जह्रतुस्तच्चरणौ पृथिव्यां स्थलारविन्दश्रियमव्य-
वस्थाम् ३३ सा राजहंसैरिव संनताङ्गी गतेषु लीला
ञ्चितविक्रमेषु व्यनीयत प्रत्युपदेशलुब्धैरादित्सु
भिर्नूपुरसिञ्जितानि ३४ ॥

शरद ऋतु में गंगा को हंसों की पांति के समान, और राति में ब-
ड़ी औषधि को अपने प्रकाश की नांई उपदेश के समय दृढ़ संस्कार
से पिछले जन्म की सब विद्या उस पार्वती को प्राप्त हुई ३० बाल अ-
वस्था से पीछे वह पार्वती स्वभाव से ही शरीर के भूषण, मदिरा से
विना मद के हेतु और फूलों से विना कामदेव के अस्त्र नये यौवन
को प्राप्त हुई ३१ लेखिनी से रंगी हुई मूर्त्ति की नांई और सूर्य के
प्रकाश से फूले हुए कमल की नांई नये यौवन से खिली हुई पा-
र्वती की देह सब ओर से सुंदर मालूम होती थी ३२ चलने के स-
मय आगे से ऊंचे नखों की कांति से रंग को बाहर फेंकते उस
पार्वती के पाओं ने चलती फिरती स्थल कमल की शोभा हरली
३३ और कुच आदि अंगों के भार से नयी हुई उस पार्वती को नेव-
र का शब्द सीखने की इच्छा से बड़े लोभी हंसों ने मानो वि-
लास से चलना सिखाया ३४ ॥

वृत्तानुपूर्वे च न चातिदीर्घे जङ्घे शुभे सृष्टवतस्तदीये शेषाङ्गनिर्माणविधौ विधातुर्लावण्य उत्पाद्य इवास यत्नः ३५ नागेन्द्रहस्तास्त्वचि कर्कशत्वादेकान्तशैत्यात्कदलीविशेषाः लब्ध्वापि लोके परिणाहि रूपं जातास्तदूर्वोरुपमानबाह्याः ३६ एतावता नन्वनुमेयशोभि काञ्चीगुणस्थानमनिन्दितायाः आरोपितं यद्गिरिशेन पश्चादनन्यनारीकमनीयमङ्कम् ३७ तस्याः प्रविष्टा नतनाभिरन्ध्रं रराज तन्वी नवलोमराजिः नीवीमतिक्रम्य सितेतरस्य तन्मेखलामध्यमणेरिवार्चिः ३८ मध्येन सा वेदिविलग्नमध्या वलित्रयं चारु बभार बाला आरोहणार्थं नवयौवनेन कामस्य सोपानमिव प्रयुक्तम् ३९ ॥

गोलाकार मंगलमूर्ति (सौंदर्य सोभरी ऊई) थोड़ी लंबी गाय की पूछ के समान ढलती ऊई उस पार्वती की जंघा उपजा कर और अंगों के सौंदर्य उपजाने में ब्रह्मा जी को बड़ा यत्न ऊआ ३५ त्वचा की कठोरता से ऐरावत आदि हाथियों के सूंड और निरंतर शीतल होने से केले के थंभ जगत मे बऊत सुंदर रूपपाकर भी पार्वती की जंघा के उपमान नही हो सके ३६ कोई स्त्री महादेव के जिस अंक को मन से भी नहीं पऊंच सकती तपस्या करने से पीछे उसी अंक पर विठाने से पार्वती के नितंब की शोभा जगत के सारे पदार्थों से अधिक मालूम ऊई ३७ योनी की गांठ लंघ के नाभि के गहरे छेद में पऊंच कर मेखला (तड़ागी) में जड़े ऊए नीलमणि की किरण के समान उस पार्वती के रोमों की पांति बड़ी शोभित ऊई ३८ अपने स्वामी कामदेव के चढ़ने के लिये नये यौवन की बनाई ऊई पैड़ी के समान उस पार्वती के बड़े सूक्ष्म मध्य में (नाभि के नीचे) बड़े सुंदर तीन बल पड़ते थे ३९ ॥

अन्योन्यमुत्पीडयदुत्पलाक्ष्याः स्तनद्वयं पाण्डु तथाप्रवृद्धम् मध्ये यथा श्याममुखस्य तस्य मृणालसूत्रान्तरमप्यलभ्यम् ४० शिरीषपुष्पाधिकसौकुमार्यौ बाहू तदीयाविति मे वितर्कः पराजितेनापि कृतौ हरस्य यौ कण्ठपाशौ मकरध्वजेन ४१ कण्ठस्य तस्याः स्तनबन्धुरस्य मुक्ताकलापस्य च निस्तलस्य अन्योन्यशोभाजननाद्बभूव साधारणो भूषणभूष्यभावः ४२ चन्द्रं गता पद्मगुणान्न भुङ्क्ते पद्माश्रिता चान्द्रमसीमभिख्याम् उमामुखं तु प्रतिपद्य लोला द्विसंश्रयां प्रीतिमवाप लक्ष्मीः ४३ पुष्पं प्रवालोपहितं यदि स्यान्मुक्ताफलं वा स्फुटविद्रुमस्थम् ततोऽनुकुर्याद्विशदस्य तस्यास्ताम्रौष्ठपर्यस्तरुचः स्मितस्य ४४ ॥

कमल जैसे नेत्रों से शोभित उस पार्वती के गौर वर्ण आगे से काले आपस में एक दूसरे को दबाते हुए दोऊ स्तन ऐसे बढ़े कि उन के बीच में से कमल के नाल का सूत भी नहीं लेच सकता था ४० हारे हुए भी कामदेव ने महादेव के गले में फांस की नाईं जो डाल दीं वे पार्वती की भुजा ये सिरीस के फूल से भी बहुत कोमल मालूम होती हैं ४१ आपस में एक दूसरे की शोभा बढ़ाने से गोल मोतियों का हार कंठ का और स्तनों के बढ़ने से ऊंचा उस पार्वती का कंठ हार का भूषण मालूम होता था ४२ स्वभाव से चंचल लक्ष्मी चंद्रमा में जाकर सुगंधि आदि कमल के गुणों को और कमल पर बैठ के चंद्रमा की शोभा को नहीं भोगती परंतु पार्वती के मुख पर जाके लक्ष्मी दोनों आनंदों को प्राप्त हुई ४३ नये पत्तों पर यदि श्वेत फूल रक्खे जावें अथवा छलियों पर मोती रक्खे जावें तब रक्त ओठों पर शोभायमान उस पार्वती के श्वेत हसने का अनुकरण हो ४४ ॥

स्वरेण तस्याममृतस्रुतेव प्रजल्पितायामभि-
जातवाचि अप्यन्यपुष्टा प्रतिकूलशब्दा श्रोतुर्वि-
तन्त्रीरिव ताड्यमाना ४५ प्रवातनीलोत्पलनि-
र्विशेषमधीरविप्रेक्षितमायताक्ष्या तया गृहीतं
नु मृगाङ्गनाभ्यस्ततो गृहीतं नु मृगाङ्गनाभिः ४६
तस्याः शलाकाञ्जननिर्मितेव कान्तिर्भ्रुवोरान-
तलेखयोर्या तां वीक्ष्य लीलाचतुरामनङ्गः स्वचा-
पसौन्दर्यमदं मुमोच ४७ लज्जा तिरश्चां यदि चेत-
सि स्यादसंशयं पर्वतराजपुत्र्याः तं केशपाशं प्रस-
मीक्ष्य कुर्युर्वालप्रियत्वं शिथिलं चमर्यः ४८ स-
र्वोपमाद्रव्यसमुच्चयेन यथाप्रदेशं विनिवेशितेन सा निर्मिता विश्वसृजा प्रयत्नादेकस्थसौन्द-
र्यदिदृक्षयेव ४९ ॥

बोलने में बड़ी मीठी उस पार्वती का अमृत बहाते स्वर से बोलना
सुनने हुए लोगों को उलटी बांधी हुई वीणा के समान कोकिलका
शब्द भी कोड़ा मालूम होता था ४५ यह नहीं मालूम होता कि
बड़ी वायु में कांपते नील कमल की नाईं लंबी आंखों से चंचल दे-
खना पार्वती ने हरिणियों से अथवा हरिणियों ने पार्वती से सीखा है
४६ विलास में निपुण काजर की सलाई से खेंची हुई रेखा के स-
मान उस पार्वती के लंबे भवोंकी सुंदरता देख कर कामदेव ने अ-
पने धनुष की सुंदरता का अहंकार (गर्व) छोड़ दिया ४७ पा-
र्वती के प्रसिद्ध उन केशों को देख के भी चमरगौओं ने अपने
केशोंका प्रेम और मद नहीं छोड़ा इससे निश्चित मालूम होता है
कि पशुओं के चित्त में लज्जा नहीं होती ४८ सारे जगत की सुंद-
रता एक स्थान में इकठ्ठी कर के देखने की इच्छा से जिस जिस
अंग को जिस जिस पदार्थ की उपमा दी जाती है ब्रह्मा जीने
उन उन पदार्थों से सारे अंग रच कर पार्वती बनाई ४९ ॥

तां नारदः कामचरः कदाचित् कन्यां किल प्रेक्ष्य पितुः समीपे समादिदेशैकवधूं भवित्रीं प्रेम्णा शरीरार्द्धह-
रां हरस्य ५० गुरुः प्रगल्भेऽपि वयस्यतोऽस्यास्तस्थौ निवृत्तान्यवराभिलाषः ऋते कृशानोर्नहि मन्त्रपूत-
मर्हन्ति तेजांस्यपराणि हव्यम् ५१ अयाचितारंनहि देवदेव मद्रिः सुतां ग्राहयितुं शशाक अभ्यर्थनाभ-
ङ्गभयेन साधु र्माध्यस्थ्यमिष्टेऽप्यवलम्बतेऽर्थे ५२ यदैव पूर्वे जनने शरीरं सा दक्षरोषात्सुदती ससर्ज त-
दाप्रभृत्येव विमुक्तसङ्गः पतिः पशूनामपरिग्रहोऽभूत् ५३ स कृत्तिवासास्तपसे यतात्मा गङ्गाप्रवाहोक्षि-
तदेवदारु प्रस्थं हिमाद्रेर्मृगनाभिगन्धि किञ्चित्क्वणत्किन्नरमध्युवास ५४ ॥

अपनी इच्छा से घूमते हुए नारद ने किसी समय अपने पिता हिमालय के पास बैठी हुई उस पार्वती को देख कर कहा कि प्रेम से आधा आसन हर के यह पार्वती महादेव की एक प्यारी बहू होगी ५० नारद के इसी वाक्य से पार्वती की बड़ी अवस्था होने पर भी पिता हिमालय ने और वर को देने की इच्छा नहीं की क्यों कि मंत्र पढ़ के दी हुई आहुति को वह्नि से विना स्वर्ण आदि और कोई तेज नहीं ले सकता ५१ और वह हिमालय मांगने से विना महादेव को भी आप बुलाकर कन्या नहीं दे सका क्यों कि सज्जन पुरुष अपना कहा व्यर्थ जाने के डर से बड़े प्यारे कार्य में भी उदास ही रहते हैं ५२ पहिले जन्म में पिता (दक्ष) के क्रोध से दांतों से सोहनी उस सती ने जिस दिन देह छोड़ी उसी दिन से पशुओं स्वामी महादेव ने विषय वासना के साथ ही स्त्री का संग छोड़ दिया ५३ मृग का चमड़ा ओढ़ चित्त को स्थिर कर के उस महादेव ने तपस्या करने के लिये कस्तूरे मृगों और गान करते किन्नरों से भरे हुए हिमालय के किसी शिखर पर गंगा के प्रवाह से भीगे हुए देवदारों के नीचे निवास किया ५४ ॥

गणा नमेरुप्रसवावतंसा भूर्जत्वचः स्पर्शवतीर्द
धानाः मनःशिलाविच्छुरिता निषेदुः शैलेयनद्धेषु
शिलातलेषु ५५ तुषारसङ्घातशिलाः खुराग्रैः समु
ल्लिखन्दर्पकलः ककुद्मान् दृष्टः कथञ्चिद्गवयैर्विवि
ग्नैरसोढसिंहध्वनिरुन्ननाद ५६ तत्राग्निमाधाय स
मित्समिद्धं स्वमेव मूर्त्यन्तरमष्टमूर्तिः स्वयं विधाता त
पसः फलानां केनापि कामेन तपश्चचार ५७ अनर्घ्य
मर्घ्येण तमद्रिनाथः स्वर्गौकसामर्चितमर्चयित्वा आ
राधनायास्य सखीसमेतां समादिदेश प्रयतां तनूजा-
म् ५८ प्रत्यर्थिभूतामपि तां समाधेः शुश्रूषमाणां गि
रिशोऽनुमेने विकारहेतौ सति विक्रियन्ते येषां न चेतां
सि त एव धीराः ५९ ॥

सरपुन्नाग फूलों के भूषण और भुर्जपत्र के वस्त्र पहिन कर अंगों
में मनसिल लगाए महादेव के नंदी, हतमुख, आदि गण शिला जी
त से लिपटे हुए पत्थरों पर बैठे ५५ डर से बहुत खिन्न गवयों (रोझों)
के सामने सिंह का शब्द न सहार कर महादेव का वृषभ नंदी कठिन हिम
की शिलाओं को खुरों से खोद खोद के गर्व की मीठी वाणी से बड़ा ऊंचे
गर्जने लगा ५६ उस हिमालय में समिधाओं (काष्ठों) से बढ़ी हुई अप
नी एक मूर्ति आग को रख कर इंद्रलोक आदि तपस्याओं के फल देने में
समर्थ पृथिवी आदि आठ मूर्तियों से प्रसिद्ध महादेव ने किसी कामना
से तप किया ५७ पर्वतों के राजा हिमालय ने अर्घ्य आदि पदार्थों से देव
ताओं के पूजित सर्वोत्कृष्ट महादेव का पूजन कर के शिव की भक्ति
में पक्की जया और विजया नामी सखियों से मिली हुई अपनी कन्या
पार्वती को शिवपूजन की आज्ञा दी ५८ तपस्या से मन को हटाती हु
ई भी अपनी सेवक पार्वती का महादेव ने तिरस्कार नहीं किया क्यों
कि विकारों के कारणों में बैठ के जिनके मन नहीं बिगड़ते वेही धी
र होते हैं ५९ ॥

अवचितवलिपुष्पा वेदिसम्मार्गदक्षा निय
मविधिजलानां वर्हिषांचोपनेत्री गिरिशमुप
चचार प्रत्यहंसासुकेशी नियमितपरिखेदा
तच्छिरश्चंद्रपादैः ६० इतिश्रीकालिदासकृतौ
महाकाव्येकुमारसम्भवेउमोत्पत्तिर्नामप्रथमः
सर्गः १ ॥

संध्यावंदन आदिनित्य कर्म के लिये कुशा, जल और पूजा के फूल अपने हाथों से लेकर कर पूजा के स्थान पर लेपन देने में चतुर केशों से सोहनी वह पार्वती शिवजी के माथे पर चमकती चंद्रमा की कला देखने से सारी थकाहट छोड़कर प्रतिदिन महादेव की सेवा-करने लगी ६० ॥

पंडित सुखदयालु का बनाया कुमारसंभव के पहिले सर्ग का हिंदी में अनुवाद समाप्त हुआ १ ॥ ✣ ॥

द्वितीयः सर्गः ॥

तस्मिन्विप्रकृताःकाले तारकेणदिवौक
सः तुरासाहंपुरोधाय धामस्वायम्भुवंय
युः १ तेषामाविरभूद्ब्रह्मा परिम्लानमुख
श्रियाम् सरसांसुप्तपद्मानां प्रातर्दीधिति-
मानिव २ अथसर्वस्यधातारं तेसर्वेसर्वतो
मुखम् वागीशंवाग्भिरर्थ्याभिः प्रणिपत्योप
तस्थिरे ३ नमस्त्रिमूर्तयेतुभ्यं प्राक्सृष्टेःके
वलात्मने गुणत्रयविभागाय पश्चाद्भेदमु
पेयुषे ४ यदमोघमपामन्तरुप्तं बीजमजत्व
या अतश्चराचरंविश्वं प्रभवस्तस्यगीयसे ५

इसी अवसर में वज्रनख के पुत्र तारक नामी असुर से बहुत दुखि
त सारे देवता इंद्र को प्रधान बना कर ब्रह्मा जी के स्थान (ब्रह्म-
लोक) को गये १ मिचे हुए कमलों से भरे हुए सरोवरों को प्रातः
काल के समय सूर्य के समान मुख की शोभा मलिन होजाने से
बड़े दीन उन देवताओं को ब्रह्मा जी ने प्रगट होकर दर्शन दिया २
ब्रह्मा जी का दर्शन करने से पीछे चार मुखों से शोभित सारा ज
गत उपजाने के प्रभु विद्याओं के स्वामी ब्रह्मा जी की उन सब देवता
ओं ने प्रणाम कर के उत्तम अर्थों से भरे हुए वचनों के द्वारा स्तुति
की ३ हे भगवन् जगत उपजने से पहिले एक परब्रह्म की मूर्तिपी
छे से रजोगुण, सत्वगुण और तमोगुण के भेद से ब्रह्मा विष्णु और
शिव इन तीनमूर्तियों को धारण कर के जगत् की उत्पत्ति पालना औ
र नाश करने हुए आपको नमस्कार हो ४ हे भगवन् जो सफल बी
ज आप ने जल में बोया (फेंका) था उसीसे सारा चल अचल जगत
उपजा इस लिये सब संसार का जगत के कारण आपको कहते हैं ५॥

तिसृभिस्त्वमवस्थाभिर्महिमानमुदीरयन् प्रलय
स्थितिसर्गाणामेकः कारणतांगतः ६ स्त्रीपुंसावा-
त्मभागौते भिन्नमूर्तेः सिसृक्षया प्रसूतिभाजः सर्ग
स्य तावेवपितरौस्मृतौ ७ स्वकालपरिमाणेन व्यस्त
रात्रिंदिवस्यते यौतुस्वप्नावबोधौतौ भूतानांप्रलयो
दयौ ८ जगद्योनिरयोनिस्त्वं जगदन्तोनिरन्तकः
जगदादिरनादिस्त्वं जगदीशोनिरीश्वरः ९ आत्मान
मात्मनावेत्सि सृजस्यात्मानमात्मना आत्मनाकृति
नाचत्वमात्मन्येवप्रलीयसे १० द्रवः संघातकठिनः
स्थूलः सूक्ष्मोलघुर्गुरुः व्यक्तोव्यक्तेतरश्चासि प्राका
म्यंतेविभूतिषु ११ ॥

हे भगवन् ब्रह्मा विष्णु और शिव इन तीन मूर्तिओं से अपनी सामर्थ्य का विस्तार करके तू एक ही जगत की उत्पत्ति के पालन और नाश करता है ६ हे भगवन् सृष्टि करने की इच्छा से तैने स्त्री और पुरुष नाम से प्रसिद्ध अपनी देह के जो दो खंड किये थे वे ही दोऊ सारे जगत के माता और पिता कहाते है ७ चार सहस्र युग का दिन और इतने ही युगों की राति बनाकर राति में आपका सोना जगत प्रलय (नाश) और दिन में आपका जागना ही जगत की उत्पत्ति है ८ हे भगवन् जिस का कोई कारण नहीं ऐसा जगत का कारण, जिस का नाश कोई न कर सके ऐसा जगत के नाश का हेतु, जिस का आदि नहीं हो सके ऐसा सारे जगत से पहिले वर्तमान और जिस का स्वामी कोई नहीं ऐसा सारे जगत का स्वामी तू ही है ९ हे महाराज सब कामों में समर्थ तू ही अपने यथार्थ स्वरूप को जानता, अपने ही विस्तार से जगत को उपजाता और अपने ही स्वरूप में जगत को छिपा लेता है १० बहने रूप जल आदि, दृढ़ संयोग से कठोर पत्थर आदि, प्रत्यक्ष के योग्य घट आदि, प्रत्यक्ष से बाहर परमाणु आदि, उड़ने के योग्य रूई आदि, जो हिल ना सकें सुमेरु पर्वत आदि, सारे कार्य और कारण तू ही है और अणिमा आदि सिद्धिओं में तेरी स्वतंत्रता है ११ ॥

उद्घातः प्रणवोयासां न्यायैस्त्रिभिरुदीरणम् कर्म्मयज्ञः फलंस्वर्गस्तासांत्वंप्रभवोगिराम् १२ त्वामामनन्तिप्रकृतिं पुरुषार्थप्रवर्त्तिनीम् तद्दर्शिनमुदासीनं त्वामेवपुरुषंविदुः १३ त्वंपितॄणामपिपिता देवानामपिदेवता परतोऽपिपरश्चासि विधातावेधसामपि १४ त्वमेवहव्यंहोता च भोज्यंभोक्ताचशाश्वतः वेद्यश्चवेदिताचासि-ध्याताध्येयञ्चयत्परम् १५ इतितेभ्यः स्तुतीःश्रुत्वा यथार्थाहृदयङ्गमाः प्रसादाभिमुखोवेधाः प्रत्युवाचदिवौकसः १६ पुराणस्यकवेस्तस्य चतुर्मुखसमीरिता प्रवृत्तिरासीच्छब्दानां चरितार्था चतुष्टयी १७ ॥

जिन का ओंकार प्रारंभ, उदात्त अनुदात्त और स्वरित नामी तीन स्वरों से उच्चारण सारे यज्ञ अर्थ और स्वर्ग फल है उन वेदों का कारण तूं है १२ सुख दुख के भोग और मोक्ष के लिये प्रवृत्त होती हुई सत्व(सुख) रज(दुख) तम(मोह) इन तीनों का समूह प्रकृति नाम से तूही प्रसिद्ध है और इन तीनों के संबंध से रहित उदासीन पुरुष भी तूही है १३ अग्निष्वात्ता आदि पितरों का भी पिता, इंद्रआदि देवताओं का भी देवता, इंद्रिय मन अहंकार आदि सब से परे (उत्कृष्ट) जगत के कारण दक्ष आदि काभी कारण तूही है १४ हे भगवन् हवन करने के योग्य हुतआदि, हवन का कर्त्ता (यजमान) खाने के पदार्थ अन्नआदि, भोजन का कर्त्ता, जानने के योग्य सारे पदार्थ, ज्ञानवान्, स्मरण का कर्त्ता और स्मरण करने के योग्य अनादि सनातन परब्रह्म तूही है १५ इस भांति उन से मनोहर यथार्थ बहुत स्तुति सुन के ब्रह्माजी ने प्रसन्न हो कर देवताओं से कहा १६ सब से प्राचीन कवि ब्रह्मा के चारों मुखों से वैखरी, मध्यमा पश्यन्ती और सूक्ष्मा इस भांति चार प्रकार की शब्दों की सफल प्रवृत्ति हुई १७ ॥

स्वागतं स्वानधीकारान् प्रभावैरवलम्ब्य वः युग
पद्युगबाहुभ्यः प्राप्तेभ्यः प्राज्यविक्रमाः १८ किमि
दं द्युतिमात्मीयां न बिभ्रति यथा पुरा हिमक्लिष्टप्र
काशानि ज्योतींषीव मुखानि वः १९ प्रशमादर्चि
षामेतदनुद्गीर्णसुरायुधम् वृत्रस्य हन्तुः कुलि
शं कुण्ठिताश्रीव लक्ष्यते २० किञ्चायमरिदुर्वारः
पाणौ पाशः प्रचेतसः मन्त्रेणाहतवीर्यस्य फणि-
नो दैन्यमाश्रितः २१ कुबेरस्य मनःशल्यं शंसती
व पराभवम् अपविद्धगदो बाहुर्भग्नशाख इव द्रु
मः २२ यमोऽपि विलिखन्भूमिं दण्डेनास्तमितत्वि
षा कुरुतेऽस्मिन्नमोघेऽपि निर्वाणालातलाघवम्

हे देवगण अपनी अपनी सामर्थ्य से उत्तम उत्तम अधिकारों पर बैठ
के भी बड़े पराक्रमी लंबी लंबी भुजाओं से शोभायमान सारे आप लोगों
के एकबारगी आउने का कारण परमेश्वर तुम्हीं सुनावे १८ इस में
क्या कारण है कि शीत ऋतु में हिम से प्रकाश रुक जाने पर नक्षत्रों (ता
रों) की नाईं तुमारे मुख अपनी कांति नहीं धारण करते १९ जैसे कि वृ
त्रासुर के मारने से प्रसिद्ध इंद्र के हाथ में यह वज्र किरणों के शांत हो
(बुझ) जाने से अपना स्वरूप छोड़ कर धाराओं से खुंडा मालूम होता है
२० और जो शत्रुओं से किसी भांति भी नहीं हटाया जावे यह वरुण के
हाथ का फांस मंत्र से कीले हुए सांप की नाईं अपना पराक्रम छोड़
कर बहुत दीन मालूम होता है २१ और वृक्ष की शाखा सब टूट जा
ने से शेष थम्भे के समान गदा से विना यह कुवेर की भुजा चित में
गड़े हुए बाण की नाईं शत्रु से प्राप्त हुए तिरस्कार को जना रही है २२
निस्तेज दंड से भूमि को खोदते हुए यम (धर्मराज) के हाथ में
भी यह सफल दंड आधी सड कर बुझी हुई लकड़ी के समान
बहुत मंद मालूम होता है २३ ॥

अमीचकथमादित्याः प्रतापततिशीतलाः चि
त्रन्यस्ताइवगताः प्रकामालोकनीयताम् २४ प
र्याकुलत्वान्मरुतां वेगभङ्गोऽनुमीयते अम्भ
सामोघसंरोधः प्रतीपगमनादिव २५ आवर्जि
तजटामौलि विलम्बिशशिकोटयः रुद्राणाम
पिमूर्द्धानः क्षतहुङ्कारशंसिनः २६ लब्धप्रतिष्ठाः
प्रथमंयूयंकिंबलवत्तरैः अपवादैरिवोत्सर्गाःकृ
तव्यावृत्तयःपरैः २७ तद्ब्रूतवत्साः किमितः
प्रार्थयध्वंसमागताः मयिसृष्टिर्हिलोकानांरक्षा
युष्मास्ववस्थिता २८ ततोमन्दानिलोद्धूत कम
लाकरशोभिना गुरुंनेत्रसहस्रेण नोदयामा
सवासवः २९ ॥

प्रताप के नाश हो जाने बहुत शीतल लिखी हुई मूर्तियों के समान
इन बारह सूर्यों को लोग अपनी इच्छा से एक तार दृष्टि देकर किस
भांति देखते हैं २४ जैसे उलट कर ऊंचे पर्वत की ओर बहने से नदी
का प्रवाह आगे से रुका मालूम होता है इसी भांति खंड खंड हो-
कर बहने से उनचास कोटि वायु के वेग का नाश मालूम होरहा है
२५ शत्रु के तिरस्कार से चंद्रमा की कलाओं को धार कर नपे हुएग्या
रह रुद्रों के सिर भी अपने हुंकार शब्द का नाश जना रहे हैं २६ प-
हिले स्वभाव से प्रवृत्त उत्सर्ग सूत्रों को जैसे अपवाद सूत्र हटा देते हैं
इसी रीति पहिले अपने अपने अधिकारों पर बैठे तुम सब को क्या
बहुत बलवान शत्रुओं ने आकर निकाल दिया है २७ इस से हे पुत्रो
कहो कि तुम सब किस कार्य के लिये मेरे पास आए हो मैं तो लो-
गों को उत्पन्न ही कर सकता हूं और जिस से तुम सब विष्णु के अंश
हो इस लिये रक्षा करनी तुमारा ही काम है २८ तब मंद वायु से
कांपते कमलों के खानि की नाईं इंद्र ने सहस्र नेत्र के कटाक्ष
से बृहस्पति जी को बोलने की आज्ञा दी २९ ॥

सद्विनेत्रं हरेश्चक्षुः सहस्रनयनाधिकम् वाचस्प
तिरुवाचेदं प्राञ्जलिर्जलजासनम् ३० एवं यदात्थ
भगवन्नामृष्टं नः परैः पदम् प्रत्येकं विनियुक्तात्मा
कथं न ज्ञास्यसि प्रभो ३१ भवल्लब्धवरोदीर्णस्ता
रकाख्यो महासुरः उपप्लवाय लोकानां धूमकेतु
रिवोत्थितः ३२ पुरे तावन्तमेवास्य तनोति रविरात
पम् दीर्घिकाकमलोन्मेषो यावन्मात्रेण साध्यते
३३ सर्वाभिस्सर्वदा चन्द्रस्तं कलाभिर्निषेवते नाद
त्ते केवलां लेखां हरचूडामणीकृताम् ३४ आवृत्त
गतिरुद्याने कुसुमस्तेयसाध्वसात् नवाति वायु-
स्तत्पार्श्वे तालवृन्तानिलाधिकम् ३५ ॥

सहस्र नेत्र से अधिक इन्द्र के नेत्र दो नेत्रों से शोभायमान शिक्षा देने
में निपुण उस बृहस्पति ने दोऊ हाथ बांध कर ब्रह्मा जी से यह बात
कही ३० हे भगवन् यह आपने सत्य कहा है कि हमारे अधिकार सब
शत्रुओं ने छीन लिये हैं क्यों कि अंतर्यामी होने से आप सब के अभिप्रा
यों को जानते ही हो ३१ आप से वर को लभ कर तारक नामी महा
असुर चढ़े हुए धूमकेतु की नाईं लोगों को दुखदेने के लिये बहुत
उद्धत हो रहा है ३२ इस के नगर में सूर्य भी उतनी ही धूप करता है
जितनी धूप से क्रीड़ा की बावड़ियों मे कमल फूल जाते हैं ३३ और
कृष्ण पक्ष में भी चंद्रमा सौरी कलाओं से उस तारका सुर की सेवा क
रताहै केवल महादेव के शिर पर भूषण बनके शोभायमान ए
क कला को नहीं लेता ३४ फूलों की चोरी लगने के भय से क्रीड़ा
के आराम (बाग) से निवृत्त हो कर वायु उस तारका सुर के पा
स भी व्यजन (पंखे) के वायु से अधिक कभी नहीं बहता ३५ ॥

पर्यायसेवामुत्सृज्य पुष्पसम्भारतत्पराः उद्या
नपालसामान्यमृतवस्तमुपासते ३६ तस्योपा
यनयोग्यानि रत्नानि सरितांपतिः कथमप्यम्भ
सामन्तरानिष्पत्तेः प्रतीक्षते ३७ ज्वलन्मणिशि
खाश्चैनं वासुकिप्रमुखानिशि स्थिरप्रदीपता
मेत्य भुजङ्गाः पर्युपासते ३८ तत्कृतानुग्रहा
पेक्षी तंमुहुर्दूतहारितैः अनुकूलयतीन्द्रोऽपि
कल्पद्रुमविभूषणैः ३९ इत्थमाराध्यमानोऽपि
क्लिश्नातिभुवनत्रयम् शाम्येत्प्रत्यपकारेण
नोपकारेणदुर्जनः ४० तेनामरवधूहस्तैःसद
यालूनपल्लवाः अभिज्ञाश्छेदपातानां क्रिय
न्तेनन्दनद्रुमाः ४१ ॥

एक दूसरे से पीछे आउने का क्रम छोड के वसंत आदि छओ ऋतु अपने अपने फूलों के वढ़ाने में मग्न हु मालियों की नाईं उस तारकासुर की सेवा करते हैं ३६ नदियों का स्वामी समुद्र भी उसतारकासुर के देने योग्य उत्तम रत्नों का(पकने तक बहुत यत्न से)प्रतीक्षण करता है अर्थात् पकने पर उसी क्षण में तारका सुरके पास पहुंचा देता है ३७ शिर में जगती मणिओं की शिखाओं से शोभायमान वासुकि आदि सर्प और सिद्ध रात में चारो ओर स्थिर दीप वन वन के इस तारकासुर की सेवा करते हैं ३८ इंद्र भी उस के अनुग्रह की अपेक्षा करके वार वार दूतों के हाथ से कल्पवृक्षों के भूषण भेज कर उस तारकासुर को अपना अनुकूल (सुहृद) वनाता है ३९ इस भांति सारे देवताओं से सेवा करा के भी वह तारकासुर स्वर्ग, मर्त्य और पाताल इन तीनों लोकों को क्लेश देरहा है क्यों कि दुष्ट पुरुष अपने अपराध के दंड से विना उपकारसेदुष्टताको कभी नहीं छोडता ४० देवताओं कि यां स्त्रियां भी कानों में भूषण पहिनने के लिये जिन के पत्र वड़ी दया से तोडती हैं उस तारकासुर ने वे नंदन उद्यान के वृक्ष वड़ी क्रूरता से काट काट के गिरा दिये हैं ४१ ॥

वीज्यतेसहिसंसुप्तः श्वाससाधारणानिलैः चाम
रैः सुरवन्दीनां वाष्पशीकरवर्षिभिः ४१ उत्पाट्यमे-
रुशृङ्गाणि क्षुण्णानि हरितां खुरैः आक्रीडपर्वता
स्तेन कल्पिताः स्वेषु वेश्मसु ४२ मन्दाकिन्याः पयःशे
षं दिग्वारणमदाविलम् हेमाम्भोरुहशस्यानां त
द्वाप्यो धाम साम्प्रतम् ४४ भुवनालोकनप्रीतिः स्वर्गि
भिर्नानुभूयते खिलीभूते विमानानां तदापातभया
त्पथि ४५ यज्वभिः सम्भृतं हव्यं विततेष्वध्वरेषु सः
जातवेदोमुखान्मायी मिषतामाच्छिनत्ति नः ४६
उच्चैरुच्चैःश्रवास्तेन हयरत्नमहारि च देहबद्धमि
वेन्द्रस्य चिरकालार्जितं यशः ४७ ॥

सोए हुए इस तारकासुर के चारो ओर खड़ी होकर बंधी हुई देवताओं की स्त्रि-
यां श्वास के समान मंद शीतल वायु चलाने के लिये आंखों से आंसू बहा ब-
हा कर चामर झुलाती हैं ४१ सूर्य के रथ में बंधे हुए घोड़ों के पाओं से घिसे हु-
ए सुमेरु पर्वत के सींग पुट पुट के इस तारकासुर ने अपने घर में खेल
ने के पर्वत बनाए हैं ४२ इस समय में दिग्गजों के मद से नीचा ऊंचा जल
ही स्वर्ग गंगा में रह गया है स्वर्ग के कमल तो सब पुट के तारकासुर ने
अपनी बावलियों में खेतियों के समान लगा लिये हैं ४४ अचानक इ-
स तारकासुर के आपड़ने के भय से विमानों का मार्ग शून्य हो जाने प-
र स्वर्ग के वासी देवता लोग विमानों पर चढ़ के भूलोक आदि भुवनों के
देखने का आनंद नहीं लेते ४५ विस्तृत यज्ञों में यजमानों के इकट्ठे
किये हुए हवन के योग्य घृत आदि पदार्थ को माया (छल) में लि
पुरा वह तारकासुर हमारे सब के सामने आग के मुख में से बल से
छीन लेता है ४६ चिर काल से इकट्ठे किये हुए देहधारी इंद्र के यश की
नाईं इस तारकासुर ने घोड़ों में रत्न उच्चैःश्रवा नाम से प्रसिद्ध इंद्र
का उत्तम घोड़ा छीन लिया है ४७ ॥

तस्मिन्नुपायाः सर्वे नः क्रूरे प्रतिहतक्रियाः वीर्य्यवन्त्यौषधानीव विकारे सान्निपातिके ४८ जयाशा यत्र चास्माकं प्रतिघातोत्थितार्चिषा हरिचक्रेण तेनास्य कण्ठे निष्कमिवार्पितम् ४९ तदीयास्तोयदेष्वद्य पुष्करावर्तकादिषु अभ्यस्यन्ति तटाघातं निर्जितैरावता गजाः ५० तदिच्छामो विभो स्रष्टुं सेनान्यं तस्य शान्तये कर्म्मबन्धच्छिदं धर्म्मं भवस्येव मुमुक्षवः ५१ गोप्तारं सुरसैन्यानां यं पुरस्कृत्य गोत्रभित् प्रत्यानेष्यति शत्रुभ्यो वन्दीमिव जयश्रियम् ५२ वचस्यवसिते तस्मिन् ससर्ज गिरमात्मभूः गर्जितानन्तरां वृष्टिं सौभाग्येन जिगाय या ५३ ॥

सन्निपात के विकार में उत्तम उत्तम बली औषधों के समान उस तारकासुर में हमारे सब उपायों का करना व्यर्थ ही जा रहा है ४८ जिस सुदर्शन से हमें जीतने का निश्चय था शरीर पर वजने से चमक कर वह कृष्णदेव का चक्र इस तारकासुर के गले में भूषण की नाईं शोभा दे रहा है ४९ ऐरावत आदि देवताओं के हाथियों को जीत कर उस तारकासुर के हाथी आज पुष्करावर्तक आदि प्रलय के मेघों को अपनी खाज हटाने के लिये दांतों से उखाड़ रहे हैं ५० हे स्वामिन् मुक्ति की इच्छा से लोग जैसे संसार के कर्म्म नामी बंधनों को काटने में समर्थ धर्म को उपजाते हैं इसी भांति हम सब तारकासुर को मारने के लिये सेनापति उपजाना चाहते हैं ५१ जिस देवताओं के रखवाले को आगे लगा कर इंद्र बांधी हुई स्त्री के समान जय की लक्ष्मी को शत्रुओं से छीन के ले आवेगा ५२ बृहस्पति का वाक्य समाप्त होने पर कही हुई ब्रह्मा जी की बात ने अधिक मनोहर होने से मेघ गर्जने से पीछे हुई वर्षा को भी जीत लिया ५३ ॥

सम्पत्स्यते वः कामोऽयं कालः कश्चित्प्रतीक्ष्यता
म् न त्वस्य सिद्धौ यास्यामि सर्गव्यापारमात्मना ५४
इतः स दैत्यः प्राप्तश्रीर्नेत एवार्हति क्षयम् विष
वृक्षोऽपि संवर्द्ध्य स्वयं छेत्तुमसाम्प्रतम् ५५
वृतं तेनेदमेव प्राक् मया चास्मै प्रतिश्रुतम् वरे-
ण शमितं लोकानलं दग्धुं हि तत्तपः ५६ संयुगे
सांयुगीनं तमुद्यन्तं प्रसहेत कः अंशादृते निषि-
क्तस्य नीललोहितरेतसः ५७ स हि देवः परं ज्यो
ति स्तमःपारे व्यवस्थितम् परिच्छिन्नप्रभावर्द्धि
र्न मया न च विष्णुना ५८ उमारूपेण ते यूयं संय
मस्तिमितं मनः शम्भोर्यतध्वमाक्रष्टुं मयस्कान्ते
न लोहवत् ५९ ॥

हे पुत्रो थोड़े समय के पीछे तुमारा यह कार्य सिद्ध होजावे गा मैं
तो इस कार्य्य को किसी रीति से भी नहीं सिद्ध कर सकता हूं ५४ जि
स से उस तारकासुर को मेरे ही वर से सब ऐश्वर्य प्राप्त हुआ है इस
लिये मुझे उस का नाश करना योग्य नहीं है क्यों कि अपने हाथ से
बढ़ाये हुए विष के वृक्ष का भी काटना योग्य नहीं होता ५५ उस ने
यह ही वर मांगा था कि शिव जी के पुत्र के बिना मैं किसी से भी नाश
हूं लोगों को दग्ध करते हुए उस के तप को शांत करने के लिये मैं
ने भी इसे मन मांगा वर देदिया ५६ युद्ध करने में चतुर रण-भूमि
में आकर शस्त्र और अस्त्र चलाते हुए उस तारकासुर को नील कंठ
और रक्त केशों से शोभायमान महादेव के वीर्य से उपजी हुई अंश
से बिना और कोई नहीं जीत सके गा ५७ तमोगुण को लंघ के वर्त
मान ज्योति-स्वरूप उस परमात्मा महादेव की सामर्थ्य का अंत मैं
और विष्णु भगवान भी नहीं पा सकता ५८ इस से तुम लोग चुंबक
मणि से लोहे की नाईं पार्वती के सुंदर रूप से समाधि में निश्चल
महादेव के मन को खेंचने का उद्यम करो ५९ ॥

उभेएवक्षमेवोढु मुभयोर्बीजमाहितम् सावाश
म्भोस्तदीयावा मूर्तिर्जलमयीमम ६० तस्यात्मा
शितिकण्ठस्य सैनापत्यमुपेत्यवः मोक्ष्यतेसुरव
न्दीनां वेणीर्वीर्यविभूतिभिः ६१ इतिव्याहृत्यवि
बुधान् विश्वयोनिस्तिरोदधे मनस्याहितकर्तव्यास्ते
ऽपिदेवादिवंययुः ६२ तत्रनिश्चित्यकन्दर्प मगम
त्पाकशासनः मनसाकार्यसंसिद्धि त्वराद्विगुण
रंहसा ६३ अथसललितयोषिद्भ्रूलताचारुशृङ्गं र
तिवलयपदाङ्के चापमासज्यकण्ठे सहचरमधु
हस्तन्यस्तचूताङ्कुरास्त्रः शतमखमुपतस्थेप्रा-
ञ्जलिःपुष्पधन्वा ६४ ॥ इतिश्रीकालिदासकृ
तौमहाकाव्येकुमारसम्भवेउमोत्पत्तिनामद्विती
यःसर्गः ॥

मेरे और महादेव के फेंके हुए वीर्य के सहने योग्य जगत में दो ही हैं
ऐसे कि मेरे वीर्य को तो महादेव की जल नाम से प्रसिद्ध मूर्ति औ
र महादेव के वीर्य को केवल पार्वती ही सहार सकती है ६०
उस नीलकंठ महादेव का औरस पुत्र तुम्हारी सेना का नायक ब
न के अपनी प्रबलता के प्रभाव से तारकासुर को मारेगा और बंध-
नों से निकाल कर देवताओं की स्त्रियों के केश खुलावेगा ६१ देव
ताओं से इतनी बात कह कर ब्रह्मा जी छिप गये और देवता सब
भी मन में महादेव का पुत्र उपजाने के उपाय सोचते सोचते स्वर्ग
को गये ६२ महादेव का चित्त चलाने में कामदेव को ही समर्थ जा
न के इंद्र ने कार्य की उत्कंठा से मन का वेग दूना बढ़ा कर कामदेव
का स्मरण किया ६३ स्मरण करने से पीछे सुंदर जवान स्त्रियों के
भवों के समान सींगों से मनोहर फूलों का धनुष अपनी स्त्री रति
के कंकणों से घिसे हुए गले में डाल कर प्यारे मित्र वसंत के हाथ
अपने अस्त्र आम के मंजर दिये कामदेव अंजली बांधे इंद्र के पास
आपहुंचा ६४ इति [illegible] कुमारसंभव के
दूसरे सर्ग का हिंदी में अनुवाद समाप्त हुआ ॥

तृतीयः सर्गः ॥

तस्मिन्मघोनस्त्रिदशान्विहाय सहस्रमक्ष्णां
युगपत्पपात प्रयोजनापेक्षितया प्रभूणां प्राय
श्चलंगौरवमाश्रितेषु १ सवासवेनासनसन्नि
कृष्टमितोनिषीदेति विसृष्टभूमिः भर्तुःप्रसा
दंप्रतिनन्द्यमूर्ध्ना वक्तुंमिथःप्राक्रमतैवमेनम् २
आज्ञापयज्ञातविशेषपुंसां लोकेषुयत्तेकरणी
यमस्ति अनुग्रहंसंस्मरणप्रवृत्त मिच्छामिसं-
वर्धितमाज्ञयाते ३ केनाभ्यसूयापदकाङ्क्षि-
णाते नितान्तदीर्घैर्जनितातपोभिः यावद्भ-
वत्याहितसायकस्य मत्कार्मुकस्यास्यनिदे
शवर्ती ४ ॥

सब देवताओं को त्याग कर इंद्र के सहस्र ही नेत्र एक बारगी का-
मदेव पर गिरे क्योंकि प्रयोजन के अधीन होने से स्वामीलोगों का
आदर (प्रेम) भृत्य जनों में स्थिर नहीं होता १ "यहां बैठ जाओ"
ऐसा कह कर अपने सिंहासन के पास बैठाए हुए कामदेव ने
स्वामी की आज्ञा शिर पर मान के इंद्र के साथ बोलने का प्रारं
भ किया २ हे पुरुषों के अभिप्राय जानने में चतुर स्वर्ग मर्त्य
और पाताल इन तीन लोकों में जो कार्य तू करना चाहे उस की
आज्ञा कर क्योंकि तेरी आज्ञा से किसी कार्य में लग कर मैं स्म-
रण से प्रवृत्त तेरे अनुग्रह की वृद्धि चाहता हूं ३ इंद्र पदवी
लेने की इच्छा से निरंतर बड़ी बड़ी तपस्या करके किसने तेरे
मन में ईर्षा उपजाई है जिसे बाण चढ़ाए अपने धनुष की
आज्ञा के वश में ले आऊं ४ ॥

असम्मतः कस्तव मुक्तिमार्गं पुनर्भवक्लेशभ
यात्प्रपन्नः बद्धश्चिरं तिष्ठतु सुन्दरीणाम् आरेचित
भ्रूचतुरैः कटाक्षैः ५ अध्यापितस्योशनसापि नी
तिं प्रयुक्तरागप्रणिधिर्द्विषस्ते कस्यार्थधर्मौ व
द पीडयामि सिन्धोस्तटावोघ इव प्रवृद्धः ६
कामेकपत्नीव्रतदुःखशीलां लोलं मनश्चारु
तया प्रविष्टाम् नितम्बिनीमिच्छसि मुक्तलज्जां क
ण्ठे स्वयंग्राहनिषक्तबाहुम् ७ कयासि कामि
न्सुरतापराधात् पादानतः कोपनयावधूतः
तस्याः करिष्यामि दृढानुतापं प्रवालशय्याश
रणं शरीरम् ८ प्रसीद विश्राम्यतु वीर वज्रं शरै
र्मदीयैः कतमः सुरारिः बिभेतु मोघीकृतबाहु
वीर्यः स्त्रीभ्योऽपि कोपस्फुरिताधराभ्यः ९ ॥

वार वार जमने, मरने के भय से कौन सा पुरुष तेरी संमति से बिना मुक्ति के मार्ग (निवृत्ति) मे प्रवृत्त हुआ है जो भौंवों के घुमाने से मनोहर युवतिओं के कटाक्षों से बंधा हुआ चिर तक संसार में ही पड़ा रहे ५ अपने हित विषयों के अभिलाष को भेज कर बढ़ा हुआ मैं बढ़ा हुआ प्रवाह नदी के दोनों तटों की नाईं शुक्र से नीति पढ़े हुए किस तेरे शत्रु के धर्म और अर्थ का नाश करूं ६ हे इंद्र पतिव्रता के नियमों में पक्की बहुत सुंदर रूप होने से तेरे चंचल मन में बैठी हुई किस स्त्री को तू चाहता है कि लज्जा को छोड़ आप ही भुजा को फैलाए तेरे गले से आ लिपटे ७ हे काम के रसीले किसी और स्त्री के संग दोष से बड़ी क्रुद्ध जिस स्त्री ने पाओं में गिरने पर भी तेरा तिरस्कार किया है कि जो ऐसी पछतावेगी जिसे कमलपत्रों की सज्या से विना कहीं आसरा नहीं मिलेगा ८ हे वीर तू प्रसन्न हो वज्र भी मत चला किंतु यह बता दे कि मेरे बाणों से जिस की भुजा का पराक्रम व्यर्थ हो जावे वह कौनसा राक्षस क्रोध से ओठ कंपाती हुई स्त्रियों से भी डरने लगे ९ ॥

तवप्रसादात्कुसुमायुधोऽपि सहायमेकंमधुमे
वलब्ध्वा कुर्य्यांहरस्यापिपिनाकपाणे र्धैर्य्यच्युतिं
केममधन्विनोऽन्ये १० अथोरुदेशादवतार्य्यपाद-
माक्रान्तिसम्भावितपादपीठम् सङ्कल्पितार्थे वि
वृतात्मशक्तिं माखण्डलः काममिदंबभाषे ११ सर्वं
सखेत्वय्युपपन्नमेतत् उभेममास्त्रे कुलिशंभवांश्च
वज्रंतपोवीर्य्यमहत्सुकुण्ठं त्वंसर्वतोगामिचसाधक
ञ्च १२ अवैमितेसारमतःखलुत्वां कार्य्येगुरुण्या
त्मसमंनियोक्ष्ये व्यादिश्यते भूधरतामवेक्ष्य कृष्णेन
देहोद्वहनायशेषः १३ आशंसतावाणगतिं वृषाङ्के
कार्य्यंत्वयानःप्रतिपन्नकल्पम् निबोधयज्ञांशभुजा
मिदानीमुच्चैर्द्विषामीप्सितमेतदेव १४ ॥

केवल एक वसंत (ऋतु) की सहायता पाकर कोमल फूलों के भी शस्त्र
हाथ में लिये मैं तेरी कृपा से धनुष हाथ में लिये महादेव के धैर्य को भी
तोड़ सकता हूं तो और धनुषधारी मेरे आगे क्या वस्तु हैं १० कामदेव की
बातें सुन कर जंघा पर से पांउ को उतार पादपीठ पै रख के इंद्र ने अपने
कार्य महादेव के धैर्य तोड़ने में सामर्थ्य प्रकाश करते हुए कामदेव को
यह कहा ११ हे मित्र ये सारी बातें तेरी यथार्थ हैं मेरे भी दोही अस्त्र हैं
वज्र और तू परंतु तपस्या के बल से बड़े ऋषियों के समीप वज्र जाही
नहीं सकता और तू सब स्थान में पहुंचता और कार्य भी सुधारता है १२
हे मित्र मैं तेरी सामर्थ्य को जानता हूं इस से बड़े महान् कार्य में
अपने स्थान तुझे लगाता हूं जैसे पृथ्वी उठाने की सामर्थ्य देख
कर कृष्णदेव ने अपनी देह उठाने के लिये सर्पों के राजा शेष को
आज्ञा दी है १३ महादेव में बाण की गति कहते हुए तू ने हमारा
कार्य मान भी लिया है शत्रुओं के बहुत बढ़ने से यज्ञों के भागों
में अधिकारी सब देवताओं का यही अभिप्राय जानना चाहिये
कि शिवजी भी विषय में पड़ें १४ ॥

अमी हि वीर्यप्रभवं भवस्य जयाय सेनान्यमुशन्ति
देवाः स च त्वदेकेषुनिपातसाध्यो ब्रह्माङ्गभूर्ब्रह्म
णि योजितात्मा १५ तस्मै हिमाद्रेः प्रयतां तनूजां य
तात्मने रोचयितुं यतस्व योषित्सु तद्वीर्यनिषेकभू
मिः सैव क्षमेत्यात्मभुवोपदिष्टम् १६ गुरोर्नियोगा
च्च नगेन्द्रकन्या स्थाणुं तपस्यन्तमधित्यकायाम् अ
न्वास्त इत्यप्सरसां मुखेभ्यः श्रुतं मया मत्प्रणिधिः
स वर्गः १७ तद्गच्छ सिद्ध्यै कुरु देवकार्यमर्थोऽ
यमर्थान्तरभाव्य एव अपेक्षते प्रत्ययमुत्तमं त्वां बी
जाङ्कुरः प्रागुदयादिवाम्भः १८ तस्मिन्सुराणां वि
जयेऽभ्युपायस्तवैव नामास्त्रगतिः कृती त्वम् अप्य
प्रसिद्धं यशसे हि पुंसामनन्यसाधारणमेव कर्म १९

ये सब देवता जीतने के लिये महादेव के तेज से उपजे हुए सेना पति
को चाहते हैं और सारे अंगों में मंत्रों को रखकर स्थिर चित्त से परब्रह्म
का ध्यान करता हुआ वह महादेव केवल तेरे एक बाण के गिरने से
ही वश में आसकता है १५ इस लिये नियम से पूजा करती पार्वती पर
महादेव के स्थिर चित चलाने का यत्न कर क्यों कि स्त्रियों में से गिरे हु
ए महादेव के वीर्य को वह ही उठा सकती है यह ब्रह्मा ने कहा है १६
मैंने (छिप कर घूमने में नियुक्त अपने दूत) अप्सराओं के मुंह से सु
ना है कि पिता की आज्ञा से पार्वती हिमालय के किसी शिखर पर तप
स्या करते महादेव की उपासना (सेवा) करती है १७ इससे कार्य की सि
द्धि के लिये जाकर देवताओं का कार्य करो चाहे यह कार्य पार्वती से ही
सिद्ध होगा तोभी पहिले तुझे उत्तम सहायक को चाह रहा है जैसे अंकु
र बीज बोने पर भी जल को चाहता है १८ देवताओं के इस जीतने के
उपाय में तेरा ही शस्त्र चल सकता है इस से तूही कृतार्थ है क्यों कि
अप्रसिद्ध भी जो काम और किसी से न हो सके वह पुरुष को बहुत
यश देता है १९ ॥

सुरास्समभ्यर्थयितारएते कार्य्यंत्रयाणामपिविष्ट
पानाम् चापेनतेकर्म्मनचातिहिंस्र महोवतासिस्पृ
हणीयवीर्य्यः २० मधुश्चतेमन्मथसाहचर्य्यादसा
वनुक्तोऽपिसहायएव समीरणोनोदयिताभवेति
व्यादिश्यतेकेनहुताशनस्य २१ तथेतिशेषामिवभ
र्त्तुराज्ञा मादायमूर्ध्नामदनःप्रतस्थे ऐरावतास्फाल
नकर्कशेन हस्तेनपस्पर्शतदङ्गमिन्द्रः २२ समाधवे
नाभिमतेनसख्या रत्याचसाशङ्कमनुप्रयातः अङ्ग
व्ययप्रार्थितकार्य्यसिद्धिः स्थाण्वाश्रमंहैमवतंज
गाम २३ तस्मिन्वनेसंयमिनांमुनीनां तपस्समाधेः
प्रतिकूलवर्त्ती सङ्कल्पयोनेरभिमानभूत मात्मा
नमाधायमधुर्जजृम्भे २४ ॥

इन सब देवताओं के याचन (भीख मांगने) से स्वर्ग मर्त्य और पाताल
इन तीन लोकों का अति मनोहर कार्य तेरे धनुष सेही सिद्ध होगा इसलिये
हे कामदेव तेरा आश्चर्य पराक्रम है २० हे कामदेव सदा इकट्ठे रहने से
यह बसन्त विना कहे ही तेरा सहायक है जैसे आग को चलाने के लिये
वायु को कोई आज्ञा नहीं देने जाता २१ प्रसन्नता से दी हुई माला की
नाईं स्वामी की आज्ञा को ऐसे ही करूंगा यह कह सिर पर मान के का
मदेव चल पड़ा और चलाने के लिये ऐरावत का ताड़न करने से कठोर
हाथ इंद्र ने भी मदन की देह से लगादिया अर्थात् जाने की अनुज्ञा दी
२२ कार्य को बहुत कठिन जान कर डरे हुए अपने प्यारे मित्र बसंत और
अपनी बहू रति को पीछे २ साथ लगाए वह कामदेव शरीर देकर
भी कार्य सिद्ध करने की इच्छा से हिमालय पर्वत पर महादेव के आ
श्रम को गया २३ उस वन में कामदेव के गर्व उपजने में कारण अ
पने स्वरूप को पसार के समाधि लगाते हुए ऋषियों की तपस्या और
समाधि का विरोधी बसंत बढ़ा २४ ॥

कुबेरगुप्तां दिशमुष्णरश्मौ गन्तुं प्रवृत्ते समयं-
विलङ्घ्य दिग्दक्षिणा गन्धवहं मुखेन व्यली
कनिःश्वासमिवोत्ससर्ज २५ असूत सद्यः कु
सुमान्यशोकः स्कन्धात्प्रभृत्येव सपल्लवानि
पादेन नापैक्षत सुन्दरीणां सम्पर्कमाशिञ्जि
तनूपुरेण २६ सद्यः प्रवालोद्गमचारुपत्रे नीते
समाप्तिं नवचूतबाणे निवेशयामास मधुर्द्विरे
फान्नामाक्षराणीव मनोभवस्य २७ वर्णप्र
कर्षे सति कर्णिकारं दुनोति निर्गन्धतया स्म
चेतः प्रायेण सामग्र्यविधौ गुणानां पराङ्मु
खी विश्वसृजः प्रवृत्तिः २८ बालेन्दुवक्राण्य
विकासभावाद्बभुः पलाशान्यतिलोहितानि
सद्यो वसन्तेन समागतानां नखक्षता-
नीव वनस्थलीनाम् २९ ॥

दक्षिणायन का समय बिता कर सूर्यभगवान् जब कुवेर की उ-
त्तर दिशा को जाने में प्रवृत्त हुए तो दक्षिण दिशा ने अपने मुख (म-
लयाचल) से दुःख के सांस की नाईं वायु छोड़ा २५ युवतिओं के-
नेवर झनकाते पाउं छूने की अपेक्षा छोड़ कर अशोक वृक्ष ने डालों
से मूल तक आपही फूल और पत्र शीघ्र उपजाए २६ बाण बनाने
में चतुर वसंत ने आम की नई मंजरी को बाण और नये पत्तों को
पंख बनाकर कामदेव के नाम के अक्षरों की नाईं शीघ्र ही उन
पर भौंरे बैठा दिये २७ सुंदर वर्ण होने पर भी गंध के न होने से
कनेर का फूल चित्त को बहुत दुःख देता है इस से मालूम होता
है सारे गुणों से पूर्ण करने के लिये ब्रह्मा जी सब से विमुख ही
रहते हैं २८ भली भांति खिलने से पहिले दूज के चांद की नाईं व-
क्र (टेढ़े) बहुत लाल केसू फूल अपने स्वामी वसंत के साथ क्री-
ड़ा करती वनस्थलियों के नये लगे हुए नखों के घाओं (घाओं) की ना-
ईं शोभित हुए २९ ॥

लग्नद्विरेफाञ्जनभक्तिचित्रं मुखे मधुश्रीस्ति
लकं प्रकाश्य रागेण बालारुणकोमलेन चूत
प्रवालोष्ठमलञ्चकार ३० मृगाः प्रियालद्रुमम
ञ्जरीणां रजःकणैर्विघ्नितदृष्टिपाताः मदोद्ध
ताः प्रत्यनिलं विचेरुर्वनस्थलीर्मर्मरपत्रमो-
क्षाः ३१ चूताङ्कुरास्वादकषायकण्ठः पुंस्कोकि
लो यन्मधुरं चुकूज मनस्विनीमानविघातदक्षं
तदेव जातं वचनं स्मरस्य ३२ हिमव्यपायाद्विश
दाधराणामापाण्डुरीभूतमुखच्छवीनाम् स्वे
दोद्गमः किम्पुरुषाङ्गनानां चक्रे पदं पत्रविशे-
षकेषु ३३ तपस्विनः स्थाणुवनौकसस्ता मा
कालिकीं वीक्ष्य मधुप्रवृत्तिम् प्रयत्नसंस्तम्भि
तविक्रियाणां कथञ्चिदीशा मनसां बभूवुः ३४

वसंत की शोभा ने अपने मुख पर अंजन की नाईं भौंरों से बहुत रंगों का तिलक लगा कर ओठों की नाईं आम के नये पत्तों को प्रातःकाल के अरुण के समान कोमल रंग से शोभित किया ३० सूखे पत्तों के गिरने से मड़मड़ाती वन की भूमियों पर राजादन वृक्षों के मंजरी की धूलि आंखों में पड़ने से देखने में दुःखित भी मद से उद्धत हरिण वायु के सामने मुख कर के ही चलते थे ३१ आम का मंजर खाने से कण्ठ को लाल कर के कोकिल ने जो बहुत ऊंचा मीठा शब्द किया वह ही मानिनी स्त्रियों के गर्व तोड़ने में चतुर कामदेव का वचन मालूम होता था ३२ हेमंत (ऋतु) के बीतने पर अलक्तक आदि के न लगाने से श्वेत ओठों और कुंकुम के न लगाने से पांडु (गुलाबी) मुखों से शोभित किन्नरियों की पत्र रचना पर पसीना आने लगा ३३ अब सर से बिना ही प्रवृत्त हुई उस वसंत की शोभा को देख कर महादेव के वन में रहने वाले तपस्विओं ने यत्न से विकारों को रोक कर बड़े कष्ट से चित्तों को वश में किया ३४ ॥

कुबेरगुप्तां दिशमुष्णरश्मौ गन्तुं प्रवृत्ते समयं-
विलङ्घ्य दिग्दक्षिणा गन्धवहं मुखेन व्यली
कनिश्वासमिवोत्ससर्ज २५ असूत सद्यः कु
सुमान्यशोकः स्कन्धात्प्रभृत्येव सपल्लवानि
पादेन नापैक्षत सुन्दरीणां सम्पर्कमाशिञ्जि
तनूपुरेण २६ सद्यः प्रवालोद्गमचारुपत्रे नीते
समाप्तिं नवचूतबाणे निवेशयामास मधुर्द्विरे
फान् नामाक्षराणीव मनोभवस्य २७ वर्णप्र
कर्षे सति कर्णिकारं दुनोति निर्गन्धतया स्म
चेतः प्रायेण सामग्र्यविधौ गुणानां पराङ्मु
खी विश्वसृजः प्रवृत्तिः २८ बालेन्दुवक्राण्य
विकासभावाद् बभुः पलाशान्यतिलोहिता
नि सद्यो वसन्तेन समागतानां नखक्षता-
नीव वनस्थलीनाम् २९ ॥

दक्षिणायन का समय बिता कर सूर्यभगवान् जब कुबेर की उ-
त्तर दिशा को जाने में प्रवृत्त हुए तो दक्षिण दिशा ने अपने मुख (म-
लयाचल) से दुःख के सांस की नांई वायु छोड़ा २५ युवतिओं के
नेवर छनकाते पाउं छूने की अपेक्षा छोड़ कर अशोक वृक्ष ने डालों
से मूल तक आपही फूल और पत्र शीघ्र उपजाए २६ बाण बनाने
में चतुर वसंत ने आम की नई मंजरी को बाण और नये पत्तों को
पंख बनाकर कामदेव के नाम के अक्षरों की नांई शीघ्र ही उन
पर भौंरे बैठा दिये २७ सुंदर वर्ण होने पर भी गंध के न होने से
कनेर का फूल चित्त को बहुत दुःख देता है इस से मालूम होता
है सारे गुणों से पूर्ण करने के लिये ब्रह्मा जी सब से विमुख ही
रहते हैं २८ भली भांति खिलने से पहिले दूज के चांद की नांई व-
क्र (टेढ़े) बहुत लाल केसू फूल अपने स्वामी वसंत के साथ क्री-
ड़ा करतीं वनस्थलियों के नये लगे हुए नखों के घाव (चाओ) की नांई
शोभित हुए २९ ॥

लग्नद्विरेफाञ्जनभक्तिचित्रं मुखेमधुश्रीस्ति
लकंप्रकाश्य रागेणबालारुणकोमलेन चूत
प्रवालोष्ठमलञ्चकार ३० मृगाःप्रियालद्रुमम
ञ्जरीणां रजःकणैर्विघ्नितदृष्टिपाताः मदोद्ध
ताःप्रत्यनिलंविचेरु र्वनस्थलीर्मर्मरपत्रमो-
क्षाः ३१ चूताङ्कुरास्वादकषायकण्ठः पुंस्कोकि
लोयन्मधुरञ्चुकूज मनस्विनीमानविघातदक्षं
तदेवजातंवचनंस्मरस्य ३२ हिमव्यपायाद्विश
दाधराणा मापाण्डुरीभूतमुखच्छवीनाम् स्वे
दोद्गमःकिम्पुरुषाङ्गनानां चक्रेपदंपत्रविशे-
षकेषु ३३ तपस्विनःस्थाणुवनौकसस्ता मा
कालिकींवीक्ष्यमधुप्रवृत्तिम् प्रयत्नसंस्तम्भि
तविक्रियाणां कथञ्चिदीशामनसांबभूवुः ३४

वसंत की शोभा ने अपने मुख पर अंजन की नाईं भौंरों से बहुत रंगों
का तिलक लगा कर ओठों की नाईं आम के नये पत्तों को प्रातःकाल
के अरुण के समान कोमल रंग से शोभित किया ३० सूखे पत्तों के
गिरने से मड़मड़ाती बन की भूमियों पर राजादन वृक्षों के मंजरों की
धूलि आंखोंमें पड़ने से देखने में दुःखित भी मद से उद्धत हरिण वा
यु के सामने मुख कर के ही चलते थे ३१ आम का मंजर खाने से
कंठ को लाल कर के कोकिल ने जो बहुत ऊंचा मीठा शब्द किया वह
ही मानिनी स्त्रियों के गर्व तोड़ने में चतुर कामदेव का वचन मालूम हो-
ताथा ३२ हेमंत (ऋतु) के बीतने पर अलक्तक आदि के न लगाने
से श्वेत ओठों और कुंकुम के न लगाने से पांडु (गुलाबी) मुखों से शो
भित किन्नरियों की पत्र रचना पर पसीना आने लगा ३३ अब रस से
विना ही प्रवृत्त हुई उस वसंत की शोभा को देख कर महादेव के व-
न मे रहने वाले तपस्विओं ने यत्न से विकारों को रोक कर बड़े कष्ट
से चित्तों को वश में किया ३४ ॥

तं देशमारोपितपुष्पचापे रतिद्वितीये मदने
प्रपन्ने काष्ठागतस्नेहरसानुविद्धं द्वन्द्वानि भाव
क्रियया विवव्रुः ३५ मधु द्विरेफः कुसुमैकपात्रे
पपौ प्रियां स्वामनुवर्त्तमानः शृङ्गेण च स्पर्श
निमीलिताक्षीं मृगीमकण्डूयत कृष्णसारः ३६
ददौ रसात्पङ्कजरेणुगन्धि गजाय गण्डूषजलं
करेणुः अर्द्धोपभुक्तेन बिसेन जायां सम्भावया
मास रथाङ्गनामा ३७ गीतान्तरेषु श्रमवारिले
शैः किञ्चित्समुच्छ्वासितपत्रलेखम् पुष्पास
वाघूर्णितनेत्रशोभि प्रियामुखं किम्पुरुषः चु
चुम्बे ३८ पर्य्याप्तपुष्पस्तबकस्तनाभ्यः स्फुर
त्प्रवालोष्ठमनोहराभ्यः लतावधूभ्यस्तरवो
प्यवापुर्विनम्रशाखाभुजबन्धनानि ३९ ॥

अपनी स्त्री रति को साथ ले कर पुष्पों का धनुष चढ़ाए कामदेव जब वहां प्राप्त हुआ तो दोनों और पशु, पक्षियों के मिथुनों (जोड़ों) ने भी अपनी २ चेष्टा से बहुत प्रेम से भरे हुए शृंगार रस को प्रगट किया ३५ और एक ही फूल पर बैठ अपनी प्यारी के अनुकूल होकर भौंरे ने मधु (फूलों का रस) पिया और स्पर्श सुख से आंख मीचती हरिनी को काला हरिन भी सींग से खुजलाने लगा ३६ हथिनी ने प्रेम से कमल की धूलि के गंध वाला जल सूंड में ले कर हाथी को दिया और चकवे ने आधा खा कर बिस (भे) अपनी प्यारी चकवी को दिया ३७ और किन्नर ने पसीने से मिली हुई पत्रों की रेखा और फूलों के मद्य से माती आंखों से शोभायमान अपनी प्यारी किन्नरी का मुख गाते गाते चूम लिया ३८ अपने स्तनों की नाईं भरे हुए फूलों के गुच्छों और ओठों की नाईं लाल कोमल पत्रों से मनो हर लता (बेलें) भी अपनी भुजा नयी हुई शाखाओं से बांध कर बहुओं की नाईं अपने स्वामी वृक्षों के गले मे जा लगीं ३९ ॥ ॥

श्रुताप्सरोगीतिरपि क्षणेऽस्मिन् हरः प्रसंख्यान-
परो बभूव आत्मेश्वराणां न हि जातु विघ्नाः समाधि-
भेदप्रभवो भवन्ति ४० लतागृहद्वारगतोऽथ नन्दी
वामप्रकोष्ठार्पितहेमवेत्रः मुखार्पितैकाङ्गुलिसं
ज्ञयैव मा चापलायेति गणान्व्यनैषीत् ४१ निष्कम्प
वृक्षं निभृतद्विरेफं मूकाण्डजं शान्तमृगप्रचारम्
तच्छासनात्काननमेव सर्वं चित्रार्पितारम्भमिवा
वतस्थे ४२ दृष्टिप्रपातं परिहृत्य तस्य कामः पुरः
शुक्रमिव प्रयाणे प्रान्तेषु संसक्तनमेरुशाखं ध्या
नास्पदं भूतपतेर्विवेश ४३ स देवदारुद्रुमवेदि
कायां शार्दूलचर्मव्यवधानवत्याम् आसीनमा
सन्नशरीरपातस्त्रियम्बकं संयमिनं ददर्श ४४ ॥

वसंत के प्रगट होने पर अप्सराओं के गीत सुन के भी महादेव का
चित्त परब्रह्म में ही लगा रहा क्यों कि जितेन्द्रियों के चित्त को कोई
विघ्न भी नहीं हिला सकते ४० लता मंडप के द्वार पर स्वर्ण का दंड हा
थ में लिये खड़े हो कर नंदी ने मुख में एक तर्जनी अंगुली देने के सं
केत से ही सारे प्रथम गणों को चंचलता छोडने की शिक्षा दी ४१
वृक्ष आदि उद्भिजों के पत्तों तक भी न हिलने से, भौंरे आदि स्वेदजों
के उड़ना छोड कर बैठ जाने से, पक्षि आदि अंडजों के चुप चा-
प होजाने से और हरिण आदि जरायुजों का घूमना हट जाने से व
ह साराही वन नंदी की आज्ञा पाकर चित्र में लिखे हुए की नाईं हो-
गया ४२ यात्रा में सामने शुक्र की नाईं उस नंदी की दृष्टि से बच क
र वह कामदेव दोनों ओर से झुकी हुई सुरपुंनाग की शाखाओं
से छाए हुए महादेव के समाधिस्थान पर जा पहुंचा ४३ मृत्यु के
समीप पहुंचे हुए उस कामदेव ने दियार द्रुमों की वेदी में सिंह का
चर्म बिछा कर बैठे समाधि लगाये त्रिनेत्र (महादेव) को देखा ४४

पर्य्यङ्कबन्धस्थिरपूर्वकायमृज्वायतं सन्नमितो
भयांसम् उत्तानपाणिद्वयसन्निवेशात् प्रफुल्ल
राजीवमिवाङ्कमध्ये ४५ भुजङ्गमोन्नद्धजटाक
लापं कर्णावसक्तद्विगुणाक्षसूत्रम् कण्ठप्रभा
सङ्गविशेषनीलां कृष्णत्वचं ग्रन्थिमतीं दधानम्
४६ किञ्चित्प्रकाशस्तिमितोग्रतारैर्भ्रूविक्रियायां
विरतप्रसङ्गैः नेत्रैरविस्पन्दितपक्ष्ममालैर्लक्ष्यीकृ
तघ्राणमधोमयूखैः ४७ अवृष्टिसंरम्भमिवाम्बु
वाहमपामिवाधारमनुत्तरङ्गम् अन्तश्चराणाम
रुतां निरोधान्निवातनिष्कम्पमिव प्रदीपम् ४८
कपालनेत्रान्तरलब्धमार्गैर्ज्योतिःप्ररोहैरुदितैः
शिरस्तः मृणालसूत्राधिकसौकुमार्य्यां बालस्य
लक्ष्मीं ग्लपयन्तमिन्दोः ४९ ॥

वीरासन बांधने से देह का उपरला भाग स्थिर किये कोमल औ-
र ढीले होकर दोनों स्कंदों (मोढों) को नवाए, और अंगुलियें
ऊपर को उठाए दोनों हाथ बांध कर अंक (गोद) में खिले हुए क-
मलकी नाईं स्थापन किये ४५ सांप से जटा (केश) सिर पर बांधे
कानों में दूनी रुद्राक्षों की माला लटकाये और कंठ में स्थित विष की
किरणों से बहुत नीला काले मृग का चर्म गांठ देकर ओढ़े ४६ थो-
ड़ी सी आंखें खोल कर तारे, पलकों और भवों को स्थिर करके नीचे
को दृष्टि किये एकटक तीनों आंखों से नाक का अगला भाग देख-
ते ४७ शरीर के अंदर चलने वाले वायु (प्राणों) के रोकने से वर्षा
से रहित मेघ, तरंगों (लहरों) से बिना बड़े सरोवर और वायु रहि-
त स्थान में धरे हुए दीपकी शिखा के समान स्थिर और गंभीर ४८
तीसरे नेत्र के बीच से मार्ग लेके ब्रह्मरंध्र (तालु) से निकसी
हुई तेज की शिखाओं से मृणाल (भे) के सूत से भी बहुत को-
मल बाल चंद्रमा की शोभा को हीन करते ४९ ॥

मनोनवद्वारनिषिद्धवृत्ति हृदिव्यवस्थाप्यसमा
धिवश्यम् यमक्षरंक्षेत्रविदोविदुस्त मात्मानमा-
त्मन्यवलोकयन्तम् ५० स्मरस्तथाभूतमयुग्म
नेत्रं पश्यन्नदूरान्मनसाप्यधृष्यम् नालक्षयत्सा
ध्वससन्नहस्तः स्रस्तंशरंचापमपिस्वहस्तात् ५१
निर्वाणभूयिष्ठमथास्यवीर्य्यं सन्धुक्षयन्तीवव-
पुर्गुणेन अनुप्रयाता वनदेवताभ्या मदृश्यत -
स्थावरराजकन्या ५२ अशोकनिर्भर्त्सितपद्म
रागं माकृष्टहेमद्युतिकर्णिकारम् मुक्ताकला
पीकृतसिन्दुवारं वसन्तपुष्पाभरणंवहन्ती ५३
आवर्जिताकिञ्चिदिवस्तनाभ्यां वासोवसानात
रुणार्करागम् पर्य्याप्तपुष्पस्तवकावनम्रा स
ञ्चारिणीपल्लविनीलतेव ५४ ॥

चक्षु आदि नौ द्वारों से वृत्तिओं को रोकने से समाधि के वश मन
को हृदय में स्थिर कर के योगी जनों ने अविनाशी कहे हुए प-
रब्रह्म को अपने स्वरूप में प्रत्यक्ष देखते ५० इस भांति समाधि
में स्थित कभी मन से भी न डरने वाले त्रिनेत्र (महादेव) को दे-
ख कर कामदेव ने डर कर सन्न हुए हाथ से गिरे हुए धनुष
और बाण को नहीं समुझा ५१ इतने में ही नाश के समीप पहुंचे
कामदेव के पराक्रम को अपने सुंदर रूप से फिर जिलाती वन
की देवता दो सखियों को साथ ले आती पर्वतों के राजा (हिमा-
लय) की पुत्री (पार्वती) दीख पड़ी ५२ वसंत ऋतु में उपजे हुए
पद्मराग मणि से अधिक अरुण अशोक के, स्वर्ण की नाईं शोभा
यमान कनेर के और मोतियों के स्थान पर लटकाए इंद्रायणी के फूलों
से भूषण बनाकर धारण करती ५३ भरे हुए फूलों के गुच्छों से
नपी हुई कोमल पत्तों वाली लता की नाईं प्रातःकाल के सूर्य की
नाईं अरुण वस्त्र पहिने स्तनों के भार से कुछ नपी हुई ५४ ॥

स्रस्तांनितम्बादवलम्बमाना पुनःपुनःकेशर दामकाञ्चीम् न्यासीकृतांस्थानविदास्मरेण मौर्वीं द्वितीयामिवकार्म्मुकस्य ५५ सुगन्धिनिश्वासविवृद्धतृष्णं बिम्बाधरासन्नचरं द्विरेफम् प्रतिक्षणंसम्भ्रमलोलदृष्टि र्लीलारविन्देननिवारयन्ती ५६ तांवीक्ष्यसर्वावयवानवद्यां रतेरपिह्रीपदमादधानाम् जितेन्द्रियेशूलिनिपुष्पचापःस्वकार्य्यसिद्धिंपुनराशशंस ५७ भविष्यतःपत्युरुमाचशम्भोः समाससादप्रतिहारभूमिम् योगात्सचान्तःपरमात्मसंज्ञं दृष्ट्वापरंज्योतिरुपारराम ५८ ततोभुजङ्गाधिपतेःफणाग्रै रधःकथंचिद्धृतभूमिभागः शनैःकृतप्राणविमुक्तिरीशः पर्य्यङ्कबन्धंनिबिडंबिभेद ५९ ॥

उत्तम स्थान समुझ कर कामदेव ने अपने धनुष की दूसरी ज्या (चिल्ले) की नाईं रखी हुई नितंब से गिरती बकुलमाला की कांची (तड़ागी) को बार बार हाथ से पकड़ती ५५ स्वास के उत्तम गंध से तृष्णा (लालसा) को बढ़ाकर बिंब (फल) के समान अरुण ओंठ के समीप झूमते भौरे को डरी हुई चकित दृष्टि से देख के क्षण क्षण में खेलने के कमल से हटाती ५६ कामदेव की स्त्री रति को भी लज्जा देती और सब अंगों से सुंदर उस पार्वती को देख कर कामदेव ने जितेंद्रिय महादेव में फिर अपना कार्य सिद्ध करना चाहा ५७ पार्वती भी आगे होन हार अपने स्वामी महादेव के द्वार पर आपहुंची और महादेव भी मुख्य जोतीस्वरूप परमात्मा को समाधि से देख कर निवृत्त हुए ५८ तब बड़ी कठिनता से शेष ने फणों पर उठाए भूमि के खंड पर बैठे हुए ईश (महादेव) ने सहज सहज से प्राणों को छोड़ कर पक्के बंधे हुए वीरासन को शिथिल किया ५९ ॥

तस्मै शशंस प्रणिपत्य नन्दी शुश्रूषया शैलसुता
मुपेताम् प्रवेशयामास च भर्तुरेनां भ्रूक्षेपमात्रा
नुमतप्रवेशाम् ६० तस्याः सखीभ्यां प्रणिपात-
पूर्वं स्वहस्तलूनः शिशिरात्ययस्य व्यकीर्य्यत त्र्य
म्बकपादमूले पुष्पोच्चयः पल्लवभङ्गभिन्नः ६१
उमापि नीलालकमध्यशोभि विस्रंसयन्ती नव
कर्णिकारम् चकार कर्णच्युतपल्लवेन मूर्ध्ना प्र
णामं वृषभध्वजाय ६२ अनन्यभाजं पतिमाप्नुही
ति सा तथ्यमेवाभिहिता भवेन न हीश्वरव्याहृ-
तयः कदाचित् पुष्णन्ति लोके विपरीतमर्थम्
६३ कामस्तु बाणावसरं प्रतीक्ष्य पतङ्गवद्वह्निमु
खं विविक्षुः उमासमक्षं हरबद्धलक्ष्यः शरासनज्यां
मुहुरामर्श ६४ ॥

महादेव को प्रणाम कर नंदी ने सेवा के लिये आई पार्वती का निवेद-
न किया और भवों के घुमाने सेही इस के अंदर ले आने में स्वामी की
संमति जान कर पार्वती को अंदर ले आया ६० सखियों के साथ अ-
पने हाथों से तोड़ा हुआ उस पार्वती का वसंत के फूलों और पत्रों का
समूह प्रणाम करते ही महादेव के पाओं पर चढ़ गया ६१ नील
अलकाओं में शोभायमान नये कनेर के फूलों को गिराती उस पार्वती
ने भी कानों से पत्रों को गिराते मूर्धा (सिर) से वृषभध्वज (महादेव)
को प्रणाम की ६२ प्रणाम करने से पीछे पार्वती को महादेव ने यह
सच्चा ही वाक्य कहा कि तू औरों को न प्राप्त होने योग्य स्वामी को प्राप्त
हो क्यों कि जगत में महात्माओं के वाक्य विरुद्ध अर्थ को कभी नहीं
जनाते ६३ बाण चलाने का अवसर जानकर आग में गिरते शल-
भ की नाईं कामदेव ने पार्वती के सामने शिवजी की ओर बाण
छोड़ने के लिये बारबार धनुष की ज्या खैंची ६४ ॥

अथोपनिन्ये गिरिशाय गौरी तपस्विने ताम्ररु-
चा करेण विशोषितां भानुमतो मयूखैर्मन्दा-
किनीपुष्करबीजमालाम् ६५ प्रतिग्रहीतुं प्र-
णयिप्रियत्वात् त्रिलोचनस्तामुपचक्रमे च
सम्मोहनं नाम च पुष्पधन्वा धनुष्यमोघं सम
धत्त बाणम् ६६ हरस्तु किञ्चित्परिलुप्तधै-
र्यश्चन्द्रोदयारम्भ इवाम्बुराशिः उमामुखे-
बिम्बफलाधरोष्ठे व्यापारयामास विलोच-
नानि ६७ विवृण्वती शैलसुतापि भावमङ्गैः
स्फुरद्बालकदम्बकल्पैः साचीकृता चारुत
रेण तस्थौ मुखेन पर्यस्तविलोचनेन ६८ अ-
थेन्द्रियक्षोभमयुग्मनेत्रः पुनर्वशित्वाद्बलव
न्निगृह्य हेतुं स्वचेतोविकृतेर्दिदृक्षुर्दिशामु
पान्तेषु ससर्ज दृष्टिम् ६९ ॥

इतने में ही सूर्य के किरणों से सुखाई हुई आकाश गंगा में उपजे हुए कमलों के बीजों की माला पार्वती ने तांबे की नाईं अरुण हाथों से तपस्वी महादेव को चढ़ाई ६५ भक्तों के प्यारे महादेव चढ़ाई हुई उस माला के लेने को आगे नय गये और कामदेव ने फूलों के धनुष पर संमोहन नामी अमोघ बाण चढ़ाया ६६ चंद्रोदय के प्रारंभ में समुद्र की नाईं अन्तःकरण के थोड़े हिलने पर महादेव ने बिंब फल की नाईं अरुण ओठों से शोभायमान पार्वती के मुख को तीनों आंखें खोलकर प्रेम से देखा ६७ रोम खड़े होजाने से कांपते हुए छोटे कदंब हक्षों के समान अंगों से शृंगार भाव को प्रगट करती हुई पार्वती भी लज्जा से नेत्र घुमा कर नीचे को मुख कर के स्थित हुई ६८ जितेंद्रिय महादेव ने इंद्रियों के विकारों को फिर बल से रोक कर अपने चित्त के विकार का निमित्त देखने की इच्छा से चारों ओर समीप देशों में दृष्टि फेंकी ६९ ॥

स दक्षिणापाङ्ग-निविष्टमुष्टिं नतांसमाकुञ्चित
सव्यपादम् ददर्श चक्रीकृतचारुचापं प्रहर्त्तुमभ्यु
द्यतमात्मयोनिम् ७० तपःपरामर्शविवृद्धमन्यो
र्भ्रूभङ्ग-दुष्प्रेक्ष्यमुखस्य तस्य स्फुरन्नुदर्चिः सहसा
तृतीयादक्ष्णः कृशानुः किलनिष्पपात ७१ क्रो
धं प्रभो संहर संहरेति यावद्गिरः खेमरुतां चरन्ति
तावत्सवह्निर्भवनेत्रजन्मा भस्मावशेषं मदनं च
कार ७२ तीव्राभिषङ्ग-प्रभवेण वृत्तिं मोहेन संस्त
म्भयतेन्द्रियाणाम् अज्ञातभर्तृव्यसनामुहूर्त्तं
कृतोपकारेव रतिर्बभूव ७३ तमाशुविघ्नंतपस
स्तपस्वी वनस्पतिंवज्र इवावभज्य स्त्रीसन्निक
र्षंपरिहर्त्तुमिच्छन्नन्तर्दधे भूतपतिःसभूतः ७४

दहिनी आंख के पास मुठी रखे दहिना पाउं सकुचाए खेंच क
र धनुष को गोल मंडल की नाईं किये मारने को उद्यत वल ल
गाने से नये हुए कामदेव को महादेव ने देखा ७० तपस्या में वि
घ्न डालने से वहुत क्रुद्ध भवों को घुमा कर वड़ा भयानक मुख कि
ये महादेव की तीसरी आंख से वड़ी ज्वाला निकालती हुई आग
एकवारगी निकसी ७१ हे स्वामिन् क्रोध हटा लो हटा लो यह
वात सारे देवता आकाश में कह ही रहे थे कि महादेव के नेत्र से
उपजी हुई आग ने कामदेव को भसम ही कर दिया ७२ चक्षु
आदि इंद्रियों की वृत्तियां रोक के दुःसह अभिभव से उपजी
हुई मूर्छा ने दो घड़ी तक स्वामी का मर्ना न समुझन देने से
रति पर उपकार किया ७३ वृक्ष को वज्र की नाईं तपस्या
के विघ्न उस कामदेव को शीघ्र ही तोड़ कर तपस्वी महादेव
स्त्री की समीपता त्याग देने की इच्छा से अपने भूत गणों
के साथ ही छिप गये ७४ ॥

शैलात्मजापि पितुरुच्छिरसोऽभिलाषं व्यर्थं समर्थ्य ललितं वपुरात्मनश्च सख्योः समक्षमिति चाधिकजातलज्जा शून्या जगाम भवनाभिमुखी कथञ्चित् ७५ सपदि मुकुलिताक्षीं रुद्रसंरम्भभीत्या दुहितरमनुकम्प्यामद्रिरादाय दोर्भ्याम् सुरगज इव बिभ्रत्पद्मिनीं दन्तलग्नां प्रतिपथगतिरासीद्वेगदीर्घीकृताङ्गः ७६ ॥ इति

अपने मनोहर शरीर और महात्मा पिता (हिमालय) के शिवजी वर प्राप्त होने के मनोरथ को व्यर्थ जान कर (पार्वती भी) (सखियों के सामने अपमान होने से बहुत २ लज्जित) उत्साह छोड बहुत दुःखित घर की ओर गई ७५ महादेव के क्रोध से डर कर आंख मीचे हुए अपनी प्यारी कन्या पार्वती को (बहुत शीघ्र अंगों को बढ़ा कर आगे से लेने गया हुआ) हिमालय भुजों में लेकर दांतों पर कमलिनी लगाए ऐरावत की नाईं शोभित हुआ ७६ ॥

इति पं॰ सुखदयाल का बनाया कुमार का तीसरे सर्ग का हिंदी में अनुवाद समाप्त हुआ॰ ॥

चतुर्थः सर्गः ॥

अथमोहपरायणासती विवशाकामवधू
र्विबोधिता विधिनाप्रतिपादयिष्यता नववै
धव्यमसह्यवेदनम् १ अवधानपरेचकार
सा प्रलयान्तोन्मिषितेविलोचने नविवेदत
योरतृप्तयोः प्रियमत्यन्तविलुप्तदर्शनम् २
अयिजीवितनाथजीवसी त्यभिधायोत्थित
यातयापुरः ददृशेपुरुषाकृतिक्षितौ हरको
पानलभस्मकेवलम् ३ अथसापुनरेवविह्व
ला वसुधालिङ्गनधूसरस्तनी विललापवि
कीर्णमूर्द्धजा समदुःखामिवकुर्वतीस्थली
म् ४ उपमानमभूद्विलासिनां करणंयत्तवका
न्तिमत्तया तदिदंगतमीदृशींदशां नविदी-
र्य्येकठिनाःखलुस्त्रियः ५ ॥

मूर्छित हो कर हाथ पाउं चलाने से भी रहित पतिव्रता कामदेव
की स्त्री रति को बहुत दुःख देने वाला नया विधवा होना जनाने के लि
ये दैव ने जगाया १ रति ने अपने स्वामि को देखने के लिये मूर्छा से पी
छे खुली हुई आंखें को एक टक देखने में प्रवृत्त किया क्योंकि देख
ने की भूखी आंखों के प्यारे कामदेव का रूप उसने नहीं जाना २
हे प्राणनाथ (स्वामी) तू जीता है ऐसे कह कर उठी हुई रति ने पृथ्वी पर
अपने सामने मनुष्य के आकार की महादेव के क्रोध की भस्म (राख)
ही देखी ३ भस्म देख कर फिर बहुत दुःखित, केशों को बिखार भूमि
पर लोटने से स्तनों पर धूलि लिपटा कर वह रती ऐसी करुणा से रोई
कि जीवों को क्या समीप की भूमि को भी रुला दीथी ४ तेरे जिस
सुन्दर शरीर की उपमा विलासी (विषयी) मनुष्यों को दी जाती थी व
ह तेरा शरीर भस्म हो जाने पर भी मेरे शरीर के न फटने से मालूम
होता है कि स्त्रिया बहुत कठिन (करड़ी) होती हैं ५ ॥

क्रतुमांत्वदधीनजीवितां विनिकीर्य्यक्षणभिन्न
सौहृदः नलिनींक्षतसेतुबन्धनो जलसङ्घातइवा
सिविद्रुतः ६ कृतवानसिविप्रियंनमे प्रतिकूलं
नचतेमयाकृतम् किमकारणमेवदर्शनं विलप
न्त्यैरतयेनदीयते ७ स्मरसिस्मरमेखलागुणै रु
तगोत्रस्खलितेषुबन्धनम् च्युतकेशरदूषितेक्ष
णा न्यवतंसोत्पलताडनानिवा ८ हृदयेवससी
तिमत्प्रियं यदवोचस्तदवैमिकैतवम् उपचार
पदंनचेदिदं त्वमनङ्गःकथमक्षतारतिः ९ पर
लोकनवप्रवासिनः प्रतिपत्स्येपदवीमहंतव
विधिनाजनएषवञ्चित स्त्वदधीनंखलुदेहि
नांसुखम् १० ॥

तटों के बंधन टूट जाने से पानी का समूह कमलिनी की नाईं
तेरे अधीन प्राणों वाली को मुझे कहां फेंक कर एक क्षण
में प्रेम को तोड़ के तू भाग गया है ६ हे प्यारे तूने मेरा कुछ
नहीं बिगाड़ा और मैं ने भी तेरा कुछ अपराध नहीं किया तेरे
देखने के लिये रोती हुई रति को किसी अपराध से बिना तू
क्यों नहीं दर्शन देता ७ हे कामदेव किसी और स्त्री का नाम
लेने पर तड़ागी के सूत्र से बांध कर मारे हुए कान के भूषण
कमल की केशर पड़ जाने से दुखी हुई आंख को स्मरण
करके क्या तू रुष्ट हुआ है ८ मेरे हृदय में तू बसती है यह
मेरे हित का वाक्य जो तू ने कहा था उसे मिथ्या (झूठ) ही
समुझती हूं जो कभी यह बात सत्य होती तो तेरा शरीर सड़
जाने पर रति (मैं) कैसे बच रही ९ पर लोक में गये हुए और
नये विदेशी को मैं तो लभ ही लेऊंगी किंतु इन जगत के लो
गों को दैव (मंदभाग्य) ने ठग लिया क्यों कि देहधारियों का
सुख तेरे ही अधीन था १० ॥

रजनीतिमिरावगुण्ठिते पुरमार्गेघनशब्दवि
क्लवाः वसतिंप्रियकामिनांप्रिया स्त्वदृतेप्राप
यिताकईश्वरः ११ नयनान्यरुणानिघूर्णयन्
वचनानिस्खलयन्पदेपदे असतित्वयि वारु
णीमदः प्रमदानामधुनाविडम्बना, १२ अव
गम्यकथीकृतंवपुः प्रियबन्धोस्तवनिष्फलोद
यः बहुलेऽपिगतेनिशाकर स्तनुतांदुःखमनङ्ग
मोक्ष्यति १३ हरितारुणचारुबन्धनः कलपुंस्को
किलशब्दसूचितः वदसम्प्रतिकस्यबाणतां न
वचूतप्रसवोगमिष्यति १४ अलिपङ्क्तिरनेकश
स्त्वया गुणकृत्येधनुषोनियोजिता विरुतैःकरु
णस्वनैरियं गुरुशोकामनुरोदितीवमाम् १५

राति के अंधेरे से ढपे हुए नगर के मार्ग में मेघों के गर्जन से
डरी हुई युवतियों को तेरे विना आप ही विरही जनों के स्थान
पर कौन पहुंचा सकता है ११ अरुण नेत्रों को घुमाता और पद
पद में वाक्यों को गिराता हुआ वारुणी (मदिरा) का मद तेरे
विना अव युवतियों का अनुकरण (नकल) ही रह गया है १२
हे शरीररहित प्यारे संबंधी तुझ के शरीर की बात ही शेष रही
जान कर चंद्रमा कृष्णपक्ष के बीतने पर शुक्ल पक्ष में भी अपने
उदय होने को व्यर्थ समुझ के बड़े क्लेश से छूटता है १३ कोकि
ल के मधुर शब्द से जनाया हुआ हरे और अरुण बंधन से म-
नोहर आम का नया मंजर अब किस का बाण बनेगा यह
तू बता १४ धनुष की ज्या (चिल्ला) बनाकर शोभित की हुई यह
भौरों की पांति दीन स्वर के कूजन (पक्षिशब्द) से न सहने
के योग्य शोक से मेरे पीछे रोती मालूम होती है १५ ॥

प्रतिपद्यमनोहरंवपुः पुनरप्यादिशतावतुत्थि
तः रतिदूतिपदेषुकोकिलां मधुरालापनिस
र्गपण्डिताम् १६ शिरसाप्रणिपत्ययाचिता
न्युपगूढानिसवेपथूनिच सुरतानिचतानि-
तेरह: स्मरसंस्मरणनशान्तिवन्तिते १७ रचितं
रतिपण्डितत्वया स्वयमङ्गेषुममेदमार्तवम्
ध्रियतेकुसुमप्रसाधनं तवतच्चारुवपुर्नदृश्य
ते १८ विबुधैरसियस्यदारुणै रसमाप्तेपरिक
र्मणिस्मृतः तमिमङ्कुरुदक्षिणेतरं चरणंनि
र्मितरागमेहिमे १९ अहमेत्यपतङ्गवर्त्मना
पुनरङ्काश्रयिणीभवामिते चतुरैःसुरका-
मिनीजनैः प्रियपावन्नविलोभ्यसेदिवि २० ॥

अभी बहुत सुंदर शरीर धारण किये उठ कर तू मधुर बो
लने में स्वभाव से चतुर कोकिल को क्रीडा (भोग) के
कार्य में फिर दूती बनने की आज्ञा दे १६ एकांत में
पाओंमें सिर धर कर मांगे हुए आलिंगन (गलेलगा
ना) कांपते कांपते मैथुन करलेना हेकामदेव तेरा
स्मरण कर के मुझे शांति नही आती १७ हे क्रीडा में च
तुर तेरे हाथ के बने हुए वसंत ऋतु के फूलों के भूषण मे
रे अंगों में वैसेही बने हैं और उनके बनाने वाला वह तेरा
मनोहर शरीर नही दीखता १८ जिस के रंगते रंगते बीच
में ही कठोर देवताओं ने स्मरण कर के तुझे बुला लिया है
उस मेरे दाहिने पांउ पर शीघ्र आकर लाख का रंग चढ़ा
१९ हे प्यारे मैं तो आग में प्रवेश करके पहिले ही तेरे अं
क (गोद) में आबैठती हूं जबतक कि स्वर्ग में चतुर अ
प्सरा झन तुझे लुभा न लेंगी २० ॥

मदनेनविनाकृतारतिः क्षणमात्रंकिलजीविते
तिमे वचनीयमिदंव्यवस्थितं रमणत्वामनुयामि
यद्यपि २१ क्रियतांकथमन्त्यमण्डनं परलोकान्त
रितस्यतेमया सममेवगतोऽस्यतर्कितां गतिमङ्ग-
नचजीवितेनच २२ ऋजुतांनयतःस्मरामिते
शरमुत्सङ्गनिषण्णधन्वनः मधुनासहसस्मितां
कथां नयनोपान्तविलोकितंचयत २३ क्वनुते
हृदयङ्गमःसखा कुसुमायोजितकार्मुकोमधुः
नखलूग्ररुषापिनाकिना गमितःसोऽपिसुहृद्ग
तांगतिम् २४ अथतैःपरिदेविताक्षरै र्हृदयेदिग्ध
शरैरिवाहतः रतिमभ्युपपत्तुमातुरां मधुरात्म
नमदर्शयत्पुरः २५ ॥

हे प्यारे मैं तेरे पीछे चाहे सती भी हो जाऊंगी तो भी कामदेव
से बिनारति क्षण भर जीती रही यह निंदा मेरी प्रसिद्ध हो ही गई है
२१ बिना बिचारे एकबार ही देह के साथ ही तेरे छिप जाने पर मरी
हुई देह के भी न मिलने से मरने से पीछे करने के योग्य दाह पिं
डदान आदि क्रिया को भी मैं किस भांति करूं २२ अंक में धनुष
रख कर बाण को तीक्ष्ण करते हुए अपने मित्र वसंत के साथ हं
स हंस के बोलियां बातें और नेत्र घुमा कर कटाक्ष से देखने को
मैं स्मरण करती हूं २३ फूलों के धनुष बनाता तेरे मन का प्यारा
मित्र वसंत कहां है बड़े क्रोधी महादेव ने तेरे साथ ही कहीं उ
से भी भस्म तो नहीं कर दिया २४ विष से लिपटे हुए बाणों की
नाईं अत्यंत शोक से भरे हुए रति के उन विलापों से हृदय में विं
धा हुआ वसंत बहुत दीन रति को धैर्य देने के लिये सामने
आकर प्रगट हुआ २५ ॥

तमवेक्ष्य रुरोद सा भृशं स्तनसम्बाधमुरो जघान च स्वजनस्य हि दुःखमग्रतो विवृतद्वारमिवोपजायते २६ इति चैनमुवाच दुःखिता सुहृदः पश्य वसन्त किं स्थितम् तदिदं कणशो विकीर्यते पवनैर्भस्म कपोतकर्बुरम् २७ अपि सम्प्रति देहि दर्शनं स्मर पर्युत्सुक एष माधवः दयितास्वनवस्थितं नृणां न खलु प्रेम चलं सुहृज्जने २८ अमुना ननु पार्श्ववर्तिना जगदाज्ञा ससुरासुरं तव विसतन्तुगुणस्य कारितं धनुषः पेलवपुष्पपत्रिणः २९ गत एव न ते निवर्तते स सखा दीप इवानिलाहतः अहमस्य दशेव पश्य मामविषह्यव्यसनेन धूमिताम् ३० ॥

वसंत को देख के रति स्तनों और जंघाओं को ताड़न कर बहुत रोने लगी क्यों कि अपने सवंधि के आगे हृदय फाड़कर दुःख प्रवल हो जाता है २६ और बहुत दुखी हो रति ने सारा वृत्तान्त सुनाकर इसे कहा कि हे बसंत तू देख तेरे मित्र के उस सुंदर देहकी शेषरही हुई कबूतर के पंखों के रंग की धूलि करण करण हो कर आकाश में उडरही है २७ प्यारे अव अवश्य दर्शन दे तेरा मित्र वसंत वहुत उत्कंठित होरहाहै क्यों कि स्त्रियों से तो प्रेम झूठा भी हो पर मित्रों से तो बहुत पक्का होता है २८ हे कामदेव पास रहने वाले मित्र वसंत ने कोमल फूलों के वाण भेके सूत्र से वंधी हुई ज्या पर चढ़ाते तेरे धनुष की आज्ञा मे चर अचर सारा जगत कर दिया है २९ हे बसंत वायु से बुझे हुए दीयेकी नाईं गया हुआ वह तेरा मित्र कामदेव अव नहीं हटता है न सहने के योग्य बहुत दुख से धुषती वती के समान मैं शेष रह गई हूं ३० ॥ ॥

विधिनाकृतमर्द्धवैशसं ननुमांकामवधेविमु
ञ्चता अनपायिनिसंश्रयद्रुमे गजभग्नेपतनाय
वल्लरी ३१ तदिदंक्रियतामनन्तरं भवताबन्धुज
नप्रयोजनम् विधुरांज्वलनातिसर्जनान्ननुमां
प्रापयपत्युरन्तिकम् ३२ शशिनासहयातिकौ
मुदी सहमेघेनतडित्प्रलीयते प्रमदाःपतिव-
र्त्मगाइति प्रतिपन्नंहिविचेतनैरपि ३३ अमुनै
वकषायितस्तनी सुभगेनप्रियगात्रभस्मना
नवपल्लवसंस्तरेयथा रचयिष्यामितनुंविभा
वसौ ३४ कुसुमास्तरणेसहायतां बहुशःसौ
म्यगतस्त्वमावयोः कुरुसम्प्रतितावदाशुमे प्र
णिपाताञ्जलियाचितश्चिताम् ३५ ॥

हे वसंत मुझे छोड़ कामदेव को मारते हुए दैव ने आधी हिंसा
की (मुझे अधमुई कर दिया) जैसे कि हाथी से अपने आधार वृ
क्ष के टूटने पर ऊपर की लता नीचे ही गिर पड़ती है ३१ हे वसंत
इस से बंधु जनों के करने योग्य यह काम तुझे अंत में अवश्य
करना चाहिये कि पराधीन हुई हुई को मुझे आग में डाल देक
र स्वामि (कामदेव) के पास तू पहुंचा दे ३२ चंद्रमा के साथ
ही चांदनी चली जाती और मेघ के साथ ही बिजली छिप जा-
ती है इस से प्रतीत हुआ कि स्त्रियां अपने पतिओं के पीछे जाती
हैं यह जड़ों तक भी प्रसिद्ध है ३३ प्यारे के शरीर की इसी सुंदर
भस्म से स्तनों को रंग कर नये कोमल पत्तों की सज्जा के समान
आग पर अपने शरीर को धर देऊंगी ३४ हे सुशील हमारी फूलों
की सज्जा बनाने में तू ने बहुत बेर सहायता की है अब हाथ
बांध प्रणाम कर भीख मांगती हूं कि शीघ्र मेरी चिता बना
३५ ॥

नदनुज्वलनं मदर्पितं त्वरयेर्दक्षिणवातवीजनैः
विदितं खलु ते यथा स्मरः क्षणमप्युत्सहते न मां वि-
ना ३६ इति चापि विधाय दीयतां सलिलस्याञ्ज-
लिरेक एव नौ अविभज्य परत्र तं मया सहितः पा-
स्यति ते स बान्धवः ३७ परलोकविधौ च माधव
स्मरमुद्दिश्य विलोलपल्लवाः निवपेः सहकार
मञ्जरीः प्रियचूतप्रसवो हि ते सखा ३८ इति देह
विमुक्तये स्थितां रतिमाकाशभवा सरस्वती शफ
रीं ह्रदशोषविक्लवां प्रथमा वृष्टिरिवान्वकम्प
त ३९ कुसुमायुधपत्नि दुर्लभस्तव भर्त्ता न चिरा
द्भविष्यति शृणु येन स कर्मणा गतः शलभत्वं ह
रलोचनार्चिषि ४० अभिलाषमुदीरितेन्द्रियः स्व
सुतायामकरोत्प्रजापतिः अथ तेन निगृह्य वि-
क्रिया मभिशप्तः फलमेतदन्वभूत् ४१ ॥

फिर मलयाचल की वायु से मेरी देह में लगी हुई आग को बहुत शी-
घ्र बढ़ा देना कि तुझे मालूम ही है मेरे बिना कामदेव एक क्षण भी
नहीं रहना चाहता ३६ इस भांति दाह से पीछे तू ने एक ही तिलां
जलि हम दोनों को देनी जिसे तेरा मित्र (कामदेव) परलोक में मेरे
साथ ही प्रेम से पीयेगा ३७ हे वसंत श्राद्ध में पिंड देने के समय का
मदेव के नाम से कोमल पत्तों वाले आम के मंजर तू ने अवश्य देने
क्यों कि तेरा मित्र आमके मंजर का बहुत प्यारा है ३८ इस भांति दे-
ह त्यागने को सन्नद्ध रति पर आकाश वाणी ने ह्रद के सूखने से व
हुत दुखी मछली पर पहिली वर्षा की नाईं कृपा की ३९ हे काम
देव की पत्नी थोड़े ही समय में तेरा स्वामी तुझे मिलेगा और सुन
जिस हेतु से वह शिवजी के नेत्र की आग में शलभ बन गया-
है ४० काम की अधिकता से इंद्रियों के बिगड़ जाने पर ब्रह्मा
ने अपनी कन्या (सरस्वती) से संयोग करना चाहा तब इंद्रियें
को रोक कर उन्होंने जो इसे शाप दिया था उसका फल (दाह) मिला है ४१

परिणेष्यति पार्वतीं यदा तपसा तत्प्रवणीकृतो हरः उपलब्धसुखस्तदास्मरं वपुषा स्वेन नियोजयिष्यति ४२ इति चाह स धर्मयाचितः स्मरशापावधिदां सरस्वतीम् अशनेरमृतस्य चोभयोर्वशिनश्चाम्बुधराश्चयोनयः ४३ तदिदं परिरक्ष शोभने भवितव्यप्रियसङ्गमं वपुः रविपीतजलातपात्यये पुनरोघेन हि युज्यते नदी ४४ इत्थं रतेः किमपि भूतमदृश्यरूपं मन्दीचकार मरणव्यवसायबुद्धिम् तत्प्रत्ययाच्च कुसुमायुधबन्धुरेनामाश्वासयत्सुचरितार्थपदैर्वचोभिः ४५ अथ मदनवधूरुपप्लवान्तं व्यसनकृशा परिपालयाम्बभूव शशिन इव दिवातनस्य लेखा किरणपरिक्षयधूसरा प्रदोषम् ४६ इति कु॰ सं॰ च॰ स॰ ४

परन्तु तपस्या से अधीन हो कर महादेव जब पार्वती को विवाहेंगे तो विषय सुख का अनुभव कर के आपही कामदेव को शरीरधारी करेंगे ४२ और धर्म नामी प्रजापति की प्रार्थना से कामदेव के शाप का अंत जनाने वाली यह (पिछली) बात भी ब्रह्मा ने कही क्योंकि जितेंद्रिय पुरुषों और मेघों से वज्र (क्रोध, बिजली की आग) और अमृत (प्रसाद जल) ये दोनों वस्तु उपजती हैं ४३ इससे हे सुंदरी स्वामी से मिलने के लिये इस शरीर की रक्षा कर क्योंकि वर्षा ऋतु में धूप से सूखी हुई नदी भी फिर प्रवाह से भर जाती है ४४ इस भांति किसी अदृश्य प्राणी ने मरने में रति का उद्योग शिथिल कर दिया और आकाशवाणी के निश्चय से वसंत ने भी (देवता की कृपासे तुझे अवश्य स्वामी मिलेगा) यह कह कर रति को ढाढ़स दिया ४५ तब दुख से बहुत कृश रति विपत्ति के अंत की प्रतीक्षा करती रही जैसे किरणों के क्षीण होने से मलिन चंद्रमा की रेखा रात्रि की प्रतीक्षा करती है ४६ इति पं॰ सरयू प्रसाद का कुमार सम्भव के चौथे सर्ग का हिंदी में अनुवाद समाप्त हुआ ॥

पञ्चमः सर्गः ॥

तथासमक्षंदहतामनोभवंपिनाकिनाभग्नम
नोरथासती निनिन्दरूपंहृदयेनपार्वती प्रिये-
षुसौभाग्यफलाहिचारुता १ इयेषसाकर्तुमव
न्ध्यरूपतां समाधिमास्थायतपोभिरात्मनः
अवाप्यतेवाकथमन्यथाद्वयं तथाविधंप्रेमप
तिश्चतादृशः २ निशम्यचैनांतपसेकृतोद्यमां
सुतांगिरीशप्रतिसक्तमानसाम् उवाचमेनाप
रिभ्यवक्षसा निवारयन्तीमहतोमुनिव्रतात्
३ मनीषिताःसन्तिगृहेषुदेवतास्तपःक्ववत्से
क्वचतावकंवपुः पदंसहेतभ्रमरस्यपेलवंशि
रीषपुष्पंनपुनःपतत्रिणः ४ इतिध्रुवेच्छामनु
शासतीसुतांशशाकमेनाननियन्तुमुद्यमात् क
ईप्सितार्थस्थिरनिश्चयंमनः पयश्चनिम्नाभिमु
खंप्रतीपयेत् ५ ॥

इस भांति अपने सामने कामदेव को भस्म करते हुए महादेव से मनोरथ
के खंडित होजाने पर पतिव्रता पार्वती ने मन से अपने सुंदर रूप को धि
क्कार दिया क्योंकि स्वामि से प्रेम होना ही सुंदर रूप का फल है १ उस पा
र्वती ने समाधि लगाकर तपस्या से अपने रूप को सफल करना (शिवजी
को वश करना) चाहा क्योंकि महादेव से स्वामी और उनसे ऐसा प्रेम कि
(आधा शरीर ही बन जाना) ऐसे काम और किस भांति सिद्ध हों २ चित्त से
महादेव पर आसक्त तपस्या के लिये उद्यम करती को सुन कर बहुत
कठिन तपस्या से रुकती हुई मेना ने गले से लगा कर पार्वती को कहा ३ हे पुत्री
हमारे घर में बहुत देवता हैं तू उनकी सेवा कर तेरा शरीर तपस्या के योग्य नहीं
है क्योंकि कोमल सिरीह का फूल भौरे के पाउं को तो सह लेता है और प
क्षिओं के पाउं को नहीं सह सकता ४ इस भांति उपदेश देके भी मेना अ
पनी पुत्री (पार्वती) को दृढ़ निश्चित तपस्या के उद्योग से नहीं हटा स
की, क्यों कि नीचे जाते पानी और (इष्ट वस्तु में स्थिर निश्चय किये)
मन को कोई नहीं रोक सकता ५ ॥

कदाचिदासन्नसखीमुखेन सा मनोरथज्ञं पितरं म
नस्विनी अयाचतारण्यनिवासमात्मनः फलोद-
यान्ताय तपस्समाधये ६ अथानुरूपाभिनिवेश-
तोषिणा कृताभ्यनुज्ञा गुरुणा गरीयसा प्रजासु
पश्चात्प्रथितं तदाख्यया जगाम गौरी शिखरं शि
खण्डिमत् ७ विमुच्य सा हारमहार्य्यनिश्चया वि
लोलयष्टिप्रविलुप्तचन्दनम् बबन्ध बालारुणब
भ्रु वल्कलं पयोधरोत्सेधविशीर्णसंहति ८ यथा
प्रसिद्धैर्मधुरं शिरोरुहैर्जटाभिरप्येवमभूत्तदा
ननम् न षट्पदश्रेणिभिरेव पङ्कजं सशैवला
सङ्गमपि प्रकाशते ९ प्रतिक्षणं सा कृतरोम
विक्रियां व्रताय मौञ्जीं त्रिगुणां बभार याम् अ
कारि तत्पूर्वनिबद्धया तया सरागमस्या रसनागु
णास्पदम् १० ॥

किसी समय दृढ़चित्तवाली पार्वती ने मनोरथ जानने में चतुर पिता
(हिमालय) से कार्य की सिद्धि तक तपस्या करने के लिये प्यारी सखी के द्वारा
वन में रहने की आज्ञा चाही ६ तब योग्य आग्रह से प्रसन्न प्रतिष्ठित पिता (हि
मालय) की आज्ञा लेकर पार्वती मोरों से भरे हुए उस शिखर पर गई जो
कि पीछे से जगत में गौरी के नाम से ही प्रसिद्ध हुआ ७ अपने हठ में प
क्की पार्वती ने स्तनों पर से चंदन को मसलती मोतियों की माला को
उतार कर बाल सूर्य की नाईं अरुण स्तनों के बढ़ने से फटती हुई वृ
क्षों की त्वचा (छाल) पहिन ली ८ शोभित अलकाओं से पार्वती
का मुख जैसा सुंदर (प्यारा) था जटाओं से भी वैसा ही सुंदर रहा क्यों
कि भौरों की पांति से ही नहीं शैवाल लिपटने से भी कमल शोभा ही
देते हैं ९ क्षण क्षण में रोम खड़े करती तिगुनी मूंज की तागड़ी जो
व्रत के लिये पार्वती ने बांधी पहिले पहिल बांधने से उसने पार्व
ती जंघा लाल कर दी १० ॥
की

विसृष्टरागादधरान्निवर्तितः स्तनाङ्गरागारुणिताच्च कन्दुकात् कुशाङ्कुरादानपरिक्षताङ्गुलिः कृतोऽक्षसूत्रप्रणयी तया करः ११ महार्हशय्यापरिवर्तनच्युतैः स्वकेशपुष्पैरपि या स्म दूयते अशेत सा बाहुलतोपधायिनी निषेदुषी स्थण्डिल एव केवले १२ पुनर्ग्रहीतुं नियमस्थया तया द्वयेऽपि निक्षेप इवार्पितं द्वयम् लतासु तन्वीषु विलासचेष्टितं विलोलदृष्टं हरिणाङ्गनासु च १३ अतन्द्रिता सा स्वयमेव वृक्षकान् घटस्तनप्रस्रवणैर्व्यवर्धयत् गुहोऽपि येषां प्रथमाप्तजन्मनां न पुत्रवात्सल्यमपाकरिष्यति १४ अरण्यबी-जाञ्जलिदानलालितास्तथा च तस्यां हरिणा-विशश्वसुः यथा तदीयैर्नयनैः कुतूहलात् पुरः सखीनाममिमीत लोचने १५ ॥

लाख के रंग से रहित ओठ और स्तनों को छू कर अरुण गेंद से हटा कर कुशा तोड़ने से अंगुलियों में फटा हुआ हाथ पार्वती ने अक्षमाला का प्यारा करदिया ११ बड़े मोल की सजा पर लेटती के पलंग से गिरे फूलों से भी जो दुखित हो जाती थी वह पार्वती आसन से [illegible] पृथ्वी पर ही दो भुजा की लताओं में लिपटी हुई सो गई १२ व्रत में स्थित हो कर उस पार्वती ने फिर ले लेने के लिये इन दोनों के पास अपनी दो वस्तु निक्षेप (अमानत) की नाईं रखी कि कोमल लताओं में विलास से हिलना और हरिणियों में चंचल देखना १३ आलस को छोड़ कर वह पार्वती अपने हाथों से ही स्तनों की नाईं पानी के घड़े पा के छोटे छोटे इन वृक्षों को बढ़ाती थी बड़े भाइयों की नाईं जिन वृक्षों से गौरी के प्रेम को कार्तिकेय भी नहीं हटा सकेगा १४ नीवार की अंजली देकर प्रेम करने से हरिण सब उस (पार्वती) पर ऐसा विश्वास करने लगे कि सखियों के सामने पार्वती ने उन की आंखों से मिला कर अपनी आंखें मापलीं १५ ॥

कृताभिषेकांहुतजातवेदसं त्वगुत्तरासङ्गवतीम
धीतिनीम् दिदृक्षवस्तामृषयोऽभ्युपागमन्न ध
र्मवृद्धेषु वयः समीक्ष्यते १६ विरोधिसत्वोज्झित
पूर्वमत्सरं द्रुमैरभीष्टप्रसवार्चितातिथि नवोट
जाभ्यन्तरसम्भृतानलं तपोवनंतच्च बभूवपा
वनम् १७ यदाफलंपूर्वतपःसमाधिना नताव
तालभ्यममंस्तकाङ्क्षितम् तदानपेक्ष्यस्वशरीर
मार्दवं तपोमहत्साचरितुंप्रचक्रमे १८ क्लमं-
ययौकन्दुकलीलयापिया तयामुनीनांचरितं
व्यगाह्यत ध्रुवंवपुःकाञ्चनपद्मनिर्मितं मृदु
प्रकृत्याचससारमेवच १९ शुचौचतसृणांज्वल
तांहविर्भुजां शुचिस्मितामध्यगतासुमध्यमा वि
जित्यनेत्रप्रतिघातिनींप्रभा मनन्यदृष्टिःसवि
तारमैक्षत २० ॥

स्नान किये अग्नि में हवन कर के मृगचर्म ओढ़े स्तोत्र-पाठ करती उस पार्वती को देखने सारे ऋषीश्वर आए क्यों कि धर्म वृद्धों में अवस्था की अपेक्षा नहीं होती १६ उस समय वहां स्वभाव से विरोधी गो, सिंह आदि जीवों ने पुराना वैर छोड़ दिया, वृक्ष सब मनमांगे पदार्थ उपजा कर अतिथियों को पूजने लगे और पत्तों की नई कुटिया ओं में प्रतिदिन हवन करने से वह वन सारे जगत को पवित्र करने के योग्य हुआ १७ जब पार्वती ने इतनी तपस्या से फलका मिलना असंभव समुझा तो शरीर की सुकुमारता छोड़ कर बहुत बड़ी तपस्या करने का प्रारंभ किया १८ गेंद खेलने से भी जो थक जाती थी वह पार्वती मुनियों के करने योग्य कठिन तपस्या को करने लगी इससे निश्चित मालूम हुआ कि स्वभावसे कोमल और कठिन स्वर्ण के कमलों का बना हुआ उस का शरीर था १९ जेठ हाड़ के दिनों में (वह सुंदर मुसकराती पार्वती) बलती हुई चार अग्नियों में बैठ कर नेत्रों को रोकने वाली धूप को जीत के एक टक से सूर्य को देखती थी २० ॥

तथातितप्तं सवितुर्गभस्तिभि र्मुखं तदीयं कमलश्रियं दधौ अपाङ्गयोः केवलमस्य दीर्घयोः शनैः शनैः श्यामिकया कृतं पदम् २१ अयाचितोपस्थितमम्बु केवलं रसात्मकस्योडुपतेश्च रश्मयः बभूव तस्याः किल पारणाविधि र्न वृक्षवृत्तिव्यतिरिक्तसाधनः २२ निकामतप्ता विविधेन वह्निना नभश्चरेणेन्धनसंभृतेन सा तपात्यये वारिभिरुक्षिता नवै र्भुवा सहोष्माणममुञ्चदूर्ध्वगम् २३ स्थिताः क्षणं पक्ष्मसु ताडिताधराः पयोधरोत्सेधनिपातचूर्णिताः वलीषु तस्याः स्खलिताः प्रपेदिरे चिरेण नाभिं प्रथमोदबिन्दवः २४ शिलाशयां तामनिकेतवासिनीं निरन्तरास्वन्तरवातवृष्टिषु व्यलोकयन्नुन्मिषितैस्तडिन्मयै र्महातपःसाक्ष्य इव स्थिताः क्षपाः २५ ॥

सूर्य के किरणों से बहुत तपा हुआ भी सुंदर पार्वती का मुख कमल की शोभा को प्राप्त हुआ केवल इसकी लंबी लंबी कोमल आंख थोड़ी काली हो गई २१ हठों की नाई याचना से विना मिला हुआ जल और नक्षत्रों के राजा चंद्रमा के किरण ही उस (पार्वती) के भोजन की सामग्री थी अर्थात् इन दो पदार्थों से विना पार्वती कुछ नहीं खाती थी २२ काठ से बढ़ी हुई चार और सूर्य इन पांच अग्निओं से बहुत तपी हुई पार्वती ने पावस ऋतु में नये जलों के सींचने पर पृथ्वी के साथ ही ऊपर को जाता बहुत लंबा स्वास छोड़ा २३ सघन पलकों पर क्षणभर स्थित हो कर कोमल ओठों से छूते कठिन ऊंचे स्तनों पर गिरने से चूर्णित पहिली वर्षा के बिंदु उदर की रेखाओं में घूमते घूमते चिर पीछे पार्वती की नाभि में पहुंचे २४ वायु के साथ सघन वर्षा होने पर भी खुले चत्वर में शिला पर सोई हुई उस पार्वती को बड़ी तपस्या की साक्षी रात्रियें अपनी दृष्टि के समान बिजली से देखती थीं २५ ॥

निनायसात्यन्तहिमोत्किरानिलाः सहस्यरात्री
रुदवासतत्परा परस्पराक्रन्दिनि चक्रवाकयोः
पुरोवियुक्ते मिथुने कृपावती २६ मुखेन सा प
द्मसुगन्धिना निशि प्रवेपमानाधरपत्रशोभि
ना तुषारवृष्टिक्षतपद्मसम्पदां सरोजसन्धान
मिवाकरोदपाम् २७ स्वयंविशीर्णद्रुमपर्णवृत्ति
ता पराहिकाष्ठा तपसस्तया पुनः तदप्यपाकीर्ण
मतः प्रियंवदां वदन्त्यपर्णेति च तां पुराविदः २८
मृणालिकापेलवमेवमादिभि र्व्रतैः स्वमङ्गं ग्ल
पयन्त्यहर्निशम् तपः शरीरैः कठिनैरुपार्जितं
तपस्विनां दूरमधश्चकार सा २९ अथाजिनाषा
ढधरः प्रगल्भवाक् ज्वलन्निव ब्रह्ममयेन तेज
सा विवेश कश्चिज्जटिलस्तपोवनं शरीरबद्धः प्र
थमाश्रमो यथा ३० ॥

अपने सामने एक दूसरे को बुलाते विरही चकवा चकवी पक्षियों में
दया वाली उस पार्वती ने हिम उड़ाते अति शीतल वायु में भी जल में
निवास कर के ही पौष की रातें बिताईं २६ अधिक हिम पड़ने से सारे क
मलों के नाश हो जाने पर भी उस पार्वती ने रात्रि में पत्रों की नाईं कांप
ते हुए ओठों से शोभायमान कमल की नाईं उत्तम गंध वाले मुख से
जलों में उगे कमल की शोभा बना दी २७ वृक्षों से आप ही गिरे हुए प
त्र खाकर निर्वाह करना तपस्या की सब से उत्कृष्ट यह रीति है पर
तु इस ने वे पत्र भी छोड़ दिये इस से पौराणिक लोग पार्वती को
अपर्णा कहते हैं २८ इस भांति दिन रात्रि अति कठिन व्रतों से अप
ने सुकुमार शरीर को कृश करती हुई उस पार्वती ने क्लेश सहने यो
ग्य दृढ़ शरीरों से किये हुए मुनियों के तप का तिरस्कार किया २९ इत
ने में काले हरिण का चर्म ओढ़े हाथ में पलाश का दंड लिये ब्रह्म (वेद)
के तेज से देदीप्यमान शरीर धारण किये ब्रह्मचर्य आश्रम की नाईं
कोई जटा वाला ब्रह्मचारी उस तपोवन में आया ३० ॥

तमातिथेयीबहुमानपूर्वया सपर्य्ययाप्रत्युदि-
यायपार्वती भवन्तिसाम्येऽपिनिविष्टचेतसां वपु
र्विशेषेष्वतिगौरवाः क्रियाः ३१ विधिप्रयुक्तांपरि
गृह्यसत्क्रियां परिश्रमंनामविनीयचक्षणम् उ
मांसपश्यन्नृजुनैवचक्षुषा प्रचक्रमेवक्तुमनु-
ज्झितक्रमः ३२ अपिक्रियार्थंसुलभंसमित्कुशं
जलान्यपिस्नानविधिक्षमाणिते अपिस्वशक्त्या
तपसिप्रवर्त्तसे शरीरमाद्यंखलुधर्मसाधनम् ३३
अपित्वदावर्जितवारिसम्भृतं प्रवालमासामनुब
न्धिवीरुधाम् चिरोज्झितालक्तकपाटलेनते तु
लांयदारोहतिदन्तवाससा ३४ अपिप्रसन्नंहरिणे
षुतेमनः करस्थदर्भप्रणयापहारिषु यउत्पला
क्षिप्रचलैर्विलोचनैः स्तवाक्षिसादृश्यमिवप्रयु-
ञ्जते ३५ ॥

अतिथियों में साधु वह पार्वती पूजा अर्घ हाथ में लिये बड़े आ
दर से उस ब्रह्मचारी को आगे लेने गई क्योंकि समबुद्धि होने पर
भी स्थिरचित्त लोग नवीन पुरुषों का बहुत ही आदर करते हैं ३१
विधि से की हुई पूजा को लेकर क्षण भर विश्राम करने से पीछे स
रल दृष्टि से ही देखते हुए उस ब्रह्मचारी ने शिष्टों की नाईं पार्वती
से बोलने का प्रारंभ किया ३२ हवन के साधन काष्ठ, कुशा और
स्नान करने के लिये उत्तम जल तो तुझे सुख से मिलते हैं क्या
और तपस्या करने से कुछ तेरी देह में खेद तो नहीं होता क्योंकि ध
र्म का मुख्य साधन शरीर ही है ३३ चिर काल से लाख का रंग न लगा-
ने से पाटल (गुलाबी) तेरे ओठों के समान तेरे हाथों से सींचे हुए पानी
से उपजे हुए इन लताओं के पत्ते भी बढ़ते हैं ना ३४ हाथ में ली हुई
कुशा को भी छीन ले इन हरिणों में तो तेरा चित्त प्रसन्न है जो क
मल के समान तेरी आंखों के तुल्य अपने चंचल नेत्रों को प्र-
काश करते हैं ३५ ॥

यदुच्यते पार्वति पापवृत्तये न रूपमित्यव्यभि
चारि तद्वचः तथाहि ते शीलमुदारदर्शने तप
स्विनामप्युपदेशतां गतम् ३६ विकीर्णसप्तर्षि
बलिप्रहासिभिस्तथा न गाङ्गैः सलिलैर्दिवश्च्युतैः
यथा त्वदीयैश्चरितैरनाविलैर्महीधरः पावित
एष सान्वयः ३७ अनेन धर्मः सविशेषमद्य मे
त्रिवर्गसारः प्रतिभाति भाविनि त्वया मनोनिर्विष
यार्थकामया यदेक एव प्रतिगृह्य सेव्यते ३८ प्र
युक्तसत्कारविशेषमात्मना न मां परं सम्प्रतिप
त्तुमर्हसि यतः सतां सन्नतगात्रि सङ्गतं मनीषि
भिः साप्तपदीनमुच्यते ३९ अतोऽत्र किञ्चिद्भवतीं
बहुक्षमां द्विजातिभावादुपपन्नचापलः अयं जनः
प्रष्टुमनास्तपोधने न चेद्रहस्यं प्रतिवक्तुमर्हसि ४०

हे पार्वति सुंदर रूप पापकर्म (व्यभिचार) के लिये नहीं होता यह वि
द्वानों का वाक्य सत्य ही प्रतीत होता है हे सुंदरि जिस से तपस्वी लोग
भी तेरे स्वभाव को उपदेश की नाईं श्रद्धा से ग्रहण करते हैं ३६ पुत्र, पौ
त्र सहित यह हिमालय तेरे मनोहर तपस्या आदि चरित्रों से जैसा प
वित्र हुआ है मरीचि आदि सात ऋषियों की दी हुई फूल आदि पूजा
से शोभित, आकाश से गिरते गंगा के जलों से भी ऐसा नहीं हुआ
३७ हे अच्छे अभिप्राय वाली मन से काम, अर्थ को छोड़ कर केवल
धर्म में ही तेरी दृढ़ भक्ति देखने से मालूम होता है कि धर्म अर्थ
और काम इन तीनों में धर्म ही श्रेष्ठ है ३८ हे नये हुए अंगों वाली आ
पही आदर से प्रतिष्ठा देकर तू मुझे अब और कोई (शत्रु) न समझे
क्यों कि विद्वान लोग सात पदों के उच्चारण से मैत्री मानते हैं ३९
हे तपस्विनी ब्राह्मण जाति के स्वभाव से ही चपल यह जन तेरी ब
हुत क्षमा देख कर मित्रता से कुछ पूछना चाहता है जो कभी
छिपाने के योग्य नहीं है तो बताना चाहिये ४० ॥

कुलेप्रसूतिः प्रथमस्यवेधसः त्रिलोकसौन्दर्य्यमि-
वोदितंवपुः अमृग्यमैश्वर्य्यसुखंनवंवयः तपःफ
लंस्यात्किमतःपरंवद ४१ भवत्यनिष्टादपिनामदुः
सहान्मनस्विनीनांप्रतिपत्तिरीदृशी विचारमार्गप्र
हितेनचेतसा नदृश्यतेतच्चकृशोदरित्वयि ४२ अ
लभ्यशोकाभिभवेयमाकृति विमाननासुभ्रुकुतः
पितुर्गृहे पराभिमर्शोनतवास्तिकः करं प्रसारयेत्प
न्नगरत्नसूचये ४३ किमित्यपास्याभरणानियौवने
धृतंत्वयावार्द्धकशोभिवल्कलम् वदप्रदोषेस्फुट
चन्द्रतारका विभावरीयद्यरुणायकल्पते ४४ दिवं
यदिप्रार्थयसेवृथाश्रमः पितुःप्रदेशास्तवदेवभू
मयः अथोपयन्तारमलंसमाधिना नरत्नमन्विष्य
तिमृग्यतेहितत् ४५ ॥

हिरण्यगर्भ (ब्रह्मा) के वंश में जन्म स्वर्ग मर्त्य और पाताल इन तीन
लोकों में सब से सुंदर देह, यत्न से विना आप ही बड़ी संपदा और नई
जवानी इन से अधिक क्या फल तू तपस्या से चाहती है यह बता ४१
हे कृशोदरि न सहने के योग्य स्वामी आदि से किये हुए निरादर से भी
गंभीर स्त्रियों की ऐसी प्रवृत्ति होती है परंतु चित्त में विचार कर देखने
से कोई अपमान भी तेरा मुझे नहीं दीखता ४२ हे सुंदर भवों वाली
तेरी यह मूर्त्ति दुख देने वाले अपमान के योग्य नहीं है क्यों कि पिता
के घर में निरादर होना ही असंभव है किसी और का भय भी तुझे न-
हीं है क्योंकि सांप के सिर से रत्न उतारने के लिये हाथ कौन पसारे
४३ फिर किस लिये युवा अवस्था में तू ने भूषण सब उतार बूढ़ों के प
हिनने योग्य वृक्षों की छाल पहिन लीहै यह बता कि संध्या से पीछे
(रात में) चंद्रमा और तारा ओं के उदय होने पर कभी सूर्य चढ़ता है
४४ स्वर्ग के लिये तपस्या करनी तेरी व्यर्थ है क्यों कि तेरे पिता (हिमा
लय) के शिखर स्वर्ग से न्यून नहीं है और स्वामी के लिये तपस्या क
रनी भी व्यर्थ ही है क्योंकि गाहक लोग रत्न का अन्वेषण करते हैं
कभी रत्न गाहकों का अन्वेषण करने नहीं जाता ४५ ॥

निवेदितं निश्वसितेन सोष्मणा मनस्तु मे संशयमेव
गाहते न दृश्यते प्रार्थयितव्य एव ते भविष्यति प्रार्थि
तदुर्लभः कथम् ४६ अहो स्थिरः कोऽपि तवेप्सितो
युवा चिराय कर्णोत्पलशून्यतां गते उपेक्षते यः श्लथ
लम्बिनीर्जटाः कपोलदेशे कलमाग्रपिङ्गलाः ४७
मुनिव्रतैस्त्वामतिमात्रकर्शितां दिवाकराप्लुष्टविभूष
णास्पदाम् शशाङ्कलेखामिव पश्यतो दिवा सचेतसः
कस्य मनो न दूयते ४८ अवैमि सौभाग्यमदेन वञ्चितं
तव प्रियं यश्चतुरावलोकिनः करोति लक्ष्यं चिरम-
स्य चक्षुषो न वक्त्रमात्मीयमरालपक्ष्मणः ४९ कि
यच्चिरं श्राम्यसि गौरि विद्यते ममापि पूर्वाश्रमसञ्चि
तं तपः तदर्द्धभागेन लभस्व काङ्क्षितं वरं तमिच्छा
मि च साधु वेदितुम् ५० ॥

तेरे लंबे सांस लेने से वर की कामना जान के भी मेरा चित्त संश
य में ही पड़ता है कि जगत में तेरी प्रार्थना के योग्य कोई नहीं
दीख पड़ता तो प्रार्थना करने पर दुर्लभ कौन होगा ४६ आश्च
र्य तो यह है कि जिसे तू चाहती है वह वज्र के समान कठिन
हृदय वाला कोई जवान है जो चिर से कान के भूषणों को छो
ड़े कपोलों पर धान्य की सिला सी पीली शिथिल हो कर लम
कती तेरी जटाओं को उपेक्षा करता है ४७ दिन में चंद्रमा की रे
खा के समान चांद्रायण आदि मुनियों के व्रतों से बहुत कृश औ
र सूर्य के तेज से भुजा कंठ आदि अंगों के दाह होने पर काली
हुई २ को तुझे देखकर किस जीते मनुष्य का मन दुखी नहीं हो
ता ४८ मैं तेरे उस प्यारे को सुंदर रूप के गर्व से वंचित (ठगा) स
मुझता हूं जो टेढ़ी पलकें उठाय मनोहर देखती तेरी इस आंख
के सामने चिरसे अपना मुख नहीं दिखाता ४९ हे गौरि तू कब
तक तपस्या करेगी मेरे पास भी ब्रह्मचर्य आश्रम का इकट्ठा कि
या हुआ तप है उसका आधा ले कर मनोरथ सिद्ध कर ले अथवा
किसे वरना चाहती है मैं उसे भली भांति जानना चाहता हूं ५० ॥

इतिप्रविश्याभिहिता द्विजन्मना मनोगतं सा न श
शाक शंसितुम् अथो वयस्यां परिपार्श्ववर्तिनीं वि
वर्तिताञ्जननेत्रमैक्षत ५१ सखी तदीया तमुवाच
वर्णिनं निबोध साधो तव चेत्कुतूहलम् यदर्थमम्भो
जमिवोष्णवारणं कृतं तपःसाधनमेतया वपुः ५२
इयं महेन्द्रप्रभृतीनधिश्रिय श्चतुर्दिगीशानवमत्य
मानिनी अरूपहार्यं मदनस्य निग्रहात् पिनाकपा
णिं पतिमाप्तुमिच्छति ५३ असह्यहुङ्कारनिवर्ति
तः पुरा पुरारिमप्राप्तमुखः शिलीमुखः इमां हृदि
व्यायतपातमक्षिणो द्विशीर्णमूर्तेरपि पुष्पधन्व
नः ५४ तदाप्रभृत्युन्मदना पितुर्गृहे ललाटिका
चन्दनधूसरालका न जातु बाला लभते स्म निर्वृ
तिं तुषारसङ्घातशिलातलेष्वपि ५५ ॥

इस भांति रहस्य जानने के लिये ढहों की नाईं ब्राह्मण से पूछी
हुई पार्वती हृदय में स्थित स्वामी का नाम लज्जा से न कह सकी
किंतु इस ने अंजन से शून्य आंख के घुमाने से ही पास रहने
वाली सखी को बताने की आज्ञा दी ५१ पार्वती की सखी ने उस
ब्रह्मचारी से कहा हे विद्वन् जे आपकी सुनने की इच्छा है तो
सुनिये कि जिस लिये इसने धूप में कमल के छत्र की नाईं अपना
शरीर तप का साधन किया है ५२ यह मानिनी बड़े ऐश्वर्य वाले
दिशाओं के स्वामी इंद्र, वरुण, कुबेर और यम को त्याग के कामदेव
के मारने से सुंदर रूप से न वश होने योग्य महादेव को वरने की
इच्छा करती है ५३ क्रोध युक्त हुंकार से पाछे हटाया हुआ देह रहि
त कामदेव का बाण महादेव तक न पहुंच कर इस पार्वती के हृद
य में बड़े तीक्ष्ण प्रहार से आ लगा है ५४ उस दिन से लेकर काम से
पीड़ित माथे पर लगे तिलक के चंदन से अलकाओं को मलिन किये
बालक यह पार्वती पिता के घर में हिम की शिलाओं पर बैठ के भी
चैन नहीं पाती ५५ ॥

उपात्तवर्णे चरिते पिनाकिनः सबाष्पकण्ठस्खलि
तैः पदैरियम् अनेकशः किन्नरराजकन्यका वना-
न्तसङ्गीतसखीररोदयत् ५६ त्रिभागशेषासु निशा
सु च क्षणं निमील्य नेत्रे सहसा व्यबुध्यत क्व नीलक
ण्ठ व्रजसीत्यलक्ष्यवागसत्यकण्ठार्पितबाहुबन्ध
ना ५७ यदा बुधैः सर्वगतस्त्वमुच्यसे न वेत्सि भावस्थ
मिमं कथं जनम् इति स्वहस्तोल्लिखितश्च मुग्धया
रहस्युपालभ्यत चन्द्रशेखरः ५८ यदा च तस्याधिग
मे जगत्पतेरपश्यदन्यं न विधिं विचिन्वती तदा स
हास्माभिरनुज्ञया गुरोरियं प्रपन्ना तपसे तपोवन
म् ५९ द्रुमेषु सख्या कृतजन्मसु स्वयं फलं तपः सा
क्षिषु दृष्टमेष्वपि न च प्ररोहाभिमुखोऽपि दृश्यते मनो
रथोऽस्याः शशिमौलिसंश्रयः ६० ॥

और वन में सखियों के साथ गाते हुए महादेव के चरित्र गाने के प्रारं
भ से ही आंसू बहा कर कंठ में गिरते पदों से इस पार्वती ने कई वेर
किन्नर राजों की कन्याओं को रुला दिया है ५६ पहर रात शेष रहने
पर भी क्षण भर आंख मीच कर हे नीलकंठ (महादेव) कहां जाते
हो भ्रम से इस भांति शीघ्र कह कर झूठ ही कंठ में भुजा लिपटाए
यह (पार्वती) प्रबोध होती है ५७ अपने हाथ से महादेव की मूर्त्ति लिख कर
मोह से भरी हुई यह पार्वती एकांत में इस भांति शिवजी को उपालंभ दे
ती है कि विद्वान् लोग जब तुझे विभु (अंतर्यामि) कहते हैं तो अपने
प्यारे भक्त इस जन (मुझ) को तू क्यों नहीं जानता ५८ जब उस जगदी
श्वर (महादेव) की प्राप्ति का उपाय और कोई नहीं दीख पड़ा तो यह
पार्वती पिता की आज्ञा से तपस्या करने के लिये हमारे साथ तपो
वन में आई ५९ तपस्या के प्रारंभ से ही साक्षियों के समान पार्वती
के अपने हाथों से लगाए हुए वृक्षों में फल भी लगने लगे परंतु
महादेव के आश्रित इस (पार्वती) के मनोरथ का अंकुर भी नि
कलता नहीं दीख पड़ा ६० ॥

नवेद्मिसप्रार्थितदुर्लभः कदा सखीभिरस्रोत्तरमी
क्षितामिमाम् तपःकृशामभ्युपपत्स्यते सखीं वृ
षेव सीतां तदवग्रहक्षताम् ६१ अगूढसद्भावमि
तीङ्गितज्ञया निवेदितो नैष्ठिकसुन्दरस्तया अ
यीदमेवं परिहास इत्युमा मपृच्छदव्यञ्जितह
र्षलक्षणः ६२ अथाग्रहस्ते मुकुलीकृताङ्गुलौ स
मर्पयन्ती स्फटिकाक्षमालिकाम् कथञ्चिदद्रेस्त
नया मिताक्षरं चिरव्यवस्थापितवागभाषत ६३
यथा श्रुतं वेदविदां वर त्वया जनोऽयमुच्चैः पदल
ङ्घनोत्सुकः तपः किलेदं तदवाप्तिसाधनं मनोर
थानामगतिर्न विद्यते ६४ अथाह वर्णी विदितो
महेश्वरस्तदर्थिनी त्वं पुनरेव वर्तसे अमङ्गला
भ्यासरतिं विचिन्त्य तं तवानुवृत्तिं न च कर्तुमुत्सहे

सखियों से रोरो कर देखी हुई तपस्या करने से कृश इस पार्वती पर प्रार्थ-
ना करने से भी दुर्लभ (महादेव) मालूम नहीं कब अनुग्रह करेगा जैसे
अनावृष्टि से सूकी हुई भूमि पर इंद्र वर्षा करे ६१ पार्वती का अभिप्रा-
य जानने में चतुर उस सखी ने सुंदर ब्रह्मचारी को इस भांति सारा वृत्त-
ान्त सुना दिया तब वह ब्रह्मचारी अपने हर्ष के चिह्न छिपाए पार्व-
ती से पूछने लगा कि प्यारी क्या यह ऐसी खेल की बात ही है ६२ उस से अ-
नंतर अंगुलियें सकुचाये हाथ पर स्फटिक (बिलौर) की जपमाला रख
के चिर काल से बोलनेका प्रारंभ करती हुई उस पार्वती ने बड़े कष्ट से थोड़े
से अक्षर कहे ६३ हे वैदिकों में श्रेष्ठ जैसा तूने सुना यह ठीक है कि यह
जन (मैं) बड़ी ऊंची पदवी पाने की उत्कंठा कर रहा है यद्यपि इस त-
पस्या से वह पद मिलना कठिन है तो भी क्या करूं चित्त का संकल्प न-
हीं हटता ६४ पार्वती की बात सुन कर ब्रह्मचारी बोला मैंने समझ लिया
कि जिसने तेरा मनोरथ तोड़ दिया था उसी महादेव को तू फिर भी चाह
रही है परंतु उस महादेव को मंद कार्यों में प्रवृत्त जान कर मैं तेरी बात
में सम्मति नहीं दे सकता ६५ ॥

अवस्तुनिर्बन्धपरेकथंनुते करोऽयमामुक्तविवाहकौतुकः करेणशम्भोर्वलयीकृताहिना सहिष्यतेतत्प्रथमावलम्बनम् ६६ त्वमेवतावत्परिचिन्तयस्वयं कदाचिदेतेयदियोगमर्हतः वधूदुकूलेकलहंसलक्षणं गजाजिनंशोणितबिन्दुवर्षि च ६७ चतुष्कपुष्पप्रकरावकीर्णयोः परोऽपिको नामतवानुमन्यते अलक्तकाङ्कानिपदानिपादयो विकीर्णकेशासुपरेतभूमिषु ६८ अयुक्तरूपंकिमतः परंवद त्रिनेत्रवक्षःसुलभंतवापियत् स्तनद्वयेऽस्मिन्हरिचन्दनास्पदे पदंचिताभस्मरजःकरिष्यति ६९ इयञ्चतेऽन्यापुरतोविडम्बना यदूढयावारणराजहार्यया विलोक्यवृद्धोक्षमधिष्ठितं त्वया महाजनःस्मेरमुखोभविष्यति ७० ॥

हे तुच्छ वस्तु में हठ करने वाली विवाह का कङ्ना बांधे यह तेरा हाथ सांप लिपटाए महादेव के हाथ से पहिले पकड़ने को किस भांति सहेगा ६६ पहिले तू ही अपने मन में विचार हंस की नाईं श्वेत वर्ण वहू का वस्त्र और लोहू की बूंदें बरसाता हाथी का नया चमड़ा ये दोनो इकट्ठे होकर कभी शोभा देते हैं ६७ घर के आंगन में फूलों पर चलने के योग्य तेरे पाओं के लाख के रंग (महावरी) वाले चिह्न शवों के केशों से छाई मसान की भूमि पर लगें इस बात को वैरी भी कौन स्वीकार करेगा ६८ महादेव के साथ आलिंगन करने से सहज मे प्राप्त होती मसान की धूलि चंदन लगाने के योग्य तेरे इन स्तनों पर आलगेगी इस से अधिक अयोग्य बात क्या है यह तू बता ६९ और प्रारंभ में ही यह एक तेरा और भी परिहास होगा कि विवाह के अनंतर उत्तम हाथी पर चढ़ा के लेजाने योग्य तुझे बूढ़े बैल पर चढ़ी को देख कर सब सज्जन हसने लगेंगे ७० ॥

द्वयंगतंसम्प्रतिशोचनीयतां समागमप्रार्थनया पिनाकिनः कलाचसाकान्तिमतीकलावतस्त्व मस्यलोकस्यचनेत्रकौमुदी ७१ वपुर्विरूपाक्षम लक्ष्यजन्मता दिगम्बरत्वेननिवेदितंवसु वरेषु यद्बालमृगाक्षिमृग्यते तदस्तिकिंव्यस्तमपित्रि लोचने ७२ निवर्तयास्मादसदीप्सितान्मनः क्वत द्विधस्त्वंक्वचपुण्यलक्षणा अपेक्ष्यतेसाधुजनेनन वैदिकी श्मशानशूलस्यनयूपसत्क्रिया ७३ इ तिद्विजातौप्रतिकूलवादिनि प्रवेपमानाधरलक्ष्य कोपया विकुञ्चितभ्रूलतमाहितेतया विलोच नेतिर्यगुपान्तलोहिते ७४ उवाचचैनंपरमार्थतो हरं नवेत्सिनूनंयतएवमात्थमाम् अलोकसा मान्यमचिन्त्यहेतुकं द्विषन्तिमन्दाश्चरितंमहात्म नाम् ७५ ॥

महादेव को प्राप्त होने की कामना से अब (हर के सिर पर स्थित चंद्रमा की कला (रेखा) और सारे जगत के नेत्रों को आनंद देने वाली तू) इन दोनों को शोक करना चाहिये ७१ आंख विकृत होने से शरीर भी सुंदर नहीं, जन्म नमालूम होने से कुल भी उत्तम कोई नहीं और नंगा है तो धनी भी नहीं है मृगनेत्रे (पार्वती) वर में जो जो वस्तु चाहियें उन में से कोई एक भी महादेव में है क्या ७२ इस मंद संकल्प से मन को हटाले कहां वह भिखारी और कहां उत्तम भाग्यों के चिह्नों वाली तू वृद्ध तथा उत्तर है महात्मा जन मसान की लकड़ी लेआ कर यज्ञ का खंभा नहीं बना लेते ७३ ब्राह्मण के ऐसे विरुद्ध बोलने पर कांपते ओठों से क्रुद्ध मालूम होती पार्वती ने दोनों पासों से रक्त आंखें तिरछी कर के कुटिल भवों में चढ़ाईं ७४ और उस ब्रह्मचारी को कहा कि तेरी बातें सुन कर मालूम हुआ तुझे महादेव के यथार्थ स्वरूप का ज्ञान नहीं है इतर जनों में न देखने से निमित्त जानने के बिनाही मूर्ख लोग महात्माओं के चरित्रों में दोष लगाते हैं ७५ ॥

विपत्प्रतीकारपरेण मङ्गलं निषेव्यते भूतिसमुत्सुकेन वा जगच्छरण्यस्य निराशिषः सतः किमेभिराशोपहतात्मवृत्तिभिः ७६ अकिंचनः सन्प्रभवः स संपदां त्रिलोकनाथः पितृसद्मगोचरः स भीमरूपः शिव इत्युदीर्यते न सन्ति याथार्थ्यविदः पिनाकिनः ७७ विभूषणोद्भासि पिनद्धभोगि वा गजाजिनालम्बि दुकूलधारि वा कपालि वा स्यादथवेन्दुशेखरं न विश्वमूर्तेरवधार्यते वपुः ७८ तदङ्गसंसर्गमवाप्य कल्पते ध्रुवं चिताभस्मरजो विशुद्धये तथा हि नृत्याभिनयक्रियाच्युतं विलिप्यते मौलिभिरम्बरौकसाम् ७९ असंपदस्तस्य वृषेण गच्छतः प्रभिन्नदिग्वारणवाहनो वृषा करोति पादावुपगम्य मौलिना विनिद्रमन्दाररजोरुणाङ्गुली ८० ॥

विपत्ति हटाने के लिये अथवा ऐश्वर्य की कामना से लोग गंध, पुष्प आदि मंगल द्रव्यों की सेवा करते हैं परंतु सारे जगत की रक्षा करने में समर्थ, सारी कामनाओं से रहित कल्याण मूर्ति महादेव को कामनाओं से बंधे हुए इन मंगलों से क्या प्रयोजन है ७६ अति निर्धन भी वह सारी संपदाओं का कारण, मसान का वासी भी तीन लोकों (स्वर्ग मर्त्य और पाताल) का स्वामी और भयानक रूप भी अति सुंदर कहा जाता है इस से मालूम हुआ कि महादेव के यथार्थ रूप को कोई नहीं जानता ७७ भूषणों से शोभित वा सांपों से लिपटा हुआ, हाथी का चमड़ा ओढ़े वा सुंदर वस्त्र धारण किये और सिर पर कपाल धरे अथवा चंद्रमा की कला लगाए विश्वमूर्ति महादेव का शरीर सब भांति का हो सकता है ७८ महादेव के अंगों से छू कर मसान की धूलि भी निश्चय से शुद्ध हो जाती है इसी से तांडव नृत्य में पदों के अर्थ जनाने की क्रिया से गिरी हुई उस धूलि को सब देवता अपने सिरों पर धारण करते हैं ७९ मद टपकाते ऐरावत हाथी पर चढ़ने योग्य इंद्र प्रणाम करके [illegible] फूलों की धूलि से बैल पर चढ़े दरिद्री महादेव के पाओं की अंगुलियां लाल कर देता है ८० ॥

विवक्षतादोषमपिच्युतात्मना त्वयैकमीशं
प्रतिसाधुभाषितम् यमामनन्त्यात्मभुवोऽपि
कारणं कथंसलक्ष्यप्रभवोभविष्यति ८१ अ
लंविवादेनयथाश्रुतस्त्वया तथाविधस्ताव
दशेषमस्तुसः ममात्रभावैकरसंमनःस्थितं
नकामवृत्तिर्वचनीयमीक्षते ८२ निवार्यता
मालिकिमप्ययंवटुः पुनर्विवक्षुःस्फुरितोत्त
राधरः नकेवलंयोमहतोऽपभाषते शृणो
तितस्मादपियःसपापभाक् ८३ इतोगमिष्या
म्यथवेतिवादिनी चचालबालास्तनभिन्नव-
ल्कला स्वरूपमास्थायचतांकृतस्मितः समा
ललम्बेवृषराजकेतनः ८४ ॥

दुष्ट स्वभाव से महादेव को दूषण लगाने की इच्छा से भी तू ने ए
क बात बहुत अच्छी कही कि शिव के जन्म का कुल ही नहीं मा
लूम क्यों कि विद्वान लोग जिसे ब्रह्मा का भी कारण कहते हैं उस
के जन्म को कौन जान सके ८१ यह विवाद करना व्यर्थ है तू ने
महादेव के विषय में जो जो सुनाहै वह सब ठीक ही हो परन्तु शृंगार
भाव से महादेव में स्थिर स्वतंत्र मेरा मन लोकापवाद से नहीं
डरता ८२ हे सखि ओठों के कांपने से फिर भी कुछ कहने की
इच्छा करते हुए इस बालक को हटा दे क्यों कि महात्माओं का
निंदक ही नहीं किंतु उस से जो निंदा सुने वह भी पाप का भा
गी होता है ८३ नहीं तो मैं यहां से चली जाऊं गी यह कह के
वेग से स्तनों के वल्कल (वस्त्र) को सरकाती पार्वती चल
पड़ी तब महादेव ने अपने स्वरूप को धारण करके हसते ह-
सते पार्वती को पकड़ लिया ८४ ॥

तंवीक्ष्यवेपथुमतीसरसाङ्ग-यष्टि र्निक्षेपणाय पदमुद्धृतमुद्वहन्ती मार्गाचलव्यतिकराकुलितेवसिन्धुः शैलाधिराजतनयानययौनतस्थौ ८५ अद्यप्रभृत्यवनताङ्गि-तवास्मिदासः क्रीतस्तपोभिरितिवादिनिचन्द्रमौलौ अह्नायसानियमजंक्लममुत्ससर्ज क्लेशः फलेनहिपुनर्नवतांविधत्ते ८६ ॥ इतिकालिदासकृतौकुमारसम्भवेमहाकाव्येतपःफलोदयोनामपञ्चमः सर्गः ५ ॥ ⁘ ⁘ ॥

महादेव के दर्शन से सब अंगों में पसीने से भीगी हुई जाने के लिये पाउं उठाए पार्वती मार्ग में पर्वत से रुकी घूमती नदी की नांई लज्जा से न गई और न स्थित हुई ८५ हे कोमल अंगोंवाली (पार्वति) आज से लेकर तपस्या से खरीदा हुआ मैं तेरा दास हूं महादेव के इस कथन पर पार्वती ने तपस्या के सब क्लेश भूल दिये क्यों कि कार्य सिद्ध हो जाने पर क्लेशों की गणना ही नहीं रहती ८६ ॥ इति॰ पं॰ सुखदयालका बनायाहुआ कुमारसम्भवके ५ वें सर्गका हिंदी में अनुवाद समाप्त हुआ ॥ ⁘

षष्ठः सर्गः ॥

अथ विश्वात्मने गौरी सन्दिदेश मिथः सखीम् दाता मे भूभृतां नाथः प्रमाणीक्रियतामिति १ तया व्याहृतसन्देशा सा बभौ निभृता प्रिये चूतयष्टिरिवाभ्यासे मधौ परभृतोन्मुखी २ स तथेति प्रतिज्ञाय विसृज्य कथमप्युमाम् ऋषीञ्ज्योतिर्मयान्सप्त सस्मार स्मरशासनः ३ ते प्रभामण्डलैर्व्योम द्योतयन्तस्तपोधनाः सारुन्धतीकाः सपदि प्रादुरासन्पुरः प्रभोः ४ आप्लुतास्तीरमन्दारकुसुमोत्किरवीचिषु व्योमगङ्गाप्रवाहेषु दिङ्नागमदगन्धिषु ५ ॥

महादेव के अनुग्रह से अनंतर पार्वती ने सखी के द्वारा एकांत में महादेव को संदेशा कह भेजा कि पर्वतों के राजा (हिमालय) से यदि आप मेरा दान मांगें तो बहुत

अनुग्रह हो १ महादेव में बहुत आसक्त पार्वती सखी के द्वारा संदेश पहुंचा कर वसंत ऋतु में कोकिल के द्वारा बोलते हुए समीप स्थित आम के वृक्ष की नांई बहुत शोभा को प्राप्त हुई २ हिमालय से कन्यादान मांगना स्वीकार कर के और बहुत खेद से उमा (पार्वती) को छोड कर महादेव ने तेजोमय अंगिरा आदि सात ऋषियों का स्मरण किया ३ अपने तेजों के पुंजों से आकाश में प्रकाश करते अरुंधती को साथ लिये तपोधन वे सात ऋषीश्वर शीघ्र ही महादेव के सामने आकर प्रगट हुए ४ तीर पर खिले हुए मंदार (कल्पवृक्षों) के फूलों को अपनी तरंगों से बहाते और दिग्गज हाथियों के मद घुलने से गंधीले आकाश-गंगा के प्रवाहों में स्नान किये ५ ॥

मुक्तायज्ञोपवीतानि विभ्रतो हैमवल्कलाः
रत्नाक्षसूत्राः प्रव्रज्यां कल्पवृक्षा इवाश्रिताः ६
अधःप्रस्थापिताश्वेन समावर्जितकेतुना स
हस्ररश्मिना साक्षात् सप्रणाममुदीक्षिताः ७
आसक्तबाहुलतया सार्धमुद्धृतया भुवा महा
वराहदंष्ट्रायां विश्रान्ताः प्रलयापदि ८ सर्गशे
षप्रणयनात् विश्वयोनेरनन्तरम् पुरातनाः
पुराविद्भिर्धातार इति कीर्तिताः ९ प्राक्तनानां
विशुद्धानां परिपाकमुपेयुषाम् तपसामुपभु
ञ्जानाः फलान्यपि तपस्विनः १० तेषां मध्यग
ता साध्वी पत्युः पादार्पितेक्षणा साक्षादिव तपः
सिद्धिर्बभासे बह्वरुन्धती ११ ॥

मोतियों के यज्ञोपवीत स्वर्ण के वल्कल (वृक्षों की त्वचा) और रत्नों
की माला पहिनने से सन्यास मार्ग में प्रवृत्त कल्पवृक्षों के समान ६
जिन के मंडल में अभिघात (टकराने) के भय से ध्वजा को नवाए
नीचे घोड़ा चलाते प्रणाम करते सूर्य से जाने की अनुज्ञा के लि-
ये देखे हुए ७ और प्रलय काल के संकट में भी दाढ़ों से भुजा
लिपटाए पाताल से निकाली हुई पृथ्वी के साथ ही महावाराह
(सूकरअवतार) की दाढ़ पर विश्राम करते ८ ब्रह्मा से अनंतर शे
ष सृष्टि के करने से पुराणवेत्ता व्यास आदि जिन्हें पुराने धाता (वि
श्व के कर्ता) कहते हैं ९ फल देने में उन्मुख (सन्नद्ध) पूर्व जन्म
की की हुई तपस्याओं के फल भोगते हुए भी सब पदार्थों से चि
त्त को हटा कर तपस्या में ही लगे हुए १० अपने स्वामी वशिष्ठ
के चरणों में दृष्टि लगाए पतिव्रता अरुंधती उन ऋषीश्वरों में मू
र्त्ति धारण किये तपस्या की सिद्धि के समान बहुत शोभित हुई
११ ॥ ॥

तामगौरवभेदेन मुनींश्चापश्यदीश्वरः स्त्रीपुमानित्यनास्थैषा वृत्तं हि महितं सताम् १२ तद्दर्शनादभूच्छम्भोर्भूयान्दारार्थमादरः क्रियाणां खलु धर्म्याणां सत्पत्न्यो मूलकारणम् १३ धर्मेणापि पदं शर्वे कारिते पार्वतीं प्रति पूर्वापराधभीतस्य कामस्योच्छ्वसितं मनः १४ अथ ते मुनयः सर्वे मानयित्वा जगद्गुरुम् इदमूचुरनूचानाः प्रीतिकण्टकितत्वचः १५ यद्ब्रह्म सम्यगाम्नातं यदग्नौ विधिना हुतम् यच्च तप्तं तपस्तस्य विपक्वं फलमद्य नः १६ यदध्यक्षेण जगतां वयमारोपितास्त्वया मनोरथस्याविषयं मनोविषयमात्मनः १७ ॥

महादेव ने अरुंधती को और सात ऋषियों को एक सी दृष्टि से ही देखा क्यों कि स्त्री पुरुष का भेद छोड़ कर महात्माओं के चरित्रों का ही सम्मान किया जाता है १२ अरुंधती के दर्शन से महादेव को विवाह करने में बहुत आदर हुआ क्यों कि धर्मयुक्त यज्ञ आदि कर्मों का मूल कारण पतिव्रता स्त्री ही होती है १३ धर्म की रीति से भी पार्वती की ओर महादेव का चित्त झुकाने से पहिले अपराध से डरे हुए कामदेव के चित्त में फिर जीने की आशा उपजी १४ व्याकरण आदि अंगों के सहित चारों वेदों में पूर्ण विद्वान प्रेम से सारी देह में रोमाञ्चित वे सब ऋषी जगत के गुरु (महादेव) को साष्टांग प्रणाम आदि मान देकर यह बोले १५ कि महाराज हमने जो भली भांति वेद पढ़ा, जो विधि से अग्नि में हवन किया और जो निरंतर तपस्या की उन सब का फल हमें आज मिला है १६ हे जगत के स्वामी जिस से तू ने आप हमारा स्मरण किया यह कैसी बात है कि जिसे मन में भी कोई ना विचार सके १७ ॥

यस्य चेतसि वर्तेथाः स तावत्कृतिनां वरः किं पुनर्ब्रह्मयोनेर्यस्तव चेतसि वर्तते १८ सत्यमर्काच्च सोमाच्च परमध्यास्महे पदम् अद्य तूच्चैस्तरं तस्मात्स्मरणानुग्रहात्तव १९ त्वत्सम्भावितमात्मानं बहु मन्यामहे वयम् प्रायः प्रत्ययमाधत्ते स्वगुणेषूत्तमादरः २० या नः प्रीतिर्विरूपाक्ष त्वदनुध्यानसम्भवा सा किमावेद्यते तुभ्यमन्तरात्मासि देहिनाम् २१ साक्षाद्दृष्टोऽसि न पुनर्विद्मस्त्वां वयमञ्जसा प्रसीद कथयात्मानं न धियां पथि वर्तसे २२ किं येन सृजसि व्यक्तमुत येन बिभर्षि तत् अथ विश्वस्य संहर्ता भागः कतम एष ते २३ ॥

क्यों कि जिस के चित्त में तेरा स्मरण हो वह पुरुष पुण्यात्माओं में श्रेष्ठ होता है तो वेदों का कारण तू जिसका स्मरण करे उस के पुण्यवान होने में क्या ही संदेह है १८ यह बात सच है कि सूर्य और चंद्रमा से ऊंचे स्थान पर हम स्थित हैं आज तो तेरे स्मरण के प्रसाद से हम उन दोनों से बहुत ही ऊंचे होगये हैं १९ तेरे संमान करने से हम अपने आप को बहुत ही मानते हैं क्यों कि महात्माओं के आदर करने से ही अपने गुणों में पूरा पूरा विश्वास होता है २० हे विरूपाक्ष (महादेव) तू ने हमारा स्मरण किया इस से जो हमें हर्ष हुआ है वह तुझे क्या जनावें क्यों कि अंतर्यामी होने से सब जीवों के अभिप्रायों को तू पहिले ही जान रहा है २१ प्रत्यक्ष देख कर भी हम यथार्थ रूप से तुझे नहीं जान सकते इस से हे महाराज कृपा कर के अपना वह यथार्थ स्वरूप बताओ जिसमें बुद्धि भी नहीं पहुंच सकती २२ हे भगवन् जिस रजोगुण की मूर्त्ति से तू प्रपंच (जगत) को उपजाता, जिस सात्विक मूर्त्ति से जगत का पालन करता और जिस तामस मूर्त्ति से जगत का संहार करता इन तीनों में से यह तेरी कौन सी मूर्त्ति है २३ ॥

अथवा सुमहत्येषा प्रार्थना देव तिष्ठतु चिन्तितो
ऽप्यस्थितास्तावत् शाधिनः करवाम किम् २४ अ
थ मौलिगतस्येन्दो विशदैर्दशनांशुभिः उपचि
न्वन्प्रभां तन्वीं प्रत्याह परमेश्वरः २५ विदितं वो
यथा स्वार्था न मे काश्चित्प्रवृत्तयः ननु मूर्तिभि
रष्टाभिरित्थंभूतोऽस्मि सूचितः २६ सोऽहं तृष्णा
तुरैर्वृष्टिं विद्युत्वानिव चातकैः अरिविप्रकृतैर्दे
वैः प्रसूतिं प्रति याचितः २७ अत आहर्तुमिच्छा
मि पार्वतीमात्मजन्मने उत्पत्तये हविर्भोक्तुर्य
जमान इवारणिम् २८ तामस्मदर्थे युष्माभि-
र्याचितव्यो हिमालयः विक्रियायै न कल्पन्ते स
म्बन्धाः सदनुष्ठिताः २९ ॥

अथवा हे देव तेरे यथार्थ स्वरूप जानने की अति दुर्लभ प्रार्थना अ
भी रहे हमें आज्ञा दो कि तेरे चिंतन से आये हम क्या काम करें २४ ऋ
षियों के वाक्य सुन कर सिर पर स्थित चंद्रमा की बहुत थोड़ी प्रभा
(कांति) को दांतों की श्वेत किरणों से बढ़ाते परमेश्वर (महादेव) बो
ले २५ आप जानते ही हो कि अपने प्रयोजन से मैं किसी काम में न-
हीं प्रवृत्त होता और पृथिवी जल तेज वायु आकाश सूर्य चंद्रमा औ
र यजमान इन आठ मूर्त्तिओं से पराये अर्थ मेरी प्रवृत्ति जगत में
प्रसिद्ध है २६ तृष्णा से पीड़ित चातक जैसे मेघ से वर्षा की याच
ना करे इसी भांति शत्रुओं से पीड़ित देवताओं ने मुझ से पुत्र उपजा
ना चाहा है २७ जैसे अग्नि उपजाने के लिये यजमान अरणी (का
ष्ठ) को लाना चाहे इसी भांति देवताओं की प्रार्थना से पुत्र उपजाने
के लिये मैं पार्वती को अपने पास लाना चाहता हूं २८ मेरे अर्थ
जाकर तुम हिमालय से पार्वती की याचना करो क्योंकि महा
त्माओं के द्वारा किये हुए संबंध कभी विकार को नहीं प्राप्त हो
ते २९ ॥ ॥

उन्नतेनस्थितिमता धुरमुद्वहताभुवः तेनयोजितसम्बन्धं वित्तमामप्यवञ्चितम् ३० एवंवाच्यःकन्यार्थमितिवोनोपदिश्यते भवत्प्रणीतमाचारमामनन्तिमनीषिणः ३१ आर्य्याप्यरुन्धतीतत्र व्यापारंकर्तुमर्हति प्रायेणैवंविधेकार्ये पुरन्ध्रीणांप्रगल्भता ३२ तत्प्रयातौषधिप्रस्थंसिद्धयेहिमवत्पुरम् महाकोशीप्रपातेऽस्मिन् सङ्गमः पुनरेवनः ३३ तस्मिन्संयमिनामाद्ये जातेपरिणयोन्मुखे जहुःपरिग्रहव्रीडांप्राजापत्यास्तपस्विनः ३४ ततःपरममित्युक्त्वा प्रतस्थेमुनिमण्डलम् भगवानपिसम्प्राप्तः प्रथमोद्दिष्टमास्पदम् ३५ ॥

पृथिवी का भार उठाए बहुत प्रसिद्ध प्रतिष्टित उस हिमालय से विवाह के द्वारा संबंध हो जाने से मुझे भी तुम उत्तम पद मे प्राप्त हुए समझो ३० उस हिमालय को कन्या के लिये इस भांति जाकर कहना यह उपदेश तुम्हें मैं नहीं देता हूं जिस से विद्वान लोग तुमारे बनाए स्मृति शास्त्र को ही आचार कहते हैं ३१ पूजा के योग्य अरुंधती को भी वहां विवाह के कार्य मे सहायता देनी चाहिये प्रायशः ऐसे संबंध के कार्यो मे कुटुंबिनी स्त्रियों की चतुराई चलती है ३२ इस कारण से कार्य की सिद्धि के लिये ओषधिप्रस्थ नामी हिमालय के नगर को तुम जाओ और इसी महाकोशी नदी के प्रारंभ- स्थान पर हमारा फिर मिलाप हो ३३ सब योगीश्वरों के आदि उन महादेव की विवाह में उत्कंठा देख कर ब्रह्मा के पुत्र मरीचि आदि तपस्विओं ने भी गृहस्थ की लज्जा त्याग दी ३४ इस से अनंतर महादेव की आज्ञा मान कर मुनियों की मंडली चल पड़ी और महादेव भी पहिले संकेत के स्थान (कोशिकी के प्रारंभ) पर आ बैठे ३५ ॥ ॥

तेचाकाशमसिश्यामम् उत्पत्य परमर्षयः आसेदुरो
षधिप्रस्थं मनसा समरंहसः ३६ अलकामतिवा-
ह्येव वसतिं वसुसम्पदाम् स्वर्गाभिष्यन्दवमनं कृ
त्वेवोपनिवेशितम् ३७ गङ्गास्रोतः परिक्षिप्तं वप्रा
न्तर्ज्वलितौषधि बृहन्मणिशिलासालं गुप्ताव
पि मनोहरम् ३८ जितसिंहभया नागा यत्राश्वा-
बिलयोनयः यक्षाः किंपुरुषाः पौरा योषितो व
नदेवताः ३९ शिखरासक्तमेघानां व्यज्यन्ते यत्र
वेश्मनाम् अनुगर्जितसन्दिग्धाः करणैर्मुरजस्व-
नाः ४० यत्रकल्पद्रुमैरेव विलोलविटपांशुकैः
गृहयन्त्रपताकाश्रीरपौरादरनिर्मिता ४१ ॥

खड्ग के समान नीलवर्ण आकाश में उड़ के वे महात्मा ऋषीश्व
र मन के तुल्य वेग से शीघ्र ही ओषधिप्रस्थ नामी हिमालय के न
गर में पहुंचे ३६ धन समृद्धि की निवास भूमि अलका (कुवेर की
पुरी) में से उत्तम पदार्थ निकाल के और स्वर्ग से उत्कृष्ट पदार्थ नि
काल कर के रचा हुआ ३७ खाई की नाईं गंगा के प्रवाह से चा
रो ओर घिरा हुआ, वप्र (धूड़ कोट) में जलती ओषधों से शोभि
त बहुत ऊंची मणिओं की शिलाओं से घिरा हुआ स्वभाव से ही दु
र्ग की नाईं शोभायमान ३८ जिस ओषधिप्रस्थ नगर में सिंहों से
अधिक बलवान् हाथी, कंदराओं में आप से आप उपजे हुए
घोड़े, यक्ष, किन्नर पुरुष और वनदेवता ही स्त्रियां हैं ३९ और जि
स नगर में शिखरों पर मेघों से लिपटे गृहों में प्रति ध्वनि से सं-
दिग्ध मृदंग आदि वाद्यों के शब्द ताड़न के व्यापारों से भलीभांति
प्रगट किये जाते हैं ४० जिस नगर में कल्पवृक्षों की चंचल
शाखाओं पर लटकते वस्त्रों से नागर लोगों के यत्न के विना
ही गृह के बाहर निकसे काष्ठों पर ध्वजाओं की शोभा बन र-
ही है ४१ ॥ ∴ ॥ ∴ ॥

यत्रस्फटिकहर्म्येषु नक्तमापानभूमिषु ज्योति
षांप्रतिबिम्बानि प्राप्नुवन्त्युपहारताम् ४२ यत्रौ
षधिप्रकाशेन नक्तंदर्शितसञ्चराः अनभिज्ञा
स्तमिस्राणां दुर्दिनेष्वभिसारिकाः ४३ यौवना
न्तंवयोयस्मि न्नान्तकः कुसुमायुधात् रतिखे
दसमुत्पन्ना निद्रासंज्ञाविपर्ययः ४४ भ्रूभेदि
भिःसकम्पोष्ठै र्ललिताङ्गुलितर्जनैः यत्रकोपैः
कृताःस्त्रीणा माप्रसादार्थिनः प्रियाः ४५ स
न्तानकतरुच्छाया सुप्तविद्याधराध्वगम् यस्य
चोपवनंबाह्यं गन्धवद्गन्धमादनम् ४६ अथ
तेमुनयोदिव्याः प्रेक्ष्यहैमवतंपुरम् स्वर्गाभिसं
धिसुकृतं वञ्चनामिवमेनिरे ४७ ॥

और जहां रात के समय स्फटिक (बिल्लौर) के हर्म्यों (महलों) पर
मद्य पीने की सभाओं में नक्षत्रों के प्रति बिंब ही फूलों की शोभा
देते हैं ४२ जिस नगर में मेघों से आकाश छादन होने पर भी
रात में औषधियों के प्रकाश से मार्ग को देख कर कांत के लि
ये संकेत-स्थान पर जाती स्त्रियें अंधकार को नहीं जानतीं
४३ और जहां वृद्ध कोई नहीं, काम की पीड़ा से बिना मृत्यु नहीं
और संभोग क्रीड़ा की थकावट से उपजी हुई निद्रा ही मरणा है
अर्थात् प्राण वियोग किसी का नहीं होता ४४ जहां भौंहें भुका-
ती ओठ कंपाती और मनोहर अंगुलियों से झिड़कतीं स्त्रियों के
कोप से स्वामी प्रसन्नता तक प्रार्थना करते हैं ४५ और जिस
नगर के बाहर उत्तम गंध से युक्त गंधमादन नामी ऐसा आराम
(बाग) है कि जिस में मार्ग चलते चलते थक कर विद्याधर
सन्तानक वृक्ष की छाया में सो जाते हैं ४६ स्वर्ग के निवासी वे
ऋषीश्वर हिमालय के ऐसे नगर औषधिप्रस्थ को देख कर स्वर्ग
की प्राप्ति के लिये ज्योतिष्टोम आदि यज्ञों का करना व्यर्थ ही मा
नने लगे ४७ ॥

तेसद्मनिगिरेर्वेगा दुन्मुखद्वाःस्थवीक्षिताः अवते
रुर्जटाभारै र्लिखितानलनिश्चलैः ४८ गगनादव
तीर्णासा यथावृद्धपुरःसरा तोयान्तर्भास्करालो
व रेजेमुनिपरम्परा ४९ तानर्घ्यानर्घ्यमादायदूरा
त्प्रत्युद्ययौगिरिः नमयन्सारगुरुभिः पादन्यासैर्व
सुन्धराम् ५० धातुताम्राधरःप्रांशुर्देवदारुबृह
द्भुजः प्रकृत्यैवशिलोरस्कः सुव्यक्तोहिमवानिति
५१ विधिप्रयुक्तसत्कारैः स्वयंमार्गस्यदर्शकः स
तैराक्रमयामास शुद्धान्तंशुद्धकर्मभिः ५२ तत्र
वेत्रासनासीनान् कृतासनपरिग्रहः इत्युवाचेश्व
रान्वाचं प्राञ्जलिर्भूधरेश्वरः ५३ ॥

चित्र में लिखी अग्नि की ज्वाला की नाईं निश्चल जटाओं से शोभित औ
र ऊपर मुख उठाए द्वार पालों के देखते देखते वे ऋषीश्वर हिमालय
के घर में उतर आए ४८ आकाश से उतरी क्रम से वृद्धों वृद्धों को आ
गे किये वह ऋषीश्वरों की पंक्ति जल में सूर्य के प्रति विंबों की पं
क्ति के समान बहुत प्रकाशित हुई ४९ बहुत भारी पाओं के फेंक
ने से पृथ्वी को नवाता पर्वत (हिमालय) अर्घ्य में अक्षत फूल और
जल लेकर पूजा के योग्य उन ऋषियों को दूर तक आगे से लेने ग
या ५० धातु (गेरी) के समान रक्त ओठ, देवदारु वृक्ष के समान
बड़ी भुजा और स्वभाव से ही शिला के तुल्य उर (छाती) से यथार्थ
पर्वत ही जाना हुआ वह हिमालय ५१ आपही आगे आगे मार्ग
दिखाता उत्तम रीति से सन्मान करके शुद्ध कर्म करने वाले उन
महात्मा सात ऋषियों को अंतःपुर में ले गया ५२ वहां अंतःपु
र में आसन पर बैठ पर्वतों के राजा (हिमालय) ने अंजलि बां
ध के बेत के आसनों पर बैठे उन ऋषीश्वरों से यह कहा कि
५३ ॥

अपमेघोदयंवर्षं मदृष्टकुसुमंफलम्, अतर्कि
तोपपन्नंवो दर्शनंप्रतिभातिमे ५४ मूढंबुद्धमि
वात्मानं हैमीभूतमिवायसम् भूमेर्दिवमिवारू
ढं मन्येभवदनुग्रहात् ५५ अद्यप्रभृतिभूतानां
मधिगम्योऽस्मिमद्धये यदध्यासितमर्हद्भिस्त
द्धितीर्थंप्रचक्षते ५६ अवैमिपूतमात्मानं द्वये
नैवद्विजोत्तमाः मूर्द्ध्निगङ्गाप्रपातेन धौतपादा
म्भसाचवः ५७ जङ्गमंप्रैष्यभावेवः स्थावरंचर
णाङ्कितम् विभक्तानुग्रहंमन्येद्विरूपमपिमेव
पुः ५८ भवत्सम्भावनोत्थाय परितोषाय मूर्च्छ
ते अपिव्याप्तदिगन्तानि नाङ्गानिप्रभवन्तिमे ५९

महाराज विना विचारे यह आश्चर्य आपका दर्शन मुझे मेघों के
विना वर्षा और फूल के विना फल के समान बहुत दुर्लभ प्रतीत
होता है ५४ आप के अनुग्रह से मैं अपने आपको मूर्ख से बुद्धि
मान, लोहा से स्वर्ण और पृथ्वी से स्वर्ग में प्राप्त हुए के समान मा
नता हूं ५५ आज से ले कर लोग शुद्धि की कामना से मेरे हां
तीर्थ की श्रद्धा से अवश्य आया करेंगे क्यों कि सज्जनोंसे सेवित
स्थान को तीर्थ कहते हैं ५६ हे द्विजोत्तमो शिखर पर गंगा का
गिरना और आपकेपाऊंधोने का जल इन दोनों की कृपा से ही मैं
अपने आप को पवित्र मानता हूं ५७ हे महाराज मैं अपने स्थाव
र और जंगम दोनों शरीरों पर बांट के दिया आप का अनुग्रह मा
नता हूं जंगम को आपके दास भाव मे स्थित होने से और स्थाव
र की पीठ पर आपके चरण पड़ने से ५८ आप के अनुग्रह
से उपजा विस्तृत आनंद दिशाओं को छाते मेरे बड़े अंगों में
भी नहीं माता ५९ ॥ ॥

नकेवलंदरीसंस्थं भास्वतांदर्शनेनवः अन्तर्गतमपास्तंमे रजसोऽपिपरंतमः ८० कर्त्तव्यंवोनपश्यामि स्याच्चेत्किंनोपपद्यते मन्येमत्पावनायैव प्रस्थानंभवतामिह ८१ तथापितावत्कस्मिन्नि दासांमेदातुमर्हथ विनियोगप्रसादाहि किंकराः प्रभविष्णुषु ८२ एतेवयममीदाराः कन्येयंकुलजीवितम् ब्रूतयेनात्रवःकार्यं नवास्थावाह्यवस्तुषु ८३ इत्युचिवांस्तमेवार्थं गुहामुखविसर्पिणा द्विरिवप्रतिशब्देन व्याजहारहिमाचलः ८४ अथाङ्गिरसमग्रण्य मुदाहरणवस्तुषु ऋषयोनोदयामासुः प्रत्युवाचसभूधरम् ८५ ॥

सूर्य के समान प्रकाशमान आप के दर्शनों से केवल मेरी गुफाओं का ही अंधेरा नहीं दूर हुआ किंतु अंतः करण में जो रजोगुण से परे अज्ञान का अंधेरा था वह भी दूर हो गया ८० पहिले तो निष्काम होने से आप के करने योग्य कोई काम नहीं दीखता तो भी तो सहज में अपने स्थान पर ही सिद्ध कर सकते हो इस से मैं यह जानता हूं कि केवल मुझे पवित्र करने को आप यहां आए हो ८१ तो भी किसी कार्य की आज्ञा मुझे अवश्य देनी चाहिये जिस से दास जनों में प्रभुओं की कृपा कार्य करने की आज्ञा से ही मालूम होती है ८२ अधिक क्या कहूं ये हम, ये सब स्त्रियां और सारे वंश में प्राणों के समान प्यारी यह कन्या इन में से आप का प्रयोजन जिस से सिद्ध हो उसे ले सकते हो स्वर्ण रत्न आदि पदार्थ तो आप के ही हैं ८३ ऐसे कहते हुए हिमालय ने गुफाओं के मुख से निकली प्रतिध्वनि से मानों उसी अर्थ को दृढ़ करने के लिये दो बेर कहा ८४ हिमालय की बातें सुन कर ऋषियों ने बात करने में चतुर अंगिरा को बोलने की अनुमति दी और उसने हिमालय से कहा ८५ ॥

उपपन्नमिदं सर्वं मनःपरमपि त्वयि मनसः शि-
खराणाञ्च सदृशीतेसमुन्नतिः ६६ स्थानेत्वां
स्थावरात्मानं विष्णुमाहुस्तथाहिते चराचरा-
णांभूतानां कुक्षिराधारतां गतः ६७ गमयास्य
लयंनागो मृणालमृदुभिःफणैः आरसात
लमूलात्त्वमवालम्बिष्यथानचेत् ६८ अच्छि
न्नामलसन्तानाः समुद्रोर्म्यनिवारिताः पुनन्ति
लोकान्पुण्यत्वात्कीर्त्तयःसरितश्चते ६९ यथै
वश्लाघ्यतेगङ्गा पादेनपरमेष्ठिनः प्रभवेण
द्वितीयेन तथैवोच्छिरसात्वया ७० तिर्यगूर्द्ध
मधस्ताच्च व्यापकोमहिमाहरेः त्रिविक्रमोद्य
तस्यासीत् सतुस्वाभाविकस्तव ७१ ॥

कि जो तूने कहा है उस से अधिक भी तुझ में योग्य है जिससे
शिखरों के समान तेरा मन भी बहुत ही ऊंचा है ६६ गीता आ
दि प्रमाण ग्रंथों में यह योग्य लिखा है कि हिमालय स्थावर
विष्णु है जिस से विष्णु की नाईं तेरे उदर में भी अनंत चर और
अचर जीव निवास करते हैं ६७ और जे कभी पाताल से लेक
र तेरा अवलंब नहो तो कमल के नाल की नाईं कोमल फ-
णों से शेशनाग पृथ्वी को किसभांति धारण कर सके ६८
निरंतर विछेद रहित बहुत शुद्ध समुद्र के पार तक पहुंची
हुईं अति पवित्र तेरी कीर्त्तियां और गंगा आदि नदियां लोगों
को पवित्र करती हैं ६९ जैसे विष्णु के चरणों से उत्पन्न होने कर
के गंगा की प्रशंसा होतीहै इसीभांति तेरे बहुत ऊंचे शिखरों
से प्रकट होना भी गंगाकी दूसरी अधिक प्रशंसा है ७० त्रिवि
क्रम (तीनपाउं फैंकने) में उद्यम करने से सर्व व्यापक जो महिमा
अंधमा विष्णु को प्राप्त हुई वह महात्म्य सहज से ही तेरा प्रसिद्ध है ७१

यज्ञभागभुजांमध्ये पदमातस्थुषात्वया उच्चैर्हि
रण्मयंशृङ्गं सुमेरोर्वितथीकृतं ७२ काठिन्यंस्था
वरेकाये भवतासर्वमर्पितम् इदन्तुतेभक्तिन
म्रंसतामाराधनंवपुः ७३ तदागमनकार्य्यंनः
शृणुकार्य्यंतवैवतत् श्रेयसामुपदेशात्तु वय-
मत्रांशभागिनः ७४ अणिमादिगुणोपेत मस्पृ
ष्टपुरुषान्तरम् शब्दमीश्वरइत्युच्चैः सार्द्धचन्द्रंबि
भर्तियः ७५ कल्पितान्योन्यसामर्थ्यैः पृथिव्या
दिभिरात्मभिः येनेदंध्रियतेविश्वं धुर्य्यैर्यानमि
वाध्वनि ७६ योगिनोयंविचिन्वन्ति क्षेत्राभ्यन्त
रवर्तिनम् अनावृत्तिभयंयस्य पदमाहुर्मनी
षिणः ७७ ॥

इंद्र आदि कों के बीच यज्ञों के भाग लेने के वास्ते पांउ धर कर
तू ने सुमेरु के बहुत ऊंचे स्वर्ण के शृंग व्यर्थ कर दिये ७२ तू ने
सारी कठिनता अपने पाषाणमय शरीर (पर्वत) में रख दी है
और भक्ति से नम्र मनुष्य के आकार का यह तेरा शरीर महात्मा
ओं की सेवा करने के योग्य है ७३ इस से हमारे आगमन का का
र्य सुन जो कि तेरा ही कार्य है जिससे इस उत्तम कार्य का उपदे
श देने से हम तो केवल अंश के भागी हैं फल तो तुझे ही मिल
ता है ७४ अणिमा आदि आठ सिद्धियों के साथ अन्य पुरुषों को
न प्राप्त होने योग्य ईश्वर शब्द और आधे चंद्रमा को जो धारण क
रता है ७५ परस्पर एक दूसरे के सहायक पृथिवी आदि अपने
आठ स्वरूपों से जो सारे विश्व को धारण कर रहा है जैसे मा
र्ग में घोड़े रथ को धारण करते हैं ७६ जिस अंतर्यामी परमे-
श्वर को योगीजन समाधि के द्वारा लभते हैं और विद्वान लोग
जिस के पद (स्थान) को जन्म मरण के भय से रहित कह
ते हैं ७७ ॥

स ते दुहितरं साक्षात् साक्षी विश्वस्य कर्मणाम्
वृणुते वरदः शम्भु रस्मत्संक्रामितैः पदैः ७८
तमर्थमिव भारत्या सुतया योक्तुमर्हसि अ
शोच्या हि पितुः कन्या सद्भर्त्रे प्रतिपादिता ७९
यावन्त्येतानि भूतानि स्थावराणि चराणि च
मातरं कल्पयन्त्वेना मीशो हि जगतः पिता ८०
प्रणम्य शितिकण्ठाय विबुधास्तदनन्तरम् च
रणौ रञ्जयन्त्वस्या श्चूडामणिमरीचिभिः ८१
उमा वधूर्भवान्दाता याचितार इमे वयम् व
रः शम्भुरलं ह्येष त्वत्कुलोद्भूतये विधिः ८२
अस्तोतुः स्तूयमानस्य वन्द्यस्यानन्यवन्दिनः
सुतासम्बन्धविधिना भव विश्वगुरोर्गुरुः ८३ ॥

जगत के कर्मों का साक्षी वर देने में समर्थ वह शंभु (महादेव) हमा-
रे द्वारा संदेश पहुंचा कर आप ही तेरी कन्या को वरता है ७८ अर्थ-
को वाणी के साथ मिलाने की नाईं तू उस महादेव को अपनी
कन्या के साथ मिलाने योग्य है जिससे उत्तम पति को कन्या देकर
माता पिता को शोक नहीं करना पड़ता ७९ जितने चर, अचर
सारे जगत के जीव सब तेरी इस कन्या को माता बनावें जिससे
ईश (महादेव) जगत का पिता है ८० देवता लोग महादेव को प्रणा-
म करने से पीछे अपने मुकुटों की मणियों के किरणों से इस
पार्वती के चरणों को रंगें ८१ पार्वती वहू, तू दाता, हम सब या-
चक और महादेव वर यह सामग्री तेरे कुल की वृद्धि के लिये पू-
र्ण है ८२ सदा और किसी की स्तुति और वंदना करने से रहित
सब की स्तुति और वंदना के विषय सारे जगत के गुरु उस म-
हादेव का अपनी कन्या के संबंध से तू भी गुरु बन ८३ ॥

एवंवादिनि देवर्षौ पार्श्वे पितुरधोमुखी लीला
कमलपत्राणि गणयामास पार्वती ८४ शै
लः सम्पूर्णकामोऽपि मेनामुखमुदैक्षत
प्रायेण गृहिणीनेत्राः कन्यार्थेषु कुटुम्बिनः
८५ मेने मेनाऽपि तत्सर्वं पत्युः कार्यमभीप्सि
तम् भवन्त्यव्यभिचारिण्यो भर्तुरिष्टे पतिव्रताः
८६ इदमत्रोत्तरं न्याय्य मिति बुद्ध्या विमृश्य सः
आददे वचसामन्ते मङ्गलालङ्कृतां सुताम्
८७ एहि विश्वात्मने वत्से भिक्षासि परिकल्पि
ता अर्थिनो मुनयः प्राप्तं गृहमेधिफलं म
या ८८ ॥

देवर्षि (अंगिरा) के ऐसा कहने पर पिता के समीप नीचे मुख
किये पार्वती ने खेलने के कमल में दृष्टि देकर पत्ते गिनने से
अपने हर्ष के चिन्ह छिपा लिये ८४ महादेव को कन्या देने
का निश्चय तौभी हिमालय उत्तर देने के लिये मेना की ओ
र देखने लगा जिससे गृहस्थी लोग कन्या के कार्य में प्रायः
स्त्रियों के कथन को हि प्रधान मानते हैं ८५ स्वामी (हिमा
लय) के अभिलषित उस सम्पूर्ण कार्य को मेना ने मान लि
या जिस से पति व्रता स्त्रियें स्वामी के अभीष्ट कार्य का निषेध
कभी नहीं करतीं ८६ मुनियों के वाक्य सुनने से पीछे चित्त
में देने के उत्तर विचार के हिमालय ने उत्तम भूषण और वस्त्रों
से शोभित अपनी कन्या (पार्वती) को उठा लिया ८७ और क
हा कि आपुत्रि मैं ने तुझे विश्वात्मा (महादेव) की भिक्षा स
मुझा है जिस से ये ऋषीश्वर याचना करने आए हैं इस से गृह
स्थ आश्रम का उत्तम फल मुझे मिल गया ८८ ॥

एतावदुक्त्वा तनयामृषीनाह महीधरः इयं
नमति वः सर्वान् त्रिलोचनवधूरिति ८९ ईप्सि-
तार्थक्रियोदारं तेऽभिनन्द्य गिरेर्वचः आशी
भिरेधयामासुः पुरःपाकाभिरम्बिकाम् ९०
तां प्रणामादरस्रस्त जाम्बूनदवतंसकाम्
अङ्कमारोपयामास लज्जमानामरुन्धती ९१
तन्मातरंचाश्रुमुखीं दुहितृस्नेहविक्लवाम्
वरस्यानन्यपूर्वस्य विशोकामकरोद्गुणैः ९२
वैवाहिकींतिथिंपृष्टाः स्तत्क्षणंहरबन्धुना तेत्र्य
हादूर्ध्वमाख्याय चेरुश्चीरपरिग्रहाः ९३ ॥

पार्वती से इतनी बात कह कर हिमालय ने ऋषियों से यह कहा कि यह महादेव की बहू आप सब को प्रणाम करती है ८९ अपने इष्ट अर्थ के साधक हिमालय के वाक्य की प्रशंसा कर के उन ऋषीश्वरों ने समीप ही फल देने वाले आशीर्वादों से अंबिका (पार्वती) को बढ़ाया अर्थात् बहुत आशीर्वाद दिये ९० प्रणाम करने के आदर से कानों के भूषण स्वर्ण के कुंडलों को गिराती बहुत लज्जित उस पार्वती को अरुंधती ने गोद में बैठा लिया ९१ और आंसू बहा कर रोती पार्वती की मा मेना को अरुंधती ने और किसी को न प्राप्त होने योग्य वर (महादेव) के बहुत उत्तम गुणों से शोक रहित किया ९२ महादेव के संबंधी (हिमालय) के विवाह की तिथि पूछने पर हत्तों की त्वचा पहिने वे ऋषीश्वर तीन दिन से अनंतर का दिन निश्चित कर के चल पड़े ९३ ॥ ❖ ❖ ॥

तेहिमालयमामन्त्र्य पुनःप्राप्यचशूलिन
म सिद्धंचास्मैनिवेद्यार्थं तद्विसृष्टाःखमुद्य
युः ९४ पशुपतिरपितान्यहानिकृच्छ्रादग
मयदद्रिसुतासमागमोत्कः कमपरमवशं
नविप्रकुर्युर्विभुमपितंयदमीस्पृशन्तिभा
वाः ९५ ॥ ⁘ ॥ ⁘

इतिश्रीकालिदासकृतौकुमारसम्भवेमहा
काव्येउमाप्रदानोनामषष्ठःसर्गः ६ ॥

वे मुनि हिमालय से पूछ फिर महादेव के पास पहुंच कर सिद्ध हुआ कार्य रहे बता के महादेव की आज्ञा ले कर आकाश को उड़ गये ९४ पर्वत (हिमालय) की पुत्री (पार्वती) के विवाहने में उत्कंठित पशुपति (महादेव) ने भी वे तीन दिन बहुत कष्ट से विताए उत्कंठा आदि संचारी भावों ने जितेंद्रिय (महादेव) के चित्त में जब विकार उपजा दिया तो और सामान्य पुरुषों के विकार उपजाने में क्या आश्चर्य है ९५ ॥ ⁘ ॥

इति पं॰ सुखदयाल का बनाया कुमार के छठे सर्ग का हिंदी में अनुवाद समाप्त हुआ ॥ ⁘ ⁘ ॥

सप्तमः सर्गः ॥

अथौषधीनामधिपस्य वृद्धौ तिथौ च जामित्रगु
णान्वितायाम् समेतबन्धुर्हिमवान्सुताया वि
वाहदीक्षाविधिमन्वतिष्ठत् १ वैवाहिकैः कौतु
कसंविधानैर्गृहे गृहे व्यग्रपुरन्ध्रिवर्गम् आसी
त्पुरं सानुमतोऽनुरागादन्तःपुरं चैककुलोपमेय
म् २ सन्तानकाकीर्णमहापथं तच्चीनांशुकैः क
ल्पितकेतुमालम् भासोज्ज्वलत्काञ्चनतोरणा-
नां स्थानान्तरं स्वर्ग इवाबभासे ३ एकैव सत्या
मपि पुत्रपङ्क्तौ चिरस्य दृष्टेव मृतोत्थितेव आस
न्नपाणिग्रहणेति पित्रोरुमा विशेषोच्छ्वसितं ब
भूव ४

तीन दिन से अनंतर शुक्लपक्ष में लग्न से सातवां स्थान शुद्ध दे-
ख के संबंधियों को इकट्ठे कर के हिमालय ने अपनी कन्या (पा-
र्वती) के विवाह का प्रारंभ किया १ हिमालय के प्रेम से घर २
में विवाह के योग्य गीत वाद्य आदि मंगल कार्यों में सब सोभा
गन स्त्रियों के प्रवृत्त होने पर सारा औषधिप्रस्थ नगर एक रनिवा
र के समान प्रतीत होता था २ राजमार्ग में मंदार के फूल बि
छे हुए चीन देश के वस्त्रों की ध्वजाओं से भरा हुआ और स्वर्ण के
तोरणों की कांति से प्रकाशमान वह औषधिप्रस्थ नगर सुमेरु
से अन्य स्थान में विद्यमान स्वर्ग की नाईं प्रतीत होता था ३
बहुत संतानों के होने पर भी विवाह की समीपता से चिर पीछे
देखे और मर के जीये हुए की नाईं वह एक कन्या (पार्वती) अ-
पने माता पिता को प्राणों के तुल्य प्यारी थी ४ ॥

अङ्काद्ययावङ्कमुदीरिताशीः सामण्डनान्मण्ड
नमन्वभुङ्क्त सम्बन्धिभिन्नोऽपिगिरेःकुलस्य स्ने
हस्तदेकायतनं जगाम ५ मैत्रे मुहूर्ते शशला-
ञ्छनेन योगंगतासूत्तरफल्गुनीषु तस्याःशरी
रे प्रतिकर्म चक्रुर्बन्धुस्त्रियोयाःपतिपुत्रवत्यः ६
सागौरसिद्धार्थनिवेशवद्भिर्दूर्वाप्रवालैःप्रतिभि
न्नशोभम् निर्नाभिकौशेयमुपात्तबाणमभ्यङ्ग-
नेपथ्यमलंचकार ७ बभौ च सम्पर्कमुपेत्य बा
ला नवेन दीक्षाविधिसायकेन करेण भानोर्ब-
हुलावसाने सन्धुक्ष्यमाणेव शशाङ्करेखा ८ तां
लोध्रकल्केन हृताङ्गतैलामाश्यानकालेयकृ
ताङ्गरागाम् वासो वसानामभिषेकयोग्यं नार्य
श्चतुष्काभिमुखं व्यनैषुः ९ ॥

वह पार्वती एक की गोद में बैठ आशीर्वाद लेकर दूसरे की गोद में
जा बैठती थी और साथ ही नये नये उत्तम भूषण वस्त्र भी पहिन
ती थी और सब संबंधियों में बंटा हुआ भी हिमालय के सारे कुल
का प्रेम एक पार्वती में ही जा इकट्ठा हुआ ५ सूर्य के उदय से ती-
सरे मुहूर्त में उत्तरफल्गुनी में चंद्रमा के आने पर सौभाग्यवत (जी
ते पुत्र और स्वामीवाली) स्त्रियों ने स्नान आदि कर्मों से पार्वती का
शरीर शोभित किया ६ और सर्षप में मिले हुए दूर्वा के अंकुरों
से शोभायमान उस पार्वती ने पट के वस्त्र पहिन बाण हाथ
में लिये स्नान और वेश को भी शोभित किया ७ विवाह के नये बाण
को हाथ में लेते ही वह पार्वती ऐसी शोभित हुई जैसे कृष्ण पक्ष
के अनन्तर शुक्लपक्ष में सूर्य के किरणों से बढ़ती हुई चंद्रमा
की रेखा शोभित होती है ८ लोध्र के चूर्ण का उवटन मलकर
पीछे से कुछ सूखा सुगंधि द्रव देह में लगा कर सब स्त्रियां स्ना
न के योग्य धोती पहिनाय पार्वती को स्नान के घर में ले गईं ९ ॥

विन्यस्तवैदूर्यशिलातलेऽस्मिन्नाविद्धमुक्ताफल
भक्तिचित्रे आवर्जिताष्टापदकुम्भतोयैः सतूर्यमे
नांस्नपयांबभूवुः १० सामङ्गलस्नानविशुद्धगा
त्री गृहीतपत्युद्गमनीयवस्त्रा निर्वृत्तपर्जन्यजला
भिषेका प्रफुल्लकाशा वसुधेव रेजे ११ तस्मात्प्र
देशाच्च वितानवन्तं युक्तं मणिस्तम्भचतुष्टयेन
पतिव्रताभिः परिगृह्य निन्ये क्लृप्तासनं कौतुकवे
दिमध्यम् १२ तां प्राङ्मुखीं तत्र निवेश्य तन्वीं क्ष
णं व्यलम्बन्त पुरो निषण्णाः भूतार्थशोभाह्रिय-
माणनेत्राः प्रसाधने संनिहितेऽपि नार्यः १३ धू
पोष्मणा त्याजितमार्द्रभावं केशान्तमन्तःकुसु-
मं तदीयम् पर्याक्षिपत्काचिदुदारबन्धं दूर्वावता
पाण्डुमधूकदाम्ना १४ ॥

मोतियों की माला लगाने से शोभित इस घर में सब स्त्रियों ने मरकत
मणि की शिला पर बिठा के तुरी बाजों के बजने पर स्वर्ण के कल
सों से जल डार डार के पार्वती को निहलाया १० मंगल स्नान के
द्वारा सारे अंगों से शुद्ध स्वामी के पास जाने योग्य नये वस्त्र पहिने
वह पार्वती फूली हुई कांशों से मेघ के जल (वर्षा) से सिंची भूमि
के समान शोभित हुई ११ उस स्थान से पतिव्रता स्त्रियें पार्वती
को रत्नों के चार खंभों और वितान (चंदोवा) से शोभायमान
आसन बिछाए विवाह की वेदी के बीच उठा कर ले गईं १२ स्त्रि
यों ने सुकुमार उस पार्वती को पूर्व की ओर मुख से वेदी में बिठा
कर सामने बैठे बैठे भूषण वस्त्र आदि संपूर्ण शोभा की साम-
ग्री होने पर भी पार्वती की स्वाभाविकी शोभा देखने से चकित
होके विलंब किया १३ धूप दे कर सुखाए, फूलों से भरे उस पार्व-
ती के केश किसी स्त्री ने दूर्वा और लाल महुए फूलों की माला
से बहुत सुंदर रीति से ऊपर को बांधे १४ ॥

विन्यस्तशुक्लागुरु चक्रुरङ्गं गोरोचनापत्रविभ
ङ्गमस्याः साचक्रवाकाङ्कितसैकतायास्त्रिस्रोत
सः कान्तिमतीत्यतस्थौ १५ लग्नद्विरेफं परिभूयप
द्मं समेघरेखं शशिनश्चबिम्बम् तदाननश्रीरल
कैःप्रसिद्धैश्चिच्छेदसादृश्यकथाप्रसङ्गम् १६ क
र्णार्पितोलोध्रकषायरूक्षे गोरोचनाक्षेपनितान्त
गौरे तस्याःकपोलेपरभागलाभाद्बबन्धचक्षूं-
षियवप्ररोहः १७ रेखाविभक्तःसुविभक्तगात्र्याः
किञ्चिन्मधूच्छिष्टविमृष्टरागः कामप्यभिख्यां-
स्फुरितैरपुष्यदासन्नलावण्यफलोऽधरोष्ठः १८
पत्युःशिरश्चन्द्रकलामनेन स्पृशेतिसख्यापरिहा
सपूर्वम् सारञ्जयित्वाचरणौकृताशीर्माल्येनतां-
निर्वचनंजघान १९ ॥

स्त्रियों ने शुक्ल अगर लगा कर गोरोचन से पत्र रचना के द्वारा पार्वती
का शरीर शोभित किया और वह पार्वती चक्रवाक पक्षियों की क्रीड़ा
के स्थान सिकता (रेत) के स्थलों से शोभित गंगा से भी अधिक सुंदर
मालूम होती थी १५ भौरों से भरे कमल और मेघों से आधे छाए चंद्रमा
को प्रसिद्ध अलकों (केशों) से तिरस्कार करके उस (पार्वती) के मु
ख की शोभा ने उपमा देने की बात ही जगत से उठा दी १६ कानों में
पहिने यवों के अंकुरों ने लोध्र का चूर्ण लगाने से रूक्ष गोरोचन से
निरंतर पीतवर्ण उस पार्वती के कपोलों पर अधिक शोभा पाने से
लोगों के नेत्र बांध लिये १७ यौवन करके सब अंगों से पुष्ट उस पा
र्वती के मधु के लगाने से अधिक अरुण, सौंदर्य का फल पाने के
समीप पहुंचे हुए नीचले ओठ ने हिलने से एक आश्चर्य शोभा प्रगट
की १८ लाख के रंग से पांउ रंग के सखी ने परिहास से पार्वती को
यह आशीर्वाद दिया कि इस पांउ से पति (महादेव) के शिर की
चंद्र कला को छू और पार्वती ने चुपके से फूलों की माला के साथ
उसे ताड़न किया १९ ॥

तस्याः सुजातोत्पलपत्रकान्ते प्रसाधिकाभिर्नय
नेनिरीक्ष्य नचक्षुषोः कान्तिविशेषबुद्धा काला
ञ्जनंमङ्गलमित्युपात्तम् २० सासम्भवद्भिः कुसु
मैर्लतेव ज्योतिर्भिरुद्यद्भिरिव त्रियामा सरिद्विह-
ङ्गैर्लीयमानैरामुच्यमानाभरणाचकाशे २१
आत्मानमालोक्यचशोभमान मादर्शबिम्बेस्ति
मितायताक्षी हरोपयानेत्वरिताबभूव स्त्रीणांप्रिया
लोकफलोहिवेशः २२ अथाङ्गुलिभ्यांहरिताल
मार्द्रं माङ्गल्यमादायमनःशिलाञ्च कर्णावस-
क्तामलदन्तपत्रं मातातदीयंमुखमुन्नमय्य २३
उमास्तनोद्भेदमनुप्रवृद्धो मनोरथोयः प्रथमंब
भूव तमेवमेनादुहितुःकथञ्चि द्विवाहदीक्षा
तिलकंचकार २४ ॥

खिले हुए कमल के सुंदर पत्रों के तुल्य उस पार्वती के नेत्र दे-
ख के भूषण वस्त्र आदि पहिनाती सखियों ने शोभा बढ़ाने के
लिये नहीं किंतु मंगल द्रव्य जान कर काला अंजन पार्वती के नेत्रों
में डाला २० खिलते हुए फूलों से लता के, उदय को प्राप्त नक्षत्रों
से रात्रि के और निवास करते चकवाक आदि पक्षियों से नदी के
समान वह पार्वती भूषण धारण कर के बहुत शोभित हुई २१
वह पार्वती बहुत शोभित अपने स्वरूप को प्रेमकी निश्चल दृ-
ष्टि से दर्पण में देखके महादेव के समीप जाने को बहुत उत्कंठि-
त हुई जिससे स्त्रियों का वेश (शृंगार) स्वामी के देखने से ही सफल
होता है २२ सब शृंगार लगाने से पीछे माता मेना ने मंगलमय हरती
हरिताल और मनशिल अंगुलियों से ले कर कानों में पहिने हुए दंत
पत्रों से शोभित पार्वती के मुख को ऊपर उठा के २३ पार्वती के स्तन प्रक-
ट होने के साथ ही बढ़े हुए मन के अभिप्राय को ही बड़े खेद से अप
नी कन्या के मस्तक पर विवाह के तिलक के समान लगाया २४ ॥

बबन्ध चास्राकुलदृष्टिरस्याः स्थानान्तरे कल्पित सन्निवेशम् धात्र्यङ्गुलीभिः प्रतिसार्यमाणा मूर्णामयं कौतुकहस्तसूत्रम् २५ क्षीरोदवेलेव सफेनपुञ्जा पर्याप्तचन्द्रेव शरत्त्रियामा नवं नवक्षौमनिवासिनी सा भूयो बभौ दर्पणमादधाना २६ तामर्चिताभ्यः कुलदेवताभ्यः कुलप्रतिष्ठां प्रणमय्य माता अकारयत्कारयितव्यदक्षा क्रमेण पादग्रहणं सतीनाम् २७ अखण्डितं प्रेम लभस्व पत्युरित्युच्यते ताभिरुमा स्म नम्रा तया तु तस्यार्द्धशरीरभाजा पश्चात्कृताः स्निग्धजनाशिषोऽपि २८ इच्छाविभूत्योरनुरूपमद्रिस्तस्याः कृती कृत्यमशेषयित्वा सभ्यः सभायां सुहृदास्थितायां तस्थौ वृषाङ्कागमनप्रतीक्षः २९ ॥

नेत्रों में प्रेम के आंसू अधिक आने पर दृष्टि मंद हो जाने से अन्य स्थान में बांधने से पीछे धात्री (दाई) की अंगुलियों से योग्य स्थान पर पहुंचे ऊन से रचित विवाह के कंगने को मेना ने पार्वती के हाथ में बांधा २५ नये वस्त्र धारण कर नया दर्पण हाथ में लिये वह पार्वती फेन (झाग) से लिपटी समुद्र की तीर–भूमि और पूर्ण चंद्रमा से शरद की रात्रि के समान बहुत शोभित हुई २६ संपूर्ण शुभ कार्य कराने में चतुर माता मेना ने कुल के आसरा पार्वती को पूजित कुल देवताओं के तांई प्रणाम करवा के क्रम से पतिव्रता सौभागिन स्त्रियों की पादवंदना करवाई २७ उन पतिव्रताओं ने नम्र पार्वती को यह आशीर्वाद दिया कि स्वामी (महादेव) के अखंडित प्रेम को प्राप्त हो परंतु स्वामी का आधा शरीर बन जाने से पार्वती संबंधियों के आशीर्वादों से भी बढ़ गई २८ अपनी इच्छा और संपत्ति के योग्य पार्वती के विवाह का संपूर्ण कार्य समाप्त कर के सज्जन संबंधियों से भरी सभा में बैठा हिमालय महादेव के आगमन का प्रतीक्षा करता था २९ ॥

तावद्वरस्यापि कुबेरशैले तत्पूर्वपाणिग्रहणानु
रूपम् प्रसाधनं मातृभिरादृताभि न्यस्तंपुरस्तात्पु
रशासनस्य ३० तद्गौरवान्मङ्गलमण्डनश्रीः सा
पस्पृशे केवलमीश्वरेण सएव वेशः परिणेतुरिष्टं
भावान्तरंतस्यविभोःप्रपेदे ३१ बभूवभस्मैवसिता
ङ्गरागः कपालमेवामलशेखरश्रीः उपान्तभागेषु
चरोचनाङ्को गजाजिनस्यैवदुकूलभावः ३२ शङ्खा
न्तरद्योतिविलोचनंय दन्तर्निविष्टामलपिङ्गतारम्
सान्निध्यपक्षे हरितालमय्या स्तदेवजातंतिलकक्रि
यायाः ३३ यथाप्रदेशंभुजगेश्वराणां करिष्यतामा
भरणान्तरत्वम् शरीरमात्रंविकृतिंप्रपेदे तथैवत
स्थुःफणरत्नशोभाः ३४ ॥

इतने में ही कैलास पर्वत पर ब्राह्मी आदि माताओं ने आदर से प
हिले विवाह के योग्य उत्तम भूषण और वस्त्र सारे महादेव के साम
ने लेआकर रखे ३० ब्राह्मी आदि माताओं के आदर से महादेव
ने उस भूषण आदि शोभा की सामग्री को केवल हाथ से छू दि
या धारण नहीं किया किंतु ईश्वर का वही भस्म आदि वही वेश
सुंदर भूषण वस्त्र बनगया ३१ भस्म ही चंदन का श्वेत लेपन क
पाल ही बहुत सुंदर मुकुट और हाथी का चर्म ही हंस की नाईं
शुक्लवर्ण दुकूल (ऊपर का वस्त्र) बन गया ३२ ललाट की अ
स्थि में प्रकाशमान मध्य में स्थित पीत वर्ण की तारा से युक्त म
हादेव का तीसरा नेत्र ही हरिताल मय तिलक मालूम होने ल
गा ३३ अपने अपने पहिले स्थान में ही स्थित वासुकी आदि म
हा सर्पों ने जब कुंडल आदि भूषणों का स्वरूप धारण किया तो
केवल उन के शरीर ही आकृति से स्वर्ण बन गये और फणों के
रत्न तो उसी भांति जड़े रहे ३४ ॥

दिवापिनिष्ठ्यूतमिवात्मभासा बाल्यादनाविष्कृत
लाञ्छनेन चन्द्रेणनित्यंप्रतिभिन्नमौले श्चूडाम-
णेःकिंग्रहणंहरस्य १५ इत्यद्भुतैकप्रभवः प्रभावा
त् प्रसिद्धनेपथ्यविधेर्विधाता आत्मानमासन्न-
गणोपनीते खड्गे·निषिक्तप्रतिमंददर्श १६ सगो
पतिंनन्दिभुजावलम्बी शार्दूलचर्मान्तरितोरुपृ
ष्ठम् तद्भक्तिसंक्षिप्तबृहत्प्रमाण मारुह्यकैलास-
मिवप्रतस्थे १७ तंमातरोदेवमनुव्रजन्त्यः स्ववाह
नक्षोभचलावतंसाः मुखैःप्रभामण्डलरेणुगौ
रैः पद्माकरंचक्रुरिवान्तरीक्षम् १८ तासांचपश्चा
त्कनकप्रभाणां कालीकपालाभरणाचकासे
बलाकिनीनीलपयोदराजी दूरंपुरःक्षिप्तशत-
ह्रदेव १९ ॥

दिन में भी बहुत प्रकाशमान छोटी एक कला ही होने से कलंक र-
हित चंद्रमा के सदा मस्तक पर स्थित होने से महादेव को अन्य चू-
डामणि धारने की क्या अपेक्षा है १५ इस भांति अपनी सामर्थ्य से
प्रसिद्ध उत्तम शृंगारों के कर्ता और अद्भुत सामर्थ्य के समुद्र महादेवने
खड्ग में प्रतिबिंबित अपना स्वरूप देखा १६ नंदिकेश्वर की भुजा के
अवलंब से वह महादेव भक्ति से अपने विस्तार का बहुत संक्षेप क-
रके आप कैलास पर्वत की नाईं श्वेत वर्ण बड़े बैल की पीठ के च-
र्म से छाई विस्तृत पीठ पर चढ़ के चला १७ महादेव के पीछे
पीछे जाती और अपने वाहनों के चलने से कुंडल आदि भूषणों
को चलाती ब्राह्मी आदि माताओंने तेजों के मंडल से अरुण (लाल)
मुखों के द्वारा आकाश को कमलों का आकर (खानि) बना दिया १८
स्वर्ण के तुल्य देह वाली ब्राह्मी आदि माताओं से पीछे कपालों के भू-
षण पहिने महाकाली बहुत दूर आगे चमकती बिजली के पीछे आ-
ती, उड़ते बगलों की पंक्ति से मनोहर नील मेघों की घटा के समा-
न शोभित हुई १९ ॥

ततो गणैः शूलभृतः पुरोगैरुदीरितो मङ्गलतूर्
यघोषः विमानशृङ्गाण्यवगाहमानः शशंस
सेवावसरं सुरेभ्यः ४० उपाददे तस्य सहस्ररश्मि
स्त्वष्ट्रा नवं निर्मितमातपत्रम् स तद्दुकूलादवि
दूरमौलिर्बभौ पतद्गङ्ग इवोत्तमाङ्गे ४१ मूर्ते च
गङ्गायमुने तदानीं सचामरे देवमसेविषाताम्
समुद्रगारूपविपर्ययेऽपि सहंसपाते इव लक्ष्य
माणे ४२ तमभ्यगच्छत्प्रथमो विधाता श्रीवत्स
लक्ष्मा पुरुषश्च साक्षात् जयेति वाचा महिमानम
स्य सम्वर्द्धयन्तौ हविषेव वह्निम् ४३ एकैव मूर्त्ति
र्बिभिदे त्रिधा सा सामान्यमेषां प्रथमावरत्वम् वि
ष्णोर्हरस्तस्य हरिः कदाचित् वेधास्तयोस्तावपि
धातुराद्यौ ४४ ॥

इस से अनंतर महादेव के प्रमथ गणों से बजाए मृदंग तुरी आदि बाजों के शब्द ने आकाश जाते विमानों के शिखरों तक पहुंच के देवताओं को सेवा का समय बताया ४० विश्वकर्मा के बनाए नये छत्र को सूर्य ने आकर धारण किया और इस छत्र के सिर पर लगने से गंगा की धारा के तुल्य श्वेत (दुकूल) वस्त्रों से महादेव बहुत शोभित हुए ४१ और मनुष्य का अति सुंदर रूप धार के श्वेत चामर हाथ में लिये नदी का रूप त्यागने पर भी उड़ते हंसों से सुंदर प्रतीत होतीं गंगा और यमुना ने आकर महादेव की सेवा की ४२ होत आदि हवन की सामग्री से आग की नाईं जय जय शब्द से महादेव की महिमा को बढ़ाते साक्षात् ब्रह्मा और विष्णु सामने आए ४३ एकही परब्रह्म की ब्रह्मा, विष्णु और महादेव ये तीन मूर्त्तियां सत्व, रज और तम नामी गुणों के भेद से प्रतीत होती हैं इसी से इन तीनों में न्यूनता वा अधिकता किसी में नियत नहीं है कभी विष्णु से शिव कभी शिवसे विष्णु कभी इन दोनों से ब्रह्मा [illegible] कभी ब्रह्मा से ये दोनों (ब्रह्मा विष्णु) प्रधान होते हैं ४४ ॥

तं लोकपालाः पुरुहूतमुख्याः श्रीलक्षणोत्सर्ग
विनीतवेशाः दृष्टिप्रदाने कृतनन्दिसंज्ञास्तद्दर्शि
ताः प्राञ्जलयः प्रणेमुः ४५ कम्पेन मूर्ध्नः शतप
त्रयोनिं वाचा हरिं वृत्रहणं स्मितेन आलोकमा
त्रेण सुरानशेषान् सम्भावयामास यथाप्रधा-
नम् ४६ तस्मै जयाशीः ससृजे पुरस्तात् सप्तर्षि
भिस्तान् स्मितपूर्वमाह विवाहयज्ञे वितते ऽत्र
यूयमध्वर्यवः पूर्ववृता मयेति ४७ विश्वावसुप्रा
ग्रहरैः प्रवीणैः सङ्गीयमानत्रिपुरावदानः अध्वा
नमध्वान्तविकारलङ्घ्यस्ततार ताराधिपखण्ड
धारी ४८ खे खेलगामी तमुवाह वाहः सशब्द
चामीकरकिङ्किणीकः तटाभिघातादिव लग्न
पङ्के धुन्वन्मुहुः प्रोतघने विषाणे ४९ ॥

छत्र चामर आदि राजचिह्नों के त्यागने से नम्र वेश इंद्र आदि लो
कपालों ने दर्शन के लिये नंदी की बहुत प्रार्थना करने पर उस
के साथ महादेव के सामने हाथ बांधे जा कर प्रणाम की ४५ और
महादेव ने सिर के कंपाने से ब्रह्मा का, वाणी से विष्णु का,
थोड़ा हसने से इंद्र का और दृष्टि से देवताओं का यथायोग्य स
त्कार किया ४६ सामने आकर मरीचि आदि सात ऋषि
यों ने जय जय कह कर महादेव को आशीर्वाद दिया और म
हादेव ने हस कर इन्हें कहा कि विस्तृत इस विवाह यज्ञ में अध्व
र्यु बनने की प्रार्थना मैं पहिले ही आपसे कर चुका हूं ४७ चंद्र
मा की कला धारे, मोह के राग आदि विकारों से रहित महादेव उ
त्तम, वीणा बजाते विश्वावसु आदि गंधर्वों से त्रिपुर वध के चरि
त्र का गीत सुनते सुनते मार्ग लंघ गये ४८ मृत्तिका खोदने से ल
गे पंक (कीचड़) की नाईं मेघों से लिपटे सींगों को बार बार कंपा
ता, चलने में बहुत सुंदर छनकती सोने की किंकिणी (तड़ा
गी) पहिने नंदी महादेव को उठा कर आकाश में चला ४९ ॥

स प्राप दप्राप्तपराभियोगं नगेन्द्रगुप्तं नगरं मुहूर्तात् पुरोविलग्नैर्हरदृष्टिपातैः सुवर्णसूत्रैरिव कृष्यमाणः ५० तस्योपकण्ठे घननीलकण्ठः कुतूहलादुन्मुखपौरदृष्टः स्वबाणचिह्नादवतीर्यमार्गादासन्नभूपृष्ठमियाय देवः ५१ तमृद्धिमद्बन्धुजनाधिरूढैर्वृन्दैर्गजानां गिरिचक्रवर्ती प्रत्युज्जगामागमनप्रतीतः प्रफुल्लवृक्षैः कटकैरिव स्वैः ५२ वर्गावुभौ देवमहीधराणां द्वारे पुरस्योद्घटितापिधाने समीयतुर्दूरविसर्पिघोषौ भिन्नैकसेतू पयसामिवौघौ ५३ ह्रीमानभूद्भूमिधरो हरेण त्रैलोक्यवन्द्येन कृतप्रणामः पूर्वं महिम्ना स हि तस्य दूरमावर्जितं नात्मशिरो विवेद ५४ ॥

सुवर्ण के सूत्रों की नाईं पहिले हि नगर तक पहुंचे शिव के दृष्टि सूत्रों से खिंचा हुआ वह नदी हिमालय से रक्षित और शत्रुओं से न प्राप्त होने योग्य औषधि प्रस्थ को दो घड़ी में प्राप्त हुआ ५० दर्शन की उत्कंठा से ऊपर को मुंह उठाए नागर जनों से देखा और कंठ में नये मेघ की नाईं नीलवर्ण वह महादेव आकाश मार्ग से उतर के औषधि प्रस्थ की समीप भूमि पर प्राप्त हुआ ५१ महादेव का आगमन सुन के वह सब पर्वतों का राजा हिमालय फूलों से भरे अपने शिखरों की नाईं बड़े बड़े धनी संबंधियों को चढ़ा हाथियों की सेना साथ लियें आगे से लेने गया ५२ कपाट खुले उस नगर द्वार पर एक सेतु (पुल) तोड़ने से जलों के दो प्रवाहों की नाईं देवताओं और पर्वतों के समूह शंख नगीआदि के बड़े बड़े शब्द करते एक बारगी वहां पहुंचे ५३ त्रिलोकी में सब के प्रणाम करने योग्य महादेव को प्रणाम करते देख के हिमालय लज्जित हुआ परंतु उस की महिमा से पहिले हि झुका हुआ अपना सिर उसने नहीं जाना ५४ ॥

स प्रीतियोगाद्विकसन्मुखश्री र्जामातुरग्रेसरता
मुपेत्य प्रावेशयन्मन्दिरमृद्धमेन मागुल्फकीर्णा
पणमार्गपुष्पम् ५५ तस्मिन्मुहूर्ते पुरसुन्दरी-
णा मीशानसन्दर्शनलालसानाम् प्रासादमा
लासु बभूवुरित्थं त्यक्तान्यकार्याणि विचेष्टिता
नि ५६ आलोकमार्गं सहसा व्रजन्त्या कयाचि
दुद्वेष्टनवान्तमाल्यः बद्धुं न सम्भावित एव ता
वत् करेण रुद्धोऽपि च केशपाशः ५७ प्रसाधि
कालम्बितमग्रपाद माक्षिप्य काचिद्द्रवरागमे
व उत्सृष्टलीलागतिरा गवाक्षा दलक्तकाङ्कां प
दवीं ततान ५८ विलोचनं दक्षिणमञ्जनेन स
म्भाव्य तद्वञ्चितवामनेत्रा तथैव वातायनसन्नि
कर्षं ययौ शलाकामपरां वहन्ती ५९ ॥

प्रेम की अधिकता से बहुत प्रसन्न वह हिमालय जामा-
ता के आगे मार्ग दिखाता दिखाता पाओं की गांठ तक फूलों
से भरे हुए औषधि प्रस्थ के अंदरले मार्ग में महादेव को ले
आया ५५ उस समय महादेव के दर्शन करने में बहुत उत्कं
ठित नगर की स्त्रियां प्रासादों (महलों) की पंक्तियों पर सर्व
काम छोड़ छोड़ एक टक इस भांति महादेव को देखने ल-
गीं ५६ महादेव को देखने अति शीघ्र गवाक्ष पर जाती किसी
स्त्री ने बंधन के खुलने से फूलों के गिरने पर भी केश हा-
थों में ही पकड़ रखे और बांधे नहीं ५७ लाख के रंग से पाओं
रंगती दासी से गीले ही पाओं छीन के अतिशीघ्र गवाक्ष पर जा
ती किसी स्त्री ने गवाक्ष तक मार्ग में लाख के रंग के चिह्नों की
पंक्ति बांधदी ५८ और एक स्त्री दहिनी आंख में अंजन डाल
के बाईं आंख में डालने से बिना ही सलाई हाथ में लिये गवा
क्ष पर जा पहुंची ५९ ॥

जालान्तरप्रेषितदृष्टिरन्या प्रस्थानभिन्नांनब
बन्धनीवीम् नाभिप्रविष्टाभरणप्रभेण हस्तेन
तस्थाववलम्ब्यवासः ६० अर्द्धाचितासत्वरमु-
त्थितायाः पदेपदेदुर्निमितेगलन्ती कस्याश्चि
दासीद्रशनातदानी मङ्गुष्ठमूलार्पितसूत्रशेषा
६१ तासांमुखैरासवगन्धगर्भैर्व्याप्तान्तराःसान्द्र
कुतूहलानाम् विलोलनेत्रभ्रमरैर्गवाक्षाः सह
स्रपत्राभरणाइवासन् ६२ तावत्पताकाकुलमि
न्दुमौलिरुत्तोरणंराजपथंप्रपेदे प्रासादशृङ्गा-
णिदिवाऽपिकुर्वन् ज्योत्स्नाभिषेकद्विगुणद्युती
नि ६३ तमेकदृश्यंनयनैःपिबन्त्यो नार्योनजग्मु
र्विषयान्तराणि तथाहिशेषेन्द्रियवृत्तिरासां स
र्वात्मनाचक्षुरिवप्रविष्टा ६४ ॥

और दूसरी स्त्री खुल के स्थान से हिली हुई धोती की गांठ को ना
भि में भूषणों के किरण पहुंचाते हाथ से पकड़े बिना बांधे ही
गवाक्ष में देखती खड़ी रही ६० उस समय अति शीघ्र उठ के देख
ने जाती किसी स्त्री की आधी पोई माला का वेग से पाउं पाउं के
फेंकने से मणियों के गिरने पर पाउं के अंगूठे में बंधा सूत्र ही
शेष रह गया ६१ बहुत उत्कण्ठित उन स्त्रियों के मद्य के गंध से भ
रे, भौंरों के तुल्य चंचल नेत्रों से शोभित,, मुखों से भरे हुए गवा
क्ष खिले हुए कमलों से भूषित मालूम होते थे ६२ इतने में दि
न में भी चंद्रमा की किरणों से प्रासादों (महलों) के शिखरों की
दूनी शोभा बढ़ाते महादेव बहुत ऊंची ध्वजाओं और तोरणों से
शोभायमान राजमार्ग में पहुंचे ६३ अति सुंदर उस महादेव को
नेत्रों से पान करती स्त्रियों ने उस समय और कोई विषय शब्द स्प
र्श आदि नहीं ग्रहण किया इस से प्रतीत हुआ कि श्रोत्र आदि स
ब इंद्रियों के व्यापार चक्षु में ही आगये थे ६४ ॥

स्थाने तपो दुश्चरमेतदर्थं मपर्णया पेलवयापि तप्तम् या दास्यमप्यस्य लभेत नारी सा स्यात्कृतार्था किमुताङ्कशय्याम् ६५ परस्परेण स्पृहणीयशोभं न चेदिदं द्वन्द्वमयोजयिष्यत् अस्मिन्द्वये रूपविधानयत्नः पत्युः प्रजानां विफलोऽभविष्यत् ६६ न नूनमारूढरुषा शरीरमनेन दग्धं कुसुमायुधस्य व्रीडादमुं देवमुदीक्ष्य मन्ये संन्यस्तदेहः स्वयमेव कामः ६७ अनेन सम्बन्धमुपेत्य दिष्ट्या मनोरथप्रार्थितमीश्वरेण मूर्धानमालि क्षितिधारणोच्चमुच्चैस्तरं वक्ष्यति शैलराजः ६८ इत्योषधिप्रस्थविलासिनीनां शृण्वन्कथाः श्रोत्रसुखास्त्रिनेत्रः केयूरचूर्णीकृतलाजमुष्टिं हिमालयस्यालयमाससाद ६९ ॥

अति सुकुमार शरीर से भी पार्वती ने महादेव के लिये बहुत कठिन तपस्या की यह बात योग्य ही थी क्यों कि जो स्त्री इन की दासी बन जावे तो वह कृतार्थ होजाती है और जो इनके अंक (गोद) में सोती है उस के कृतार्थ होने में क्या संदेह है ६५ परस्पर प्रशंसा के योग्य यह स्त्री पुरुष का संबंध जे कभी ब्रह्मा न करवाता तो इन दोनों के अति सुंदर रूप उपजाने में ब्रह्मा का यत्न व्यर्थ होता ६६ यह बात हमें निश्चित प्रतीत होती है कि कामदेव के शरीर को महादेव ने क्रोध की अग्नि से नहीं भस्म किया किंतु शिवजी का सौंदर्य देख के काम ने लज्जा से आप ही देह त्याग दिया है ६७ कोई बोली कि यह बहुत आनंद हुआ है जो इस परमेश्वर के साथ वांछित संबंध को प्राप्त होके हिमालय आज से पृथ्वी धारने से ऊंचे शिखरों को बहुत ही ऊंचे धारेगा ६८ इस भांति ओषधिप्रस्थ में कानों को सुख देती स्त्रियों की बातें सुनते २ महादेव कन्याओं के फेंकी लज्जा भी जहां केयूरों से चूर्ण हुए बिना भूमि पर नहीं गिरतीं ऐसे देवताओं और भक्तों से भरे हिमालय के घर में पहुंचे ६९ ॥

नत्रावतीर्य्याच्युतदत्तहस्तः शरद्घनाद्दीधितिमा
निवोक्षणः क्रान्तानिपूर्वं कमलासनेन कक्ष्यान्तरा
ण्यद्रिपतेर्विवेश ७० तमन्वगिन्द्रप्रमुखाश्च देवाः
सप्तर्षिपूर्वाः परमर्षयश्च गणाश्च गिर्यालयमभ्य
गच्छन्प्रशस्तमारम्भमिवोत्तमार्थाः ७१ तत्रेश्वरोवि
ष्टरभाग्यथावत् सरत्नमर्घ्यंमधुमच्चगव्यम् नवेदु
कूलेचनगोपनीतं प्रत्यग्रहीत्सर्वममन्त्रवर्जम् ७२
दुकूलवासाः सवधूसमीपं निन्येविनीतैरवरोधद
क्षैः वेलासमीपंस्फुटफेनराजि र्नवैरुदन्वानिवच
न्द्रपादैः ७३ तयाप्रवृद्धाननचन्द्रकान्त्या प्रफुल्लच-
क्षुःकुमुदःकुमार्य्या प्रसन्नचेताःसलिलःशिवोऽभू
त् संसृज्यमानःशरदेवलोकः ७४ ॥

वहां शरत ऋतु के मेघ से सूर्य की नाईं विष्णुभगवानका हाथ प
कड़े नंदी से उतर के महादेव ब्रह्मा जी के पीछे २ सब द्वार लंघ के हि
मालय के अंदर गये ७० महादेव के पीछे इंद्रादि देवता उनके पीछे
सप्तर्षि आदि बड़े बड़े ऋषीश्वर और इन के पीछे सारे प्रमथ गण सफ
ल प्रारंभ में उत्तम अर्थों की नाईं हिमालय के घर में सब गये ७१
वहां आसन पर बैठ के महादेव ने विधिपूर्वक मंत्र पढ़ के हिमा-
लय के अर्पणकिये रत्नों से भरा अर्घ्य, मधुपर्क और नये दो वस्त्र
ले लिये ७२ अंतःपुर के कामों में चतुर भलीभांति शिक्षित भृ-
त्य महादेव को पार्वती के पास ले गये जैसे नये चंद्रमा के किरण
फाग से भरे समुद्र को तीर पर पहुंचाते हैं ७३ पूर्ण चंद्रमा के समा
न अतिसुंदर पार्वती का मुख देख के महादेव के कुमुद के तुल्य
नेत्र खिल गये और शरद ऋतु में जलों की नाईं शिवजी का
अंतःकरण अतिनिर्मल (प्रसन्न) हुआ ७४ ॥

तयोः समापत्तिषु कातराणि किञ्चिद्व्यवस्थापि
तसंहृतानि ह्रीयन्त्रणांतत्क्षणमन्वभूव न्नन्योन्य
लोलानिविलोचनानि ७५ तस्याः करंशैलगुरू
पनीतं जग्राहताम्राङ्गुलिमष्टमूर्त्तिः उमातनौगू
ढतनोःस्मरस्य तच्छङ्किनः पूर्वमिवप्ररोहम्
७६ रोमोद्गमःप्रादुरभूदुमायाः स्विन्नाङ्गुलिःपुङ्ग
वकेतुरासीत् वृत्तिस्तयोःपाणिसमागमेन सम-
विभक्तेवमनोभवस्य ७७ प्रयुक्तपाणिग्रहणंय
दन्यद्वधूवरंपुष्यतिकान्तिमग्र्याम् सान्निध्ययो
गादनयोस्तदानीं किंकथ्यतेश्रीरुभयस्यतस्य
७८ प्रदक्षिणप्रक्रमणात्कृशानोरुदर्चिषस्तन्मि
थुनंचकाशे मेरोरुपान्तेष्विववर्त्तमान मन्योन्यसं
सक्तमहस्त्रियाम् ७९ ॥

स्वभाव से मिलजाने में कातरथोड़े स्थिर कर के हटाए हुए महा
देव और पार्वती के चंचल नेत्र परस्पर लज्जा से संकुचित हुए ७५
महादेव से डर कर पार्वती के शरीर में छिपे हुए कामदेव के पहि
ले अंकुर की नाईं दान कर दिया पार्वती का ताम्रवर्ण पाणि (हा-
थ) पुरोहित की आज्ञा से महादेव ने ग्रहण किया ७६ पाणिग्र-
हण (विवाह) के समय पार्वती का शरीर रोमांचित हुआ और महा
देव के हाथ में अंगुलियों तक पसीना आगया मानों एक क्षण में
ही दोनों के चित्तों में काम की अवस्था प्रगट हुई ७७ विवाह के स
मय महादेव और पार्वती की समीपता से साधारण वहू वर भी अ-
ति मनो हर शोभा को प्राप्त होते हैं तो साक्षात् गौरी वहू और शंक-
र वर इन की शोभा क्या ही कहें ७८ बड़ी बड़ी ज्वालाओं से व्याप्त
अग्नि की परिक्रमा करने से महादेव और पार्वती सुमेरु पर्वत के
पास वर्तमान आपस में मिले हुए दिन रात की नाईं शोभित
हुए ७९ ॥

तौ दम्पती त्रिः परिणीय वह्नि मन्योन्यसंस्पर्शनि
मीलिताक्षौ स कारयामास वधूं पुरोधा स्तस्मि
न्समिद्धार्चिषि लाजमोक्षम् ८० सा लाजधूमाञ्ज
लिमिष्टगन्धं गुरूपदेशाद्वदनं निनाय कपोल
संसर्पिशिखः स तस्या मुहूर्तकर्णोत्पलतां प्रपे
दे ८१ तदीषदार्द्रारुणगण्डलेख मुच्छ्वासिका
लाञ्जनरागमक्ष्णोः वधूमुखं क्लान्तयवावतं
समाचारधूमग्रहणाद्बभूव ८२ वधूं द्विजः प्राह
तवैष वत्से वह्निर्विवाहंप्रतिकर्मसाक्षी शिवेन भ
र्त्रा सह धर्मचर्या कार्या त्वया मुक्तविचारयेति ८३
आलोचनान्तं श्रवणे वितत्य पीतं गुरोस्तद्वचनं
भवान्या निदाघकालोल्बणतापयेव माहेन्द्र
मम्भः प्रथमं पृथिव्या ८४ ॥

परस्पर स्पर्श के सुख से आंखें मीचे वे स्त्री पुरुष जब अग्नि की तीन परिक्रमा कर चुके तो पुरोहित ने उस प्रज्वलित अग्नि में वहू (पार्वती) से लाजा (फलिया) फेंकवाई ८० पुरोहित की आज्ञा से पार्वती ने अपना मुख मनोहर गंधि से युक्त लाजा के धूम के सामने किया कपोलों तक शिखा पहुंचने से वह धूम दो घड़ी कान में पहिने नीलकमल की नाईं शोभित हुआ ८१ इस आचार धूम के लेने से पार्वती के कपोलों पर पसीने में लाल रेखा मालूम हुई, आंखों से काला अंजन बह पड़ा और कानों में पहिने यवों के अंकुर मुरझाये ८२ पुरोहित ने पार्वती से कहा कि हे पुत्रि यह अग्नि तेरे विवाह कर्म में साक्षी है इससे अपने स्वामी महादेव के साथ तुझे सब विचार छोड़ के धर्म आचरण करना चाहिये ८३ पार्वती ने गुरु (पुरोहित) की यह बात आंखों तक कान फैला के भली भांति सुनी जैसे ग्रीष्म के समय बहुत तपी भूमि वर्षा के पहिले जल को पी जाती है ८४ ॥

ध्रुवेण भर्त्रा ध्रुवदर्शनाय प्रयुज्यमाना प्रिय
दर्शनेन सा दृष्ट इत्याननमुन्नमय्य ह्रीसन्नक
ण्ठी कथमप्युवाच ८५ इत्थं विधिज्ञेन पुरोहितेन
प्रयुक्तपाणिग्रहणोपचारौ प्रणेमतुस्तौ पितरौ
प्रजानां पद्मासनस्थाय पितामहाय ८६ वधूर्वि
धात्रा प्रतिनन्द्यते स्म कल्याणि वीरप्रसवा भवेति
वाचस्पतिः सन्नपि सोऽष्टमूर्तौ त्वाशास्यचिन्ता-
स्तिमितो बभूव ८७ क्लृप्तोपचारां चतुरस्रवेदीं
तावेत्य पश्चात्कनकासनस्थौ जायापती लौकि
कमेषणीयमार्द्राक्षतारोपणमन्वभूताम् ८८
पत्रान्तलग्नैर्जलबिन्दुजालैराकृष्टमुक्ताफल
जालशोभम् तयोरुपर्यायतनालदण्डमाध
त्त लक्ष्मीः कमलातपत्रम् ८९ ॥

मनोहर मूर्ति उत्पत्ति और विनाश से रहित भर्त्ता (महादेव) की प्रे
रणा से ध्रुव देखने के लिये मुख को ऊपर उठा के लज्जा करके कं
ठ के रुकने से पार्वती ने बहुत श्रम से यह कहा कि देख लिया ८५ वि
वाह आदि कर्म कराने में चतुर पुरोहित ने जब इस भांति विवाह सम
त किया तो जगत के माता और पिता गौरीशंकर ने पद्मासन पर बै
ठे ब्रह्मा को प्रणाम की ८६ ब्रह्मा ने बहू (पार्वती) को यह आशी
र्वाद दिया कि तू शूर वीर पुत्र को उत्पन्न कर परन्तु वाणी का स्वामी
भी ब्रह्मा महादेव को आशीर्वाद देने के लिये कुछ ना विचार सका ८७ इस
के अनंतर पुष्पों की अनेक रचनाओं से शोभित चार कोण की वेदी
में जा के स्वर्ण के आसन पर बैठे स्त्री और पुरुष (गौरी शंकर) ने इन्हों
ने लौकिक आशीर्वाद पढ़ के दिये आर्द्र (गीले) अक्षत ग्रहण किये
८८ पत्तों की सीमाओं पर लगे बिंदुओं से मोतिओं की डोर लंबे नाल
से दंड की शोभा को खेंचते कमल को पार्वती और महादेव के
उपर छत्र की नांईं लक्ष्मी ने अपने हाथ से धारण किया ८९ ॥

द्विधाप्रयुक्तेन च वाङ्मयेन सरस्वती तन्मिथुनं नुनाव संस्कारपूतेन वरं वरेण्यं वधूं सुखग्राह्य निबन्धनेन ९० तौ सन्धिषु व्यञ्जितवृत्तिभेदं रसान्तरेषु प्रतिबद्धरागम् अपश्यतामप्सरसां मुहूर्तं प्रयोगमाद्यं ललिताङ्गहारम् ९१ देवास्तदन्ते हरमूढभार्यं किरीटबद्धाञ्जलयो निपत्य शापावसाने प्रतिपन्नमूर्तेर्ययाचिरे पञ्चशरस्य सेवाम् ९२ तस्यानुमेने भगवान्विमन्युर्व्यापारमात्मन्यपि सायकानाम् कालप्रयुक्ता खलु कार्यविद्भिर्विज्ञापना भर्तृषु सिद्धिमेति ९३ अथ विबुधगणांस्तानिन्दुमौलिर्विसृज्य क्षितिधरपतिकन्यामाददानः करेण कनककलशरक्षाभक्तिशोभासनाथं क्षितिविरचितशय्यं कौतुकागारमागात् ९४

सरस्वती ने दो भांति की वाणी से इन दोनों (स्त्रीपुरुष) की स्तुति की अर्थात् प्रकृति प्रत्यय से सिद्ध संस्कृत वाणी से वर (महादेव) की और सहज से समझने योग्य प्राकृत से वधू (पार्वती) का स्तव किया ९० मुख प्रतिमुख आदि संधियों में कैशिकी आदि वृत्तियों को प्रकट करती शृंगार आदि रसों के योग्य पृथक् पृथक् राग मनोहर अंग फेंक फेंक गाती अप्सराओं का नाटक दो घड़ी गौरी और महादेव ने देखा ९१ नाटक से पीछे सारे देवताओं ने सिर पर अंजलियें बांध विवाही वधू लिये जाते महादेव को प्रणाम कर के शाप के अंत में शरीर धारी काम की सेवा का स्वीकार शिव जी से मांगा ९२ क्रोध रहित महादेव ने कामदेव के बाणों का व्यापार अपने में भी मान लिया क्योंकि बुद्धिमान पुरुष अवसर देख के जो प्रार्थना स्वामी के पास करते हैं वह सफल ही हो जाती है ९३ इतने में ही सब देवताओं को विदा कर के पार्वती का हाथ पकड़े चंद्रमौलि (महादेव) स्वर्ण के कलशों, अनेक भांति की फूलों की रचनाओं और भूमि पर बिछी शय्या से शोभायमान कौतुकागार (सोने के घर) में गये ९४ ॥

नवपरिणयलज्जाभूषणांतत्रगौरीं वदनमप हरन्तींतत्कृताक्षेपमीशः अपिशयनसखीभ्यो दत्तवाचंकथंचित् प्रमथमुखविकारैर्हासया मासगूढम् ९५ ॥ इतिश्रीकालिदासकृ- तौमहाकाव्येउमाप्रदानोनामसप्तमःसर्गः ७ ॥

उस कौतकागार मे ईश्वर (महादेव) ने नये विवाह की लज्जा से भूषित, स्वामि के हाथ से ऊपर उठाए मुख को तिरछे घुमाय कर प्यारी सखियों को बड़े क्लेश से उत्तर देती पार्वती को गणों के अति विलक्षण टेढ़े मेढ़े मुंह दिखा कर छल से हंसा दि- या ९५ ॥ इति पं॰ सावदयालु का बनाया कुमारसंभव के सातवें सर्ग का हिंदी में अनुवाद समाप्त हुआ ॥